e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 21
रविवार
21.01.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

तुम फुटबॉल के जरिए स्वर्ग के ज्यादा निकट होगे, बजाए गीता का अध्ययन करने के।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### अलग अलग सडक हादसों में तीन की मौत

**जोधपुर :** कमिश्नरेट में अलग अलग सडकों में तीन लोगों की मौत हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने कार्रवाई के उपरांत शव उनके परिजन को सुपुर्द किया। मंडोर पुलिस ने बताया कि रूपावतों का बास सूरसागर निवासी लदीप सिंह पुत्र हीरालाल सोलंकी की तरफ से रिपोर्ट दी गई कि उसका भतीजा रूपाबवो का बास काली बेरी का रहने वाला 24 वर्षीय योगेश पुत्र नरेंद्रसिंह अपनी स्कूटी लेकर डांगियावास मजदूरी के लिए जा रहा था। तब बालसमंद रोड पर एक ट्रक के चालक ने चपेट में ले लिया। उसके हेलमेट पहना हुआ था। वह गाड़ी के दाहिने तरफ गिरा और उसका पैर कट गया। अत्यधिक खून रिसने पर उसे तत्काल एमजीएच लाया गया। मगर उसको डॉक्टर ने मृत बता दिया। पुलिस में नामजद ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दी गई है।

### शिमला में पांच मंजिला भवन धराशाई

**शिमला :** आपदा की मार झेल चुके हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में सर्दियों के शुष्क मौसम में भूस्खलन की एक बड़ी घटना सामने आई है। शिमला ग्रामीण क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत घंडल में एक पांच मंजिला मकान पलभर में जमीदोज हो गया।शिमला-बिलासपुर नेशनल हाइवे के किनारे सोलह मील नामक स्थान पर बना यह भवन शनिवार को दिन में ताश के पत्तों की तरह भरभराकर धराशायी हो गया। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ है। इस भवन में लॉ कॉलेज के छात्र रहते थे। एक हफ्ता पहले दरारों के कारण इस भवन को खाली करवा दिया गया था। इसके ध्वस्त होने से इससे सटी धामी डिग्री कॉलेज का भवन भी खतरे की जद में आ गया है। कॉलेज भवन में बड़ी दरारें पड़ गई हैं। धराशायी हुआ पांच मंजिला भवन का मालिक राजकुमार शर्मा है।

### टाटा ग्रुप 2028 तक आईपीएल का टाइटल प्रायोजक बना रहेगा

**नई दिल्ली :** टाटा समूह ने अगले पांच वर्षों (2024-28) के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शीर्षक प्रायोजन अधिकार हासिल कर लिए हैं। ग्रुप ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ 2500 करोड़ रुपये के अनुबंध का नवीनीकरण किया है।बीसीसीआई ने एक आधिकारिक बयान में कहा,बीसीसीआई ने शनिवार को टाटा ग्रुप को पांच साल की अवधि के लिए इंडियन प्रीमियर लीग के शीर्षक प्रायोजन अधिकार प्रदान किए। विभिन्न कार्यक्षेत्रों वाले भारतीय समूह ने 2500 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड-तोड़ मूल्य पर बीसीसीआई के साथ अपने सहयोग को नवीनीकृत किया है - जो लीग के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक प्रायोजन राशि है। टाटा समूह के पास पहले 2022 और 2023 में आईपीएल के लिए शीर्षक प्रायोजन अधिकार थे और वह दुनिया की सबसे बड़ी महिला टी20 लीग, महिला प्रीमियर लीग का शीर्षक प्रायोजक भी है।

### लोकसभा चुनाव में दूसरे दलों से समझौता नहीं करेगी बसपा: मायावती

**लखनऊः** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को फिर दोहराया कि उनकी पार्टी किसी भी हालत में लोकसभा चुनाव में दूसरे दलों से समझौता नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यह फैसला पूर्व में अन्य दलों से किए गए गठबंधन के कड़वे अनुभवों से सबक लेते हुए किया है। उन्होंने कहा कि अन्य दलों के साथ गठबंधन से संगठन का मिशन कमजोर होता है और पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं का मनोबल भी टूटता है।मायावती ने लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड इकाई के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान मायावती ने एक बार फिर दोहराया कि पार्टी अपने बलबूते लोकसभा चुनाव लड़ेगी और बेहतर रिजल्ट लाने की जिम्मेदारी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की होगी। उन्होंने गठबंधन को लेकर पार्टी पदाधिकारियों को निराधार और भ्रामक खबरों से भी दूर रहने की नसीहत दी।

### रंगनाथस्वामी मंदिर में हाथी ने किया पीएम मोदी का स्वागत

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तमिलनाडु के तिरुचिलापल्ली में रंगनाथस्वामी मंदिर के दर्शन करने पहुंचे। भगवान विष्णु की पूजा के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण मंदिरों में से एक है। मंदिर की परिसर में अंदल नाम के हाथी ने पीएम का स्वागत किया। पीएम मोदी ने उसे गुड़ खिलाया और आशीर्वाद भी लिया। पीएम मोदी ने मंदिर में पूजा की और कंबा रामायण के दोहे भी सुने। इस दौरान पीएम मोदी को पारंपरिक पोशाक में देखा गया। मंदिर में आगमन के दौरान भीड़ ने पीएम मोदी का स्वागत किया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्युनतम | 10° |

---

सीएम से ईडी ने 7 घंटे तक की पूछताछ

# हम नहीं हैं किसी से डरने वाले : हेमंत

## पूछताछ के दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं का फूटा गुस्सा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को ईडी की टीम कांके रोड स्थित सीएम आवास पर पूछताछ की. ईडी की टीम 8 गाड़ी से सीएम आवास पहुंची. वहीं दिल्ली से आए तीन अधिकारी भी टीम के साथ मौजूद रहे. ईडी की टीम दोपहर एक बजे सीएम आवास में घुसी. इस दौरान विधि-व्यवस्था के साथ ईडी ऑफिस व अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर पूरी तैयारी थी.मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी के द्वारा पूछताछ का सिलसिला करीब 7 घंटे तक चला. बताया जा रहा है कि 7¬15 बजे शाम को ईडी के अधिकारी सारे सवाल और जवाब के लिखे हुए कागजात और फाइल लेकर मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकले.बताया जा रहा है की जमीन संबंधित मामलों में मुख्यमंत्री से ईडी ने पूछताछ की. बताया यह भी जा रहा है कि जितने सवाल मुख्यमंत्री से पूछा गया वह जवाब लिखित तौर पर रख लिया गया है। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री से जितने सवाल ईडी ने पूछे, सभी के जवाब देने में मुख्यमंत्री सफल रहे। पूछताछ खत्म होने के बाद सीएम बाहर निकले और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि हम किसी से डरने वाले नहीं हैं. ईडी ऑफिस से लेकर मुख्यमंत्री आवास के बाहर सुरक्षा में कुल 900 पुलिस अफसर और जवान तैनात किये गये थे. ईडी ऑफिस और मुख्यमंत्री आवास के बाहर बैरेकेडिंग की गयी थी.पूछताछ के दौरान जैसे-जैसे समय गुजर रहा था वैसे वैसे मुख्यमंत्री के सारे विधायक आवास पहुंचने लगे. वहीं मुख्यमंत्री के प्रति श्रद्धा रखने वाले झामुमो कार्यकर्ताओं ने भी झंडा बैनर के साथ आवास पहुंचे और नारेबाजी की.रांची की सड़को पर झामुमो कार्यकर्ताओं का भीड़ देखने को मिली. मुख्यमंत्री के खिलाफ हो रही ईडी की कार्रवाई का विरोध करते दिखे.बता दें कि सीएम से पूछताछ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर ईडी ने मुख्य सचिव, डीजीपी और रांची एसएसपी को भी पत्र लिखा था. ईडी के पत्र मिलने के बाद रांची पुलिस के द्वारा सीएम हाउस, ईडी के रांची जोनल ऑफिस के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे.



### मंत्री व विधायकों की लगी रही भीड़

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ से पहले हेमंत सोरेन से मिलने मंत्री और विधायक पहुंच गये थे।। सबसे पहले मंत्री जोबा मांझी, बन्ना गुप्ता, चंपई सोरेन, सत्यानंद भोक्ता, विधायक निलय पूर्ति, राजेश कच्छप, इरफान अंसारी सहित कई विधायक, मुख्यमंत्री के करीबी सहित महाधिवक्ता राजीव रंजन और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी।

### युवक ने की आत्मदाह की कोशिश

इस बीच सीएम के समर्थन में आत्मदाह की चेतावनी देने वाला युवक गढ़वा से रांची पहुंचा. जिसे पुलिस के जवानों ने हिरासत में लेते हुए अरगोड़ा थाना को सौंप दिया. बता दें कि युवक ने पहले ही ईडी के अधिकारियों को चिट्ठी लिखकर कहा था कि यदि मुख्यमंत्री को किसी ने छुआ भी तो वह आत्मदाह कर लेगा.

---

# स्थानीय को निजी क्षेत्र में रोजगार देने की ओर अग्रसर राज्य सरकार

## 2500 युवाओं को कल ऑफर लेटर सौंपेंगे सीएम

## * रांची के कुल्ही गांव की बदल रही है तस्वीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत नियोजन सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार लगातार आगे बढ़ रही है। इस कड़ी को और मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सोमवार को 2500 युवाओं को निजी क्षेत्र में ऑफर लेटर सौपेंगे। खेलगाँव स्थित टाना भगत स्टेडियम में कौशल प्राप्त युवाओं को अरविंद टेक्सटाइल, किशोर एक्सपोर्ट, श्री गणपति क्रिएशन, अर्बन डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, मैट्रिक्स क्लोथिंग, वेलेंसिया अपैरल्स एवं ओरिएंट क्राफ्ट टेक्सटाइल कंपनियों के लिए ऑफर लेटर सौंपा जायेगा। इससे पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन कर करीब 56 हजार युवाओं को निजी क्षेत्र में ऑफर लेटर प्रदान किया जा चुका है।



### प्लांट्स के शुरू होने से कुल्ही गांव की बदली तस्वीर

हेमन्त सोरेन के प्रयासों का ही प्रतिफल है कि दिसंबर 2021 में राँची के ओरमांझी स्थित कुल्ही इंडस्ट्रियल एरिया में कई टेक्सटाइल प्लांट्स का शुभारम्भ किया गया था। आज उन प्रयासों से महज तीन वर्ष में 10 हजार से अधिक युवाओं को रांची में रोजगार मिला है। यहां स्थित कपड़े की फैक्ट्रियां न सिर्फ लोगों को रोजगार दे रही हैं, बल्कि उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। यहां काम करने वालों में 90 प्रतिशत महिलाएं हैं। ये सभी युवा कुल्ही स्थित अरविंद टेक्सटाइल, किशोर एक्सपोर्ट, श्री गणपति क्रिएशन, अर्बन डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, मैट्रिक्स क्लोथिंग, वेलेंसिया अपैरल्स एवं ओरिएंट क्राफ्ट की अत्याधुनिक कपड़े की यूनिट्स में काम कर अपना जीवन यापन कर रहें हैं। जिस कुल्ही गाँव में सड़क नहीं थी आज मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि ने कुल्ही गांव की तकदीर और तस्वीर दोनों ही बदल दी है। कुल्ही गांव रोशन है, लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी मिल रही है। प्रत्येक घर में रोजगार है। यहां की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर कार्य कर रहीं हैं।

### विभिन्न राज्यों से लाई गईं बेटियों और श्रमिकों को भी मिला रोजगार

इन उद्योगों में विभिन्न राज्यों में कार्य करने गई झारखण्ड की बेटियों को भी रोजगार से आच्छादित किया गया है। नियोजित बेटियां कोरोना संक्रमण काल में वापस लाई गई थीं या विभिन्न राज्यों में कार्य के दौरान उन्हें बंधक बना कर कार्य लिया जा रहा था। ऐसी सभी बेटियों को मुख्यमंत्री के निर्देश पर वापस झारखण्ड लाकर नियोजित किया गया है। उत्तराखंड के नवनिर्मित टनल हादसे से सुरक्षित रेस्क्यू किए गए कुछ श्रमिकों को भी कुल्ही स्थित प्लांट्स में रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

### विदेशों में हो रहा वस्त्रों का एक्सपोर्ट

कुल्ही इंडस्ट्रियल एरिया में संचालित वस्त्र उद्योग में यहां के हुनरमंद युवाओं और विश्व स्तरीय मशीनों से विश्व विख्यात ब्रांड्स के कपड़े बनाए जा रहे हैं। रांची से पूरे देश एवं यूके, अमेरिका, जर्मनी समेत कई देशों में यहां के बने कपड़ों को एक्सपोर्ट किया जा रहा है। रांची से ही ब्रांडेड जिंस, पैंट, शर्ट, बच्चों के कपड़े, लेडिज वेयर, वुलेन वेयर, अंडर गार्मेंट्स आदि की डिमांड देश-विदेश में है। झारखण्ड में टेक्सटाइल इंडस्ट्री यहां की बेहतरीन नई टेक्सटाइल पॉलिसी और राज्य सरकार से मिल रहे समर्थन की वजह से काफी ग्रो करेगी, जिससे आने वाले कुछ वर्षों में कुल्ही की फैक्ट्रियों की क्षमता एक लाख लोगों को रोजगार देने की होगी।

---

# विकसित भारत 2047 हमारा लक्ष्यः उप राष्ट्रपति



**एजेंसी**

**रायपुर :** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को रायपुर में इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय के 38 वें स्थापना समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 हमारा सपना नहीं, हमारा लक्ष्य है। भारत जिस विकास के साथ आगे जा रहा है, दुनिया कह रही है कि भारत आज चमकते तारे की तरह है। भारत हर क्षेत्र में वर्ल्ड लीडर है। सबसे अधिक डिजिटल ट्रांजेक्शन भारत में होते हैं। उपराष्ट्रपति ने यहां विकसित संजीवनी धान के तीन इम्यूनो बूस्टर का लोकार्पण किया। उप राष्ट्रपति ने कहा कि देश में बदलाव आया है, हमारी सोच बदल गई है। असफल होने के डर से किसी चीज को आगे नहीं बढ़ाएंगे तो आपका नुकसान कम और देश का नुकसान ज्यादा है। अगर आपने ठान ली तो बदलाव को कोई नहीं रोक पाएगा। कृषि में जितने स्टार्टअप की संभावना है, उसका इस्तेमाल करें। सभी बड़े-बड़े उद्योग इसी में जा रहे हैं।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी स्थापना समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि विकास में कृषि विश्वविद्यालय बड़ी भूमिका निभा रहा है। अनुसंधानों और उद्यमिता के विकास को प्रेरित किया है। हम कृषि विकास को नई ऊंचाइयों पर स्थापित करेंगे। 160 से अधिक फसलों को विकसित किया है। किसानों के जीवन को खुशहाल और समृद्ध बनाएंगे। पीएम मोदी ने किसानों को खुशहाल जीवन की गारंटी दी है। 18 लाख पीएम आवास बनाने की स्वीकृति दी है। पहली कैबिनेट बैठक में 3,799 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।कृषि विश्वविद्यालय के 38 वें स्थापना समारोह में शामिल हुए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इससे पहले विश्वविद्यालय परिसर में मौलश्री पौधे का रोपण किया। उप राष्ट्रपति ने कृषि स्टार्ट अप, बायोटेक और कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी उपस्थित रहे।

---

# रामलला की मूर्ति हुई स्थापित

**एजेंसी**

**अयोध्या :** राम मंदिर के उद्घाटन से पहले राम लला की नई मूर्ति स्थापित कर दी गई. रामलला का स्वरूप साक्षात राम भगवान की तरह ही प्रतीत होता है. पहली नजर में रामलला की ये मूर्ति देखने वालों को मंत्रमुग्ध कर देती है. हालांकि,अभी मूर्ति के नेत्रों और शरीर को ढककर रखा गया है.

आस्था और आध्यात्म की झलक इस मूर्ति से झलकती है. जो पहली ही नजर में राम भक्तों को आकर्षित करती है. इससे पहले 17 जनवरी को रामलला की मूर्ति राम मंदिर के गर्भगृह में लाई गई थी. मूर्ति को अंदर लाने से पहले गर्भगृह में विशेष पूजा की गई. इसके बाद 18 जनवरी को गर्भगृह में मूर्ति स्थापित किया गया.



### जर्मनी से श्रद्धालु पहुंचे अयोध्या

22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले जर्मनी से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। अयोध्या के श्रीराम मंदिर में प्रतिष्ठित करने के लिए काशी में तैयार की गई भगवान श्रीराम की स्वर्ण चरण पादुका शनिवार को अयोध्या ले जाई गई। स्वर्ण चरण पादुका लेकर काशी से प्रस्थान करने से पूर्व अन्नपूर्णा मंदिर के महंत गोस्वामी शंकर पुरी महाराज ने दोनों हाथों में स्वर्ण चरण पादुका उठाई और उसे हृदय से लगाकर देवी अन्नपूर्णा के गर्भगृह की पांच परिक्रमा की। इससे पूर्व उन्होंने गर्भगृह में लाल रंग की चुनरी पर स्वर्ण चरण पादुका को रख कर मां अन्नपूर्णा से अयोध्या प्रस्थान करने की आज्ञा मांगी।

### अयोध्या की सीमाएं सील

अयोध्या¬ राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्रतिमा की प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। पूरी अयोध्या अभेद्य किले के रूप में नजर आएगी। इसके साथ ही लखनऊ में भी धारा 144 लागू कर दी गई है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान परिसर और आगंतुकों की उच्च स्तरीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अयोध्या में भव्य राम मंदिर को कठोर सुरक्षा विवरणों से ढंक दिया गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार के विशेष सुरक्षा बल द्वारा तीन-स्तरीय सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। मंदिर की सुरक्षा के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और प्रादेशिक सशस्त्र कांस्टेबुलरी को तैनात किया गया है।

---

# पीएम के नेतृत्व में देश को तीन वर्षों में मिल जाएगी नक्सल समस्या से मुक्ति : शाह

**एजेंसी**

**गुवाहाटी :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने विश्वास जताया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगामी तीन वर्षों के भीतर नक्सल समस्या से पूरा देश शत-प्रतिशत मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान नेपाल और भूटान जैसे मित्र देशों की सीमा की सुरक्षा करने के साथ-साथ छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के नक्सल प्रभावित इलाकों में भी मुस्तैदी से ड्यूटी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ और बीएसएफ के साथ मिलकर एसएसबी ने नक्सल आंदोलन को हाशिये पर लाकर रख दिया है। गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को असम के तेजपुर स्थित एसएसबी रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर में सशस्त्र सीमा बल के 60वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा, केंद्रीय गृह सचिव, एसएसबी के महानिदेशक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। इस दौरान गृह मंत्री ने देश की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले एसएसबी के 51 वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी।



गृह मंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष ही सशस्त्र सीमा बल के पांच कर्मियों ने कर्तव्य पथ पर अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर जवानों के भरोसे पर ही देश चैन की नींद सोता है। अमित शाह ने परमवीर चक्र से सम्मानित करम सिंह की पुण्य तिथि पर उन्हें याद करते हुए कहा कि करम सिंह ने उत्तम बहादुरी का उदाहरण देते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करम सिंह की स्मृति में उनके नाम पर अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह में एक द्वीप का नाम करम सिंह आइलैंड रखा है। अमित शाह ने कहा कि आज 226 करोड़ रुपये की लागत से एसएसबी से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया गया। जिनमें 45वीं वाहिनी मुख्यालय वीरपुर, 20वीं वाहिनी मुख्यालय सीतामढ़ी, रिजर्व वाहिनी मुख्यालय बारासात में आवास, जवानों के लिए बैरक, मेस, अस्पताल, क्वार्टर गार्ड, स्टोर और गैराज जैसी सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सभी सीएपीएफ की सुविधाओं के लिए अनेक कल्याणकारी कदम उठाए हैं। गृहमंत्री ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल की 60वीं हीरक जयंती के मौके पर भारत सरकार ने एक डाक टिकट का भी विमोचन किया है।

---

# नीतीश कुमार ने घोषित की नई टीम, ललन सिंह का साफ हुआ पत्ता

**एजेंसी**

**पटना :** बिहार में चल रहे राजनीतिक घमासान के बीच जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने पार्टी की नई टीम घोषित कर दी. इस टीम में जहां ललन सिंह को जगह नहीं मिली है तो वहीं केसी त्यागी को अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं. इस टीम में पुराने नेताओं को तरजीह दी गई है. पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह को जेडीयू का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है. इसके अलावा वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद केसी त्यागी को राष्ट्रीय प्रवक्ता के साथ्क्कसाथ सीएम नीतीश का राजनीतिक सलाहकार भी बनाया गया है. सांसद आलोक कुमार सुमन को फिर से कोषाध्यक्ष बनाया गया है. इसके अलावा मंगनी लाल मंडल, रामनाथ ठाकुर, संजय झा, अली अशरफ फातमी, कहकंशा परवीन, आफाक आलम, श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, पिल हरिश्चंद्र पाटिल, राज सिंह मान, इंजीनियर सुनील कुमार और रामसेवक सिंह को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया है.



# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# ब्रह्म स्थान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश जल यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महुअरी पंचायत के ग्राम झरहा श्री ब्रह्म स्थान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह धार्मिक अनुष्ठान को लेकर शनिवार को बैंड बाजे डीजे के साथ विद्वान महात्माओं के नेतृत्व में भव्य कलश जल यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा चिरैयाखाड़ ब्रह्म स्थान से आरंभ होकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए बुधुआ सोन नदी घाट पर पहुंची जहां विद्वान पुजारियों ने वैदिक मंत्रोचार के साथ जल भरी कराया। जल भरकर श्रद्धालु पुनः पूजा स्थल पर पहुंचे जहां यज्ञाचार्य के नेतृत्व में अनुष्ठान आरंभ हुआ। कलश यात्रा के दौरान जय श्रीराम, जय हनुमान व हर-हर महादेव के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। कलश यात्रा में शामिल भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन से क्षेत्र में शांति बनी रहती है तथा वातावरण में शुद्धि आती है। यज्ञाचार्य प्रजा तिवारी ने बताया कि अनुष्ठान की पूर्णाहुति 23 जनवरी को हवन पूजा के साथ की जाएगी। इस अवसर पर महा प्रसाद सह भण्डारा का आयोजन किया गया है। अनुष्ठान के दौरान चौबीस घंटे श्री राम नाम अखंड का मंचन किया जाएगा। कलश यात्रा में मुखिया सरिता कुमारी समाजसेवी मिथलेश सिंह पंसस बद्रीनारायण सिंह तृप्ति सिंह लालधन ठाकुर ललन सिंह मनोज कुमार सिंह विनय कुमार सिंह मृत्युंजय सिंह शिवनाथ राम मुकेश सिंह उमेश चन्द्रवंशी आनंद कुमार सहित सैकड़ों संख्या में महिला पुरुष व युवा श्रद्धालु शामिल थे।

## बाबा साहेब अंबेडकर क्लब के द्वारा नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू) :** जिले के प्रखंड उटारी पांडेपुर मे बाबा साहब अंबेडकर कलब के द्वारा नॉवकाउट क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल मुकाबला खेला गया, यह टूर्नामेंट नौगढ़, बनाम पांडेपुरा के बिच हुआ। पांडेपुर के टीम ने 60 रनो से मैच को जीत लिया, वही विजेता उपबिजेता टीम को उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में बसपा प्रदेश अध्यक्ष, बिश्रामपुर मझीआव विधानसभा रहे प्रत्याशी राजन मेहता के द्वारा ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार देकर विजेता उपविजेता टीम को सम्मानित श्री मेहता के द्वारा किया गया। इस टूर्नामेंट में उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए श्री मेहता ने बोला जीत हार एक सिक्के के दो पहलु है, परिश्रम करने वाले को कभी हार नहीं मानना चाहिये। खिलाड़ियों को हर समय हर क्षेत्र में मनोबल ऊंचा रखने की बात कही, टूर्नामेंट में उपस्थित मुखिया डॉ रामबचन राम, बसपा प्रखंड उटारी अध्यक्ष विजय राम, बिंदु राम, धनजय रवि, विकास रवि, शायबिहारी गुरूजी, दसरथ पासवान, संजय मेहता, बब्लु मेहता, रास्ट्रीय नाई महासभा के पलामू जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर, हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थिति थे।

## डाक्टर सीमा को किरण प्रसाद ने दी बधाई



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डाक्टर सीमा को ह्यूमन राइट्स काउंसिल ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट बनाये जाने पर अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के प्रदेश अध्यक्ष किरण प्रसाद ने मुलाकात कर बधाई दिया है, किरण प्रसाद ने बताया कि अनुसूचित जाति के साथ हो रहे मानवाधिकार हनन खास कर महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचार एवं जुल्म को इनके साथ मिलकर काम करेंगे, डाक्टर सीमा ने भी हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया है। किरण ने हरिहरगंज के युवा व्यवसायी शुभम कि गोली मारकर हत्या किये जाने के मामले में घटना कि निंदा करते हुए कहा घटना कि जितनी भी निंदा कि जाये कम है, उन्होंने प्रशासन से अविलंब अपराधियों कि गिरफ्तारी कि मांग किया है। डाक्टर सीमा मेदिनीनगर शहर कि निवासी हैं।

## भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन

**पड़वा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 22 जनवरी को अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के कजरी स्थित देवी मंडप में भजन कीर्तन व भंडारा का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी त्रिभुवन पाठक ने दी. बताया की प्रभु श्रीराम भक्तो द्वारा सुबह में पूजा पाठ भजन कीर्तन होगा उसके बाद भंडारे का आयोजन होगा। रात्रि में प्रत्येक घरों में दीप जलाया जायेगा. कहा की सदियों से प्रभु श्री राम के जन्म स्थल पर भव्य मंदिर के साथ प्रभु की स्थापना का सपना पूरा हो रहा है। सनातन धर्म प्रेमियों के लंबे संघर्ष के बाद यह क्षण आने वाला है। इस ऐतिहासिक क्षण को ऐतिहासिक बनाने के लिए इस तरह का आयोजन किया जा रहा।

# अधिकारियों के मनमानी तरीके से बिना प्राथमिकता तय किए सूची बनाने का मुखिया संघ ने जताया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मुखिया संघ के अध्यक्ष फिरदोस अंसारी के नेतृत्व में प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया ने बीडीओ को मांग पत्र देकर अबुआ आवास के लिये ग्राम सभा के बिना सहमति के राज्य सरकार के अधिकारियों के मनमानी तरीके से बिना प्राथमिकता तय किये सूची उपलब्ध कराने पर विरोध जताते हुये ग्रामसभा में प्राथमिकता के आधार पर अबुआ आवास का चयन करने की मांग किया है.जिससे कि सरकार का कच्चा घर वाले को पक्का घर देने का सपना पूरा हो सके. मुखिया द्वारा बीडीओ को दिये आवेदन में कहा गया है कि प्रखंड के सभी पंचायतों में अबुआ आवास का सर्वे कराया गया लेकिन सर्वे करने वाले अधिकारी को,न ही मुखिया को जानकारी दिया गया कि सर्वे में स्कोर तय करना है.जबकि सर्वे कर्ता केवल योग्य अयोग्य लाभुकों का चयन किये.सरकार के आदेश के आलोक में सभी पंचायतों में ग्रामसभा कर प्राथमिकता तय करने का आदेश दिया गया,लेकिन ग्रामसभा के प्राथमिकता को दर किनार करते हुये मनमानी तरीके से स्कोर बैठाकर प्राथमिकता तय कर सूची तैयार कर दिया गया। जबकि एसी, एसटी, ओबीसी, मैन्यूरिटी व सामान्य कैटगरी तय करने में भी अनियमितता बरती गई। ग्रामसभा में मृत व्यक्ति का नाम हटाने के बाद भी उनका नाम प्राथमिकता सूची में देखा जा रहा है। प्राथमिकता तय करने में अमीर व्यक्ति का नाम सूची में ऊपर तथा गरीब, विधवा, निशक्त व बेघर वाले लोगों का नाम नीचे कर दिया गया है.सूची सार्वजनिक किये जाने के बाद गरीब लोगों में आक्रोश है। इस आशय की प्रति अनुमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त व जिले के उपायुक्त को दिया है। मौके पर मुखिया फिरदोस अंसारी, सबिता देवी, विवेक कुमार, ओम प्रकाश उरांव, मनोज कुमार ठाकुर, सुशीला देवी, सनिधा सोनी, सुनीता देवी, सविष्टयानी देवी, कुमारी रेखा, उषा देवी व अनुराधा देवी उपस्थित थे।

# बजरंग बली की पांच फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सलतुआ पंचायत मे शनिवार को बजरंग बली का मुर्ति अध्यक्ष तुलसी प्रसाद के द्वारा स्थापित किया गया। पूजन को विधि विधानपूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्य देवेंद्र पाठक, शिव शंकर पाठक, मुकेश मिश्रा के द्वारा किया गया। मौके पर श्रद्धालु ने चैनपुर प्रमुख गायत्री देवी सहित मुखिया रेवंती देवी के नेतृत्व मे सरोजा देवी, रिंकी देवी, अस्मिता देवी, प्रतिमा देवी, अनिता देवी, ललिता देवी, सरिता देवी, रमनी देवी, वृदां कुवंर, ध्रूप कुमार गुप्ता, तुलसी प्रसाद, संतोष कुमार, गुप्ता हिरा, प्रसाद वृज, किशोर प्रसाद, छत्रधारी प्रसाद, कन्हाई प्रसाद, उमेश प्रसाद ने कलश लेकर गाजे बाजे के साथ श्रृद्धालु सलतुआ गांव का भ्रमण करते हुए तहले नदी तक पहुंचे और नदी से जल उठाया और जल लेकर डैनी पहाड़ के पास बजरंग बली मंदिर पर श्रृद्धालु पहुंचे।जहां पंडित देवेंद्र पाठक, शिव शंकर पाठक, मुकेश मिश्रा ने मंत्रो उच्चारण के साथ बजरंग बली का मुर्ति को पांच श्रृद्धालु से कलश का जल से स्नान कराकर मुर्ति को स्थापित कराया और सभी श्रृद्धालु आरती किए। मौके पर बजरंग बली कमिटी के अध्यक्ष तुलसी प्रसाद ने कहा कि रविवार को प्राण प्रतिष्ठा के बाद सोमवार को भव्य भंडारा का कार्यक्रम का आयोजन दिन के 2 बजे से चालू किया जाएगा जो रात्रि 7 बजे तक जारी रहेगा। प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि चैनपुर प्रखंड के हिन्दू धर्म वासी अपने धर्म के प्रति जागरूक हो रहा हैं इसी तरह हिंदू भाई मिल जुलकर अपने धर्म के प्रति प्रतिबद्ध रहे तो इसी प्रकार मंदिर का जन संख्या अनुसार जीर्णोद्वार होता रहेगा जिसका सहयोग के लिए हम हमेशा प्रतिबद्ध रहेंगे।

## स्थगित सेविका चयन को पुनः ग्राम सभा आयोजन कर चयन कराने की मांग मुखिया सहित ग्रामीणों ने की

**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह,उप मुखिया दयानंद विश्वकर्मा,वार्ड सदस्य प्रभा देवी, फूल कुमारी देवी सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन शनिवार को उपायुक्त गढ़वा, समाज कल्याण गढ़वा एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी भवनाथपुर-केतार को ताली ग्राम में 18 जनवरी 2024 को आंगनबाड़ी सेविका चयन के लिए हो रहे ग्राम सभा को चयन प्रक्रिया से पहले ही प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी के द्वारा स्थगित कर दिया गया था। उसी को लेकर पुनः ग्राम सभा करने की मांग लोगों ने किया है। गौरतलब हो की मुकुंदपुर पंचायत के ताली गांव में कार्यरत सेविका की मृत्यु के उपरांत पुनः आंगनवाड़ी सेविका चयन को लेकर आमसभा का आयोजन बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ नंदीजी राम की अध्यक्षता में किया गया था। इस दौरान पर्यवेक्षक भवनाथपुर अंचल के सीओ रमाशंकर श्रीवास्तव एवं संबंधित पंचायत के मुखिया मुंगा साह उपस्थित रहे। ग्राम सभा में सेविका चयन को लेकर पांच अभ्यर्थियों ने अपना योग्यता प्रमाण पत्र उक्त अध्यक्ष के समक्ष रखा था। जिसमें तारा देवी, रंजीता देवी, ललित कुंवर, कुमारी अमृत विश्वकर्मा, माया देवी का नाम शामिल है। इस दौरान तारा देवी व माया देवी का आवेदन पत्र पोषक क्षेत्र के बहू नहीं होने के कारण निरस्त कर दिया गया। तत्पश्चात बच्चे तीन अभ्यर्थियों में एक अभ्यर्थी के द्वारा मृतक सेविका का आश्रित होने की बातों से अवगत कराया गया था। जिस पर प्रतिनियुक्ति कर्मियों ने आश्रित के गाइडलाइन से अनभिज्ञ होने की बात बताकर उक्त ग्राम सभा को बिना चयन प्रक्रिया के ही अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया था।

# दस्तावेज नवीस ताईद संघ का द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** दस्तावेज नवीस ताईद संघ श्री बंशीधर नगर का द्विवार्षिक चुनाव शनिवार को सम्पन्न हो गया.रविन्द्र कुमार चौबे अध्यक्ष, धनवंत पाल सचिव व अजय कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुये. मुंशी राम उप सचिव व मनमोहन विश्वकर्मा उपाध्यक्ष पद के लिये निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये. रविन्द्र कुमार चौबे ने अविनाश कुमार यादव को दो मतों से पराजित कर अध्यक्ष बने. धनवंत पाल ने सत्यनारायण पाल को 14 मतों से पराजित कर सचिव तथा अजय कुमार गुप्ता ने अमरेन्द्र सिंह कुशवाहा को 12 मतों से पराजित कर कोषाध्यक्ष पद के लिये निर्वाचित हुये.दस्तावेज नवीस ताईद संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को ताईद संघ भवन में संघ के संरक्षक विनोद प्रसाद पाल ने शपथ ग्रहण कराया। संघ के सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया. मौके पर चुनाव पदाधिकारी प्रफुल्ल चन्द ठाकुर,गणेश प्रताप देव, अनिल पाल, ब्रह्मदेव मेहता, रविन्द्र चंद्रवंशी, सत्येंद्र पासवान, उपेंद्र गुप्ता, रामकिशुन प्रजापति सहित दस्तावेज नवीस ताईद संघ के सभी सदस्य उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह का संचालन प्रफुल्ल चन्द ठाकुर ने किया।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** अखिल भारतीय संस्कृति शिक्षा संस्थान, कुरुक्षेत्र के द्वारा आयोजित अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला में किया गया। संस्कृति ज्ञान परीक्षा का महत्व बताते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य अपनी भारतीय परंपराओं, रीति-रिवाजों एवं सांस्कृतिक मूल्यों से बालक और समाज को अवगत कराना है। आज जबकि पूरे भारतवर्ष में सांस्कृतिक प्रदूषण फैला हुआ है और हमारा बालक, हमारे परिवार आज अपनी संस्कृति व परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं।इस परीक्षा का आयोजन सांस्कृतिक मूल्यों को प्रदान करने के लिए कक्षा चतुर्थ से कक्षा दशम तक किया गया।इस परीक्षा में विद्यालय से 533 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसके साथ साथ आचार्यों व अभिभावकों के लिए भी प्रवेशिका, मध्यमा ,उत्तमा और प्रज्ञा परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है ,ताकि समाज में फैली हुई आध्यात्मिक विसंगतियों को दूर किया जा सके और हमें अपनी संस्कृति का ठीक प्रकार से ज्ञान हो सके। संस्कृति ज्ञान परीक्षा विभाग प्रमुख, पलामू संजय सिन्हा ने बताया कि इन परीक्षाओं में 50त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और आचार्यों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इस परीक्षा के सफल आयोजन में प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, परीक्षा प्रमुख राजकुमार सिंह, मृत्युंजय प्रसाद, शशि कुमार, राजेश्वर सिंह यादव,मनोज सिंह, अभिषेक पाण्डेय, जयनारायण सिंह, उषा कुमारी, चंदन कुमार, प्रचार प्रसार प्रमुख अभिषेक पाठक का सराहनीय योगदान रहा।

## बैगाडीह की टीम 10 विकेट से बनी विजेता

**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत असली दक्षिणी पंचायत में नवयुवक स्टार क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट वैगाडीह के फाइनल मैच बैगाडीह बनाम चौरासी के बीच खेला गया। जिसमें बैगाडीह की टीम ने 10 विकेट से विजेता बनी। इस मैच में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष पूर्व मुखिया सोनाकिशोर यादव एवं बीडीसी शकील अहमद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुरू किया। मैच की शुरुआत बैगाडीह की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए चौरासी की टीम ने 12 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाकर 160 रन का लक्ष्य दिया। जिसे बैगाडीह की टीम ने बिना विकेट खोए 160 रन का लक्ष्य पा लिया। मैच समाप्ति के बाद मैन ऑफ द मैच का खिताब बैगाडीह के खिलाड़ी प्रियांशु कुमार 81 रन बनाकर अपने नाम की, वही मैन ऑफ द सीरीज का खिताब आलोक कुमार ने अपने नाम किया। उक्त मौके पर महेंद्र साह, सुनीता देवी, मनोज भुइया, रामनाथ साह, नन्हक यादव, आशीष सिंह, अमलेश सिंह, राजा यादव, सुनील साह, दुदुन सिंह, विनय साह, अशोक कुमार उपस्थित थे

# पांकी प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीसी की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार की दोपहर प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद की अध्यक्षता में बीडीसी की बैठक संपन्न हुई, बैठक में अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह ,सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, उप प्रमुख अमित कुमार चौहान समेत प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्य एवं प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मियों समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में प्रखंड के विभिन्न पंचायत से पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा जिसमें नवडीहा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सुनील कुमार चौहान ने अपने पंचायत के मलवार गांव में विद्युत सेवा बहाल करने की मांग की, वहीं ताल पंचायत की मुखिया अनीता लोहरा ने पंचायत में बिजली व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की, बैठक में जनप्रतिनिधियों ने सरकारी आदेशानुसार राजस्व कर्मचारी को पंचायत में बैठे जाने के आदेश को अमल में लाने की पुरजोर मांग की, जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यदि राजस्व कर्मचारी पंचायत भवन में बैठेंगे तो ग्रामीणों को प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

## श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर थाना परिसर में बैठक का आयोजन

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव होने वाली है जिसे लेकर सनातन धर्मावलंबियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। वहीं कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा मौके की नजाकत का फायदा उठाते आपसी सौहार्द बिगाड़ने का अंदेशा जताया जा रहा है , जिसे देखते हुए क्षेत्र में विधि व्यवस्था कायम रखने को लेकर शनिवार को जिले के कप्तान अंजनी अंजन और उपायुक्त हिमांशु मोहन के निर्देशानुसार थाना परिसर में अंचलाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में शांति समिति के बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर सीओ राकेश सहाय ने कार्यक्रम से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्र के बुद्धिजीवियों से अपील करते हुए कहा कि श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को शांति व्यवस्था कायम करते उत्साह के साथ मनाएं।


झारखंड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला।

ई– निविदा आमंत्रण सूचना।

ई–निविदा संख्या:- 15/2023-24/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक:–19-01-2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेंण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ GUMLA/ STPKG-15/ 2023-24 | एस0एच0 बसिया से कुलुसेरा पार्ट–ए तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–6.150 कि0मी0) | 1258.869 | बारह करोड़ अंठावन लाख छियासी हजार नौ सौ रू0 मात्र। | 09 माह | प्रथम |
| | | एस0एच0 बसिया से कुलुसेरा पार्ट–बी0 तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–6.500 कि0मी0) | | | | |
| | | करमटोली से मंझकेरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.250 कि0मी0) | | | | |
| | | तिरल से बोम्बीयारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.000 कि0मी0) | | | | |
| | | किनीरकेला से तुरबुंगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.600 कि0मी0) | | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 29.01.2024
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–08.02.2024 अपराहन 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 10.02.2024 अपराहन 03.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0–06524–465040 ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, गुमला।

PR 316662 Rural Work Department(23-24)D



झारखण्ड सरकार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग।

ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (1st Call)

निविदा सूचना संख्या - STATE_PLAN/HZB/DT/14/2023-24 (1st Call) दिनांक – 19.01.2024

A Name of Work:- Construction of 125/115 mm dia with 70m/90m/120 mtrs deep drilled tube well with installation of India mark II (IS 15500 Part – 2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG machine with 125mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platformon turn-key basis under D.W.&S. Division, Hazaribagh for the Year 2023 -24.

| | ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूप की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HZB/70 M/DT/01 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 2 | HZB/70 M/DT/02 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 3 | HZB/70 M/DT/03 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 4 | HZB/70 M/DT/04 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 5 | HZB/70 M/DT/05 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 6 | HZB/70 M/DT/06 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 7 | HZB/70 M/DT/07 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 8 | HZB/70 M/DT/08 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 9 | HZB/70 M/DT/09 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 10 | HZB/70 M/DT/10 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 11 | HZB/70 M/DT/11 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 12 | HZB/70 M/DT/12 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 13 | HZB/70 M/DT/13 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 14 | HZB/70 M/DT/14 | 100 Nos. | 89.17717 | 1.79 | 10,000/- | 180 Days |
| 15 | HZB/70 M/DT/15 | 35 Nos. | 31.40109 | 0.63 | 5,000/- | 65 Days |
| 16 | HZB/90 M/DT/16 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 17 | HZB/90 M/DT/17 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 18 | HZB/90 M/DT/18 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 19 | HZB/90 M/DT/19 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 20 | HZB/90 M/DT/20 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 21 | HZB/90 M/DT/21 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 22 | HZB/90 M/DT/22 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 23 | HZB/90 M/DT/23 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 24 | HZB/90 M/DT/24 | 90 Nos. | 91.06709 | 1.83 | 10,000/- | 165 Days |
| 25 | HZB/90 M/DT/25 | 85 Nos. | 86.00781 | 1.33 | 10,000/- | 155 Days |
| 26 | HZB/120 M/DT/26 | 63 Nos. | 81.86842 | 1.64 | 10,000/- | 115 |
| 27 | HZB/120 M/DT/27 | 63 Nos. | 81.86842 | 1.64 | 10,000/- | 115 |
| 28 | HZB/120 M/DT/28 | 64 Nos. | 83.16792 | 1.67 | 10,000/- | 120 |

| | | |
|---|---|---|
| B | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथिः– | 22.01.2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| C | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समयः– | 05.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| D | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दिं0–03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राषि व्दसपदम जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समयः– | 05.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| E | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समयः– | 06.02.2024 समय 02.00 बजे अपराहन् |
| F | तकनीकी बीड खोलने का स्थानः– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, हजारीबाग। |
| G | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनामः– | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, हजारीबाग। |
| H | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0:– | 06546-262291 |
| I | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0:– | 0651-2480345 |

**नोट** – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 मनोज कुमार मुण्डारी)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, हजारीबाग।

PR.NO.316666 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### जिला बार एसोसिएशन का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न , परिणाम आज

**रांची।** शनिवार 20जनवरी को रांची जिला बार एसोसिएशन का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। सत्र 2024-26 के लिए हुए चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं ने जमकर वोटिंग की। सिविल कोर्ट परिसर स्थित न्यू बार भवन में 10 बजे से मतदान शुरू हुआ। शाम पांच बजे तक 86.55.प्रतिशत से अधिक वोटिंग हुई। कुल अधिवक्ता वोटरों की संख्या 2163 है। जिसमें से 1863 वोटरों ने अपने मत का उपयोग किया। इसी के साथ ऑफिस बेयरर सहित 16 सदस्यीय कार्यकारिणी के 74 उम्मीदवारों का भाग्य मतपेटी में बंद हो गयी। वोटिंग के बाद प्रत्याशियों की उपस्थिति में बैलेट बॉक्स को सील किया गया। वोटिंग के लिए दो बूथ बनाये गये थे। बूथ नंबर एक पर 961और बूथ नंबर दो पर 902 वोट पड़े। हालांकि, पिछले साल की अपेक्षा इस बार एक प्रतिशत 6 प्रतिशत अधिक वोटिंग हुई। सत्र 2019-21 के लिए हुए चुनाव में 85.40 व सत्र 2021-23 में 84.64 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। शाम पांच बजे तक जितने लोग लाइन में लगे सभी को वोट डालने की अनुमति दी गई थी। शांतिपूर्ण मतदान होता देख सुरक्षाकर्मी भी निश्चित थे।

### हटिया चौक शिव मंदिर में 22 को सामूहिक श्री सुंदरकांड

**रांची :** अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को शिव मंदिर हटिया चौक पर प्रातः 9 बजे से सामूहिक श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा का लाइव दर्शन एवं आरती तथा दोपहर दो बजे से भव्य भंडारा का आयोजन होगा। श्री रामनवमी श्रृंगार समिति हटिया के अध्यक्ष मिथिलेश्वर मिश्र ने शनिवार को बताया कि हटिया चौक स्थित शिव मंदिर के साथ-साथ श्रीराम-जानकी मंदिर नीचे हटिया, देवी मंडप, हनुमान मंदिर झंडा चौक, राधा कृष्ण मंदिर, शिव मंदिर अपर हटिया, शनि मंदिर चांदनी चौक, मठ मंदिर, भूतनाथ मंदिर सहित सभी मंदिरों की साफ-सफाई कर उन्हें सजाया संवारा जा रहा है।

# सीएम आवास के 500 मीटर परिधि क्षेत्र में धारा 144 लागू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईड़ी द्वारा पूछताछ करने जैसे पहुंची और कार्यकर्ताओं की भीड़ को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आवास के 500 मीटर परिधि क्षेत्र में धारा 144 लगा दी गई है। रात 11 बजे तक यह धारा लागू रहा । किसी भी संगठनों द्वारा धरना-प्रदर्शन, जुलूस, रैली इत्यादि अब इस क्षेत्र में नहीं कर सकते हैं। किसी भी प्रकार का कोई हरवे-हथियार भी लेकर नहीं जा सकता। सरकारी काम-काज में व्यवधान उत्पन्न होने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था बाधित होने व विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने तथा लोक परिशाति भंग होने की आशंका के आलोक में अनुमंडल दण्डाधिकारी, सदर रांची की ओर से द0प्र0सं0 की धारा-144 के




**किसी भी संगठनों द्वारा धरना-प्रदर्शन, जुलूस, रैली इत्यादि अब इस क्षेत्र में नहीं कर सकते हैं।**

अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रांची सदर अनुमंडल अंतर्गत मुख्यमंत्री आवास के 500 मीटर की परिधि क्षेत्र में निषेधाज्ञा जारी किया गया है।

### इनपर रहेगी पाबंदी

बिना सक्षम प्राधिकार के पुर्वानुमति के किसी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करना
किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, जैसे-बंदुक, राईफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारुद आदि लेकर निकलना या चलना
किसी प्रकार के हरवे-हथियार जैसे लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर निकलना या चलना
बिना सक्षम प्राधिकार के पुर्वानुमति के किसी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना
यह आदेश जिला प्रशासन द्वारा प्रतिनियुक्त किसी भी पदाधिकारी अथवा बल पर लागू नहीं होगा

## झामुमो महासचिव ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को समझाया

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव और प्रवक्ता विनोद पांडेय शनिवार को मुख्यमंत्री आवास के पास पहुंचे। मुख्यमंत्री आवास के समीप सड़क पर बैठकर नारेबाजी कर रहे पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को समझाया। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का कोई भी अप्रिय घटना ना हो। इसलिए शांतिपूर्वक विरोध कीजिए। पांडेय ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि सभी विधायकों को रांची हेड क्वार्टर में ही बने रहने का निर्देश दिया गया था। सभी रांची में है सभी लोग आसपास हैं। यदि किसी भी तरह की आवश्यकता होगी तो सभी लोग तुरंत पहुंचेंगे।

J.M.M.

## नहीं आएंगे गायक कुमार सानू कार्यक्रम स्थापित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** फास्ट कलाकार के द्वारा कुमार सानू लाइव कंसर्ट कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। बता दे की होटवार स्थित मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 21 जनवरी 2024 को फास्ट कलाकार संस्थान के माध्यम से देश के मशहूर गायक कुमार सानू का लाइव कंसर्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसको लेकर रांची शहर के चारों ओर पोस्टर ,बैनर , इत्यादि चिपकाए गये थे, वहीं फेसबुक में स्वयं कुमार शानू ये कहते नजर आ रहे थे कि वे 21 जनवरी को रांची आ रहे हैं। लेकिन अचानक फास्ट कलाकार के निदेशक प्रम शाह ने फोन नहीं उठाया, को-निदेशक अविनाश के द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया , कहते हुए कि गायक कुमार सानू की तबीयत खराब है। लेकिन वहीं मुंबई के सूत्रों के द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि इसी सूचना नहीं हैं। वहीं रांची वासियों में आक्रोश है मेन रोड पर कुछ युवकों ने का कि इस तरह का झूठा प्रचार नहीं करना था, ये तो दर्शकों के साथ एक धोखा है, भविष्य में ऐसी पुर्नावृति ना हो ऐसा इस संस्था से उम्मीद की जाती है।

## पत्रकार मोहसिन आलम की मां समीना खातून सुपुर्द ए खाक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** न्यूज 11 ग्रामीण के संवाददाता मोहसिन आलम की मां समीना खातून (67) का निधन हो गया। मिट्टी मंजिल 20 जनवरी 2024 को बाद नमाज जोहर चकला ओरमांझी कब्रिस्तान में नमाज ए जनाजा अदा की गई और वहीं सुपुर्द ए खाक किया गया। नमाज जनाजा चकला मस्जिद के इमाम हाफिज सनाउल्लाह ने पढ़ाया। ज्ञात हो कि मोहसिन आलम की मां समीना खातून पिछले कई दिनों से बीमार चल रही थी। इरबा मेदांता हॉस्पिटल में जेरे इलाज थी। वह अपने पीछे 5 बेटा और 2 बेटी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गई। जनाजा में शामिल होने वालों में पत्रकार व पुत्र मोहसिन अंसारी,खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, रांची के पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, पूर्व प्रमुख मुंतज़िर अहमद राजा, पूर्व जिला परिषद मजीद अंसारी, द रांची प्रेस क्लब के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य व प्रभात मंत्र के वरिष्ठ पत्रकार परवेज़ कुरैशी, एहसान राज, आदिल रशीद, मो रेहान, अबूजर गफ़फारी, समर इमाम, नकी इमाम रिजवी सहित अब्दुल कुद्दुस, जहूर अंसारी, मुमताज आलम, ऐनुल अंसारी, मुस्तफा समेत सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## हटिया बस्ती में जरुरतमंदों के बीच कम्बलों का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर की ओर से शनिवार को अपर हटिया में गरीबों और जरूरतमंदों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए असहाय, गरीब और जरूरतमंदों की पहचान करके उन तक कंबल पहुंचाया गया। इस सिलसिले में जमात इस्लामी हिंद रांची के मेंबर्स ने सर्वे किया और 5 आदिवासी जरुरतमंद परिवारों को भी बुलाकर कंबल दिए! मौके पर कुल 60 कंबल बांटे गए ।मुख्य अतिथि जगरनाथपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार के हाथों से कंबल का वितरण का शुभारम्भ किया गया। झारखंड राज्य संयोजक सोहेल अख्तर ने कहा कि है




कि प्राकृतिक आपदा या गैर प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए भारत के विभिन्न राज्यों के कई स्थानों पर जन जागृति अभियान चलाकर लोगों तक राहत पहुंच जाता रहा है। इसके अलावा शिक्षा, स्वस्थ और सामाजिक जागरूकता के प्रोग्राम चलाये जाते रहते हैं। कम्बल वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजुमन इस्लामिया हटिया के सदर परवेज आलम और सेक्रेटरी मोहम्मद शमीम के अलावा मोइन खान, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद अजहर, मतलब अहमद, अब्दुल मन्नान, इस्लाही साहब और नाजिम शहर मोहम्मद साजिद की निगरानी में प्रोग्राम संपन्न हुआ।

## घरों एवं नजदीकी मंदिरो में दिप जलाकर दीपोत्सव मनाएं : राजीव रंजन मिश्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** । युवा दस्ता के द्वारा श्री अयोध्या धाम से आए हुए पूजित अक्षत को देकर अपने अपने घरो एवं नजदीकी मंदिरो में दिप जलाकर दीपोत्सव मनाने का निमंत्रण राँची के विभिन्न छेत्रो में सभी राम भक्तो दिया गया । वितरण में मुख्यरूप से युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा , श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह एवं श्री चैती दुर्गापूजा महासामिति के महामंत्री सह विश्व हिन्दू परिषद के महानगर उपाध्यक्ष गोपाल पारीक उपस्थित थे । मिश्रा ने बताया अयोध्या से आये पूजित अक्षत को घर घर तक युवा दस्ता के द्वारा पहुँचाने का कार्य किया गया। वितरण के दौरान युवा दस्ता ने सभी सनातनी भाइयो एव बहनो से 22 जनवरी 2024 को श्री रामनवमी जन्मभूमि



तीर्थ छेत्र में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर दिप जलाकर दीपोत्सव मनाने को कहा । मिश्रा ने सभी सनातनी भाइयो एव धर्म प्रमियों से आवाहन किया है कि 22 जनवरी 2024 अपने अपने घर मे दीवाली के तर्ज पर दिप जलाये और भव्य दीपोत्सव मनाया । कार्यक्रम में पीयूष आनंद , साहिल कुमार , सुमित साहू ,जैमिश तिग्गा ,दुर्गा साहू , संजीव सोनी , अमित सिंह , टिंकू महतो उपस्थित थे ।

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्व पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 22 जनवरी दिन सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आयोजन को लेकर पूरे देश दुनिया में उत्साह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में रांची में भी उत्साह का माहौल है। पूरा रांची शहर राममय हो गया है। सारे चौक चौराहों को भगवा रंग से रंग दिया गया है। पोस्टर, बैनर, झंडा, फ्लेक्स सभी राम की तस्वीरों से पट गया है। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान रांची शहर में किसी तरह का कोई अनहोनी ना हो,



इसको लेकर भी पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है । सुरक्षा की दृष्टिकोण से शनिवार को कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय के नेतृत्व में शहीद अल्बर्ट एक्का चौक से लेकर मेन रोड , डेली मार्केट होते हुए सुजाता चौक, कर्बला चौक, काली मंदिर रोड होते हुए वापस शहीद अल्बर्ट एक्का चौक तक फ्लैग मार्च किया गया। इस फ्लैग मार्च में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय, लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद, डेली मार्केट थाना प्रभारी प्रदीप मिंज सहित कई पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## निस्वार्थ भाव से दिव्यांग ग्रामीणो की सेवा कर रहे है ट्रस्ट के सदस्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिज़) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान मे कडाके की ठण्ड के प्रकोप को देखते हुए अभावग्रस्त ग्रामीण महिलाओ और पुरुषो एव वृद्ध ग्रामीणों के बीच इस इस वर्ष पड रही कड़ाके की ठण्ड मे भी निस्वार्थ सेवा कर अपने जीवन को सार्थक कर रहे है श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के सदस्य। ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल



जालान एव प्रमोद सारस्वत ने सयुंक्त रूप से औरमांझी प्रखंड स्थित सिकिदरी के सहेदा गाँव मे विभिन्न बस्तीयों से आये हुए लगभग 145 अभावग्रस्त एव वृद्ध महिला-पुरुषों के बीच संस्था के सदस्यों ने प्रत्येक अभावग्रस्त ग्रामीणों को कम्बल,ऊनी मफलर एव ऊनी मोजा का निशुल्क वितरण किया। संस्था के सदस्यों के द्वारा लगभग 145 कम्बलो ऊनी टोपी एव ऊनी मोजा का निशुल्क वितरण किया गया।संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,निर्मल जालान प्रमोद सारस्वत, नन्द किशोर चौधरी,सज्जन पाडिया, बिष्णु सोनी,मनीष सोनी,पवन पोद्दार प्रदीप पोद्दार,विशाल जालान, सुरेश अग्रवाल, शिवभगवान अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, मोहनलाल खण्डेलवाल, इनके अलावा भी संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

## सिविल सर्जन सदर की अध्यक्षता में टीबी फोरम और टीबी सहरुग्णता समन्वय समिति की बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार सिविल सर्जन (सदर) रांची, डॉ. प्रभात कुमार की अध्यक्षता में टीबी फोरम और टीबी सहरुग्णता समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डी.आर.सी.एच. डी.एल.ओ., डी.टी.ओ. चिकित्सा पदाधिकारी, रिम्स, ए.आर.टी. सेन्टर, रिम्स, डी.पी.एम., आर आईसीएच /टीआरवाई इंडिया एनजीओ के प्रतिनिधि, कार्पोरेट सेक्टर के प्रतिनिधि एवं कोऑर्डिनेटर पीसी × पीएनटी रांची, राकेश राय अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में टीबी कार्यक्रम से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन एवं टीबी0 मुक्त पंचायत से संबंधित किये जाने वाले कार्यों एवं अहर्ता के बारे मे प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी सदस्यों को जानकारी दी गई। टीबी0 मुक्त पंचायत पर किये जाने वाले कार्यों एवं आवश्यकता से संबंधित विषयों पर सभी से अपना-अपना मंतव्य देने एवं क्षेत्र के सभी सेक्टर के लोगों की सहभागिता बढ़ाने पर भी सभी सदस्यों के द्वारा सहमती प्रदान करते हुये इसपर कार्य करने का आश्वासन दिया गया। उक्त बैठक का मुख्य उदेश्य अधिक- से-अधिक लोगों को एक प्लेटफॉर्म पर लाकर टीबी0 मुक्त कार्यों में सहयोग लेना है।

## भाजपा नेताओं के घर के पास सुरक्षाकर्मी तैनात

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के आवास पर पुलिस जवानों की सुरक्षा लगाई गई है। बताया गया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के से ईडी द्वारा पूछताछ की जा रही है । इसी क्रम में आदिवासी संगठन एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्तागण रांची शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर उतर आए थे। इसी को देखते हुए भाजपा नेताओं के घर और कार्यालय एवं इसके आसपास में पुलिस के जवान तैनात किए गए ताकि सुरक्षा के दृष्टिकोण से किसी तरह का अनहोनी ना हो सके।

## टैक्सी स्टैंड में हुआ भूमि पूजन, पूर्व पार्षद असलम ने कहा शिविर लगाकर राम भक्तों का करेंगे स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री महावीर मंडल राँची महानगर के तरफ से टैक्सी स्टैंड, श्री संकट मोचन मंदिर के बगल में भव्य भूमि पूजन श्री महावीर मंडल रांची महानगर के अध्यक्ष कुणाल अजमानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महावीर मंडल रांची महानगर के द्वारा में रोड स्थित टैक्सी स्टैंड में सुंदरकांड एवं भंडारा का आयोजन किया जाना है।

" साथ ही तीन एलईडी द्वारा अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट एवं आतिशबाजी के साथ दीपोत्सव किया जाएगा। भूमि पूजन के अवसर पर सद्भावना के भव्य संगम दिखा , हिन्दू और मुस्लिम भाइयो के द्वारा एक साथ भूमि



पूजन, कुणाल अजमानी, महेश सोनी, डॉ दिलीप सोनी, पूर्व पार्षद मोहम्मद असलम और एवं बादल सिंह के द्वारा नारियल फोड़कर किया गया , पूर्व पार्षद मोहम्मद असलम ने कहा कि हम लोगों का कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग रहेगा साथ ही हम लोग भी टैक्सी स्टैंड के पास एक स्वागत शिविर लगाएंगे और सभी राम भक्तों का स्वागत करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संकटमोचन मंदिर के महंत सूर्यनाराय दास त्यागी बाबा , महावीर मंडल के अध्यक्ष कुणाल अजमानी , अंजुमन इस्लामिया एवं मुहर्रम कमिटी ,रैन पंचायत सदर हाजी फिरोज , पूर्व पार्षद मो असलम , अंजुमन हॉस्पिटल के सन्नी खान , महावीर मंडल के संयोजक डॉ दिलीप सोनी , कार्यक्रम संयोजक श्यामा नंद पांडेय , अमित चौधरी , रोहित पांडेय , महेश सोनी , अमित सिंह ,रोहित शारदा,बादल सिंह, संभु प्रसाद ,अमन जायसवाल ,शैल चंद्रा , यश चंद्रा ,समीर सिंह ,हाजी हासिम , मो इम्तियाज , लोहा सिंह, अरसद , मो हारून , मो अफरोज आदि लोग मुख्य रूप से शामिल रहे ।

## डीसी व एसएसपी ने सड़क सुरक्षा जागरुकता रथ को किया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, चंदन कुमार सिन्हा द्वारा -20 जनवरी 2024 को सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। 35वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 15 जनवरी 2024 से 14 फरवरी 2024 तक मनाया जा रहा है। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी रांची, प्रवीण प्रकाश, एन.डी.सी. रांची, केवल कृष्ण अग्रवाल, सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी अधिकारी/ पदाधिकारी एवं सम्बंधित सभी अधिकारी मौजूद थे।

**सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ का उद्देश्य:** जागरूकता रथ रांची जिले के सभी प्रखंडों की पंचायतों और गांवों में जाकर आमजनों, छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करेगा। लोगों को दुर्घटना से कैसे बचना है, यातायात के नियमों की जानकारी इस जागरूकता रथ के माध्यम से दिया जाएगा। इस रथ में एल.ई.डी स्क्रीन के माध्यम से सभी यातायात सम्बन्धी जानकारी दी जाएगी।




**हिट एण्ड रन:** परिवहन विभाग, झारखण्ड सरकार की अधिसूचना सं.- 163, दिनांक- 18/04/22 के अनुसार सड़क दुर्घटना में हिट एण्ड रन (वाहन द्वारा दुर्घटना कर भाग जाने के परिस्थिति में) मामलों में पीड़ित पक्ष को मुआवजा दिलाने का प्रावधान है। सड़क दुर्घटना से मृत्यु होने पर यह 2,00,000/- रूपये तथा गंभीर रूप से घायल होने पर यह 50,000/- रूपये निर्धारित किया गया है। मुआवजा दिलाने हेतु जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है।

**झारखण्ड गुड सेमिरिटन पॉलिसी-2020:** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर यानि एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाने पर, गुड सेमिरिटन को 2000 पुरस्कार राशि दी जाएगी।यदि दो गुड सेमिरिटन किसी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाने में सहायता करते है, तो दोनों गुड सेमिरिटन को 2000 - 2000 पुरस्कार राशि दी जायगी।यदि दो से अधिक गुड सेमिरिटन घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाते है, तो सरकार द्वारा 5000 पुरस्कार राशि, उन सभी के बीच समान रूप से बांटी जाएगी। यह पुरस्कार राशि, जाँच के लिए बुलाये जाने पर दी जाने वाली राशि तथा वाहन पर हुए व्यय की प्रतिपूर्ति राशि निकटवर्ती स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा दी जायगी।

## मुख्यमंत्री से गले लगकर रोने लगे विधायक इरफान और राजेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** । जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर मिले और उन्हें देखते ही उनसे लिपट गए और काफी भावुक हो गए और रोने लगे। इरफान को रोता देख मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धैर्य रखना को कहा और कहा कि मैं जल्द अपने दुश्मनों से निपट कर आ रहा हूं। मेरा इंतजार करना। बता दें शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी के अधिकारी पूछताछ



करने आवास पहुंचे थे। इसी क्रम में ईडी के पूछताछ से पहले जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी,खिजरी विधायक राजेश कच्छप भी पहुंचे और दोनों मुख्यमंत्री से मिलकर रोने लगे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, रविवार, 21 जनवरी 2024 | पेज 4


## भारत माता अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मुकेश कुमार ने मुरी स्थित भारतमात अस्पताल के अल्ट्रासाउंड केंद्र का निरीक्षण किया। चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक ( पीसी ऐंड पीएनडीटी) अधिनियम के तहत अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया गया। उनके अभिलेखों तथा उनकी प्रक्रियाओं की जांच की गई। जिसमे कोई अनियमितता नहीं पाई गई। वहीं उन्होंने बताया की इस अधिनियम के तहत भारत में कन्या भ्रूण हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए भारत की संसद द्वारा पारित एक संघीय कानून है। इस अधिनियम से प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक 'पीएनडीटी' एक्ट 1996, के तहत जन्म से पूर्व शिशु के लिंग की जांच पर पाबंदी है। ऐसे में अल्ट्रासोनोग्राफी कराने वाले क्लीनिक लैब या करने वाले डाक्टर, लैब कर्मी को तीन से पांच साल सजा और 10 से 50 हजार जुर्माने की सजा का प्रावधान है। निरिक्षण दल मे स्वास्थ्य केंद्र के लिपिक संजय कुमार महतो एवं बीपीएम शशि भूषण चौबे शामिल थे।



## जूनियर नेशनल तीरंदाजी गोल्ड पदक को किया सम्मानित

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजाडेरा पंचायत के दो जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में गोल्ड पदक विजेताओं को आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने किया सम्मानित राजाडेरा निवासी मुनेश्वर सिंह की बेटी लवली कुमारी ने 40वीं हञ्जक्क्ब्ट सब जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ से गोल्ड विजेता रहे वहीं दूसरी ओर दुति महतो के पुत्र जयंत कुमार महतो ने जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता गुजरात से गोल्ड पदक विजेता रहे दोनों विजेताओं को केक खिलाकर जर्सी और ट्रैकसूट देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर उनके माता पिता और ग्रामीण उपस्थित रहे पारसनाथ उराँव ने कहा इनको आगे बढ़ने के लिए आजसू पार्टी की ओर से हर सम्भव प्रयास किया जायेगा ताकि अपने गाँव पंचायत का नाम रोशन कर सके इस मौके पर झारखंड आंदोलनकरी आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी,आतिश महतो,उपमुखिया सहदेव मुंडा,पंचायत समिति सदस्य कृष्णा महतो,मनोहर सिंह,कौसल्या देवी,संगीता देवी,मोहरू मुंडा,संजय महतो,पुसाराम चौधरी,मनोज महतो,राहुल सिंह,उमा देवी,आदि महिला पुरूष उपस्थित रहे ।



## सीडीएसएल की बहुभाषी पहल की शुरुआत

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एशिया की पहली सूचीबद्ध डिपॉजिटरी, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल), पूंजी बाजार में समावेशन और पहुंच को उजागर करने वाली दो बहुभाषी परियोजनाओं को लॉन्च करके अपनी रजत वर्षगांठ मना रही है। सेबी अध्यक्ष श्रीमती. माधबी पुरी बुच ने 17 जनवरी 2024 को रजत जयंती समारोह में इन पहलों की शुरुआत की। सीडीएसएल बडी सहायता 24*7 चैटबॉट, जो चार भाषाओं में उपलब्ध है, का उद्देश्य प्रतिभूति बाजारों की बारीकियों में चौबीसों घंटे सहायता प्रदान करके आत्मनिर्भरता की दिशा में निवेशकों की यात्रा को सरल बनाना है। यह अनोखा, बहुभाषी चैटबॉट सीडीएसएल वेबसाइट पर एक निरंतर साथी के रूप में कार्य करता है। सीडीएसएल ने एक बहुभाषी सीएएस अपग्रेड पेश किया है, जिससे निवेशकों को 23 भारतीय भाषाओं में से अपनी पसंदीदा भाषा में अपने बयान प्राप्त करने की सुविधा मिलती है।

## क्रोमा ने दो नए स्टोर शुरू किए

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के पहले और भरोसेमंद ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर और टाटा समूह का एक सदस्य, क्रोमा ने बिहार में रिटेल विस्तार का रणनीतिक कदम उठाते हुए पटना शहर में दो नए स्टोर शुरू किए हैं। पाटलिपुत्र गोलंबर का स्टोर पटना क्षेत्र में क्रोमा का पहला स्टोर है और इस इलाके में क्रोमा का रिटेल स्थान और भी ज़्यादा मज़बूत करते हुए दूसरा स्टोर फ्रासर रोड में शुरू किया गया है। शहर के बीचोबीच स्थित प्लॉट नंबर 22/ई, पाटलिपुत्र गोलंबर, न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी, पटना का स्टोर 7870 स्क्वायर फ़ीट का है। क्षेत्र का पहला क्रोमा स्टोर पटनावासियों को सबसे नए इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों और सेवाओं का लाभ उठाने का बेहतरीन अवसर प्रदान कर रहा है। साथ ही साथ क्रोमा ने पटना के जानेमाने रेसिडेंशियल और कमर्शियल ऐसे मिक्स्ड एरिया फ्रासर रोड पर दूसरा स्टोर शुरू किया है।

## बचरा में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा आज निकाली जाएगी शोभायात्रा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह उद्घाटन को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा आज बचरा में शोभायात्रा निकाली जाएगी।इसकी जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि 21 जनवरी को सुबह 10 बजे बचरा शिव मंदिर के प्रांगण से बचरा काली मंदिर तक श्री राम का जयकारा करते हुए शोभायात्रा निकाली जाएगी और पुनः काली मंदिर से बचरा शिव मंदिर के प्रांगण में शोभायात्रा को समाप्त किया जाएगा।यह शोभा यात्रा पैदल निकाली जाएगी।उन्होने क्षेत्र के सभी हिंदू धर्मलंबियों से अधिक से अधिक संख्या में इस शोभा यात्रा में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

## युसीडब्लुयू अशोक परियोजना शाखा का वनभोज आज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के दामोदर नदी तट मे आज यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन अशोक परियोजना शाखा का वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा।इसकी जानकारी देते हुए यूनियन के सीसीएल कल्याण समिति सदस्य अरविंद शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में यूनियन से जुड़े सभी लोग शामिल होंगे।नव वर्ष के अवसर पर यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है।जिसमें यूनियन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की समस्याओं पर भी चर्चा की जाती है।उन्होंने यूनियन के सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## लापुंग में कलश यात्रा के साथ शुरू हुई प्राचीन हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

**लापुंग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना चौक स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर व राय टोली में नव निर्मित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लिया। वहीं कलश यात्रा में दोनों जगह भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो शामिल हुए। मंदिर परिसर से 551 महिलाओं ने कलश को लेकर लालगंज नदी पहुंचे। जहां विधिवत जल पूजन के बाद कलश में जल भर कर कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए पुनः थाना चौक पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रोच्चार व शंखनाद के साथ मुख्य कलश को यज्ञ स्थल में स्थापित किया गया। इस दौरान कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे हर-हर महादेव जय श्री राम जय बजरंग बली आदि देवी देवताओं के जयकारों से पुरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। वहीं मुख्य कलश के स्थापना के बाद ध्वनि तोरण से निकलने वाले वैदिक मंत्रोच्चार व शंखनाद की गुंज से पुरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

## पिपरवार थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह उद्घाटन को लेकर पिपरवार थाना परिसर में शांति समिति की एक आवश्यक बैठक हुई।इस बैठक की अध्यक्षता सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत रोशन और संचालन पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने किया।बैठक मे अयोध्या मे श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा सह उद्घाटन को लेकर पिपरवार थाना क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम पर विचार विमर्श किया गया।इस दौरान सभी लोगों से आपसी भाईचारगी एवं शांतिपूर्ण माहौल में कार्यक्रम आयोजित करने की अपील की गई।बैठक को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर रंजीत रोशन ने कहा कि अनेकता मे एकता का प्रतीक माने जाने वाले पिपरवार क्षेत्र मे सभी धर्म समुदाय के लोग आपसी एकता और भाईचारगी के साथ रहते है और यह भाईचारगी आगे भी जारी रखने की अपील की।

# कलश यात्रा में 1001 युवतियों एवं महिलाओं ने किया जलाभिषेक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कर्रा :** प्रखंड के लुदरू गांव में 22 जनवरी को शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर शनिवार को लुदरू गांव से 1001 महिलाओं का कलश यात्रा निकाली गयी. कलश यात्रा लुदरू गांव से भगवान भोलेनाथ, जय श्री राम के जय जय कारें लगाते कर्रा-खूंटी रोड़ स्थित छाता नदी से जल उठाकर फिर से शिव मंदिर लुदरू पहूंचकर जलाभिषेक किया गया. शिव मंदिर लुदरू में शनिवार को कलश यात्रा, रविवार को पूजा अर्चना के साथ हवन एवं सोमवार 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमे विधिवत पूजा अर्चना खूंटी से आये पंडित के द्वारा कराया जाएगा. कलश यात्रा को सफल बनाने में आनन्द सिंह, बिनोद सिंह, महानंद सिंह, अशोक सिंह, तुलसी सिंह, बालकिशून महतो, रामप्रवेश सिंह, निलाबंर सिंह, जनार्दन सिंह, हलभजन सिंह, बोदेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह, बिरेंद्र सिंह, दीपक सिंह, मुकेश सिंह, कुनाल कुमार, उपेन्द्र गोप, राजू गोप, राजन महतो, सूरज महतो के अलावे हजारों कि संख्या में महिला पुरूष शामिल रहे।

# झामुमो सिमरिया विधानसभा प्रत्याशी मनोज चन्द्रा ने किया पिपरवार का दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिमरिया विधानसभा प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने शनिवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान बहेरा और कल्याणपुर में उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।बैठक में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने बुके देखकर मनोज चंद्रा का स्वागत किया।उन्होंने कार्यकर्ताओ को आगामी लोकसभा एंव विधानसभा चुनाव की तैयारी मे लग जाने की अपील की, साथ ही पार्टी के उद्देश्य और सिद्धांत को आम जनता तक पहुंचाने की बात कही। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा पूरी तरह से तैयार है। चतरा लोकसभा और सिमरिया विधानसभा में पार्टी पूरी तरह से मजबूत स्थिति में है।आम जनता का पार्टी को अपार समर्थन मिल रहा है, ऐसे मे उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से चतरा लोकसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रत्याशी उतारने की मांग की है।वही सिमरिया विधानसभा से उन्होंने अपनी मजबूत दावेदारी पेश करते हुए जीत का दावा किया है।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारी में लग जाने का आह्वान किया।इस दौरान झामुमो महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सरोज देवी के कल्याणपुर स्थित आवास में उनके साथ के निधन पर आयोजित ब्राह्मण भोज कार्यक्रम में भी वह शामिल हुए।इस मौके पर टंडवा उप प्रमुख जितेंद्र सिंह,जागेश्वर दास,चन्द्रदेव साहु,विकाश पाण्डेय,अब्दुल अंसारी, मोहम्मद असलम,हाजी कमालउदीन,सलीम जावेद, इदरीश अंसारी,मोहम्मद साहिल सहित कई लोग मौजुद थे।

# स्वच्छता में नंबर वन बुंडू को जय हो सेवा संस्था ने दी बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत बुंडू नगर पंचायत क्षेत्र में सक्रिय जय हो सेवा संस्था के संस्थापक राजकिशोर कुशवाहा के नेतृत्व में शनिवार को जय हो सेवा संस्था बुण्डु के कार्यकारी अध्यक्ष पवन महतो एवम संस्था के सदस्य नीतीश सिंह,शुभम कुमार उर्फ गोलू, आशुतोष कुमार ,मो0सेराज, आकाश कुमार ,सचिन कुमार,दीपक कुमार,अभिषेक गोराई, शुखसारन महतो,सन्दीप साहू ने बुण्डु नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शुभम पोद्दार से औपचारिक मुलाकात कर सर्व प्रथम उन्हें झारखंड मे एक लाख आबादी वाले क्षेत्र में स्वच्छता में बुंडू नगर पंचायत को प्रथम पुरस्कार के लिए बधाई दी एवं बुण्डु नगर पंचायत क्षेत्र के अन्य विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया इस पर कार्यपालक पदाधिकारी ने उन समस्याओं की जल्द निवारण की बात कही।मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी शुभम पोद्दार ने कहा कि किसी भी शहर को स्वच्छ बनाए रखने सबसे बड़ी भूमिका वहां के नागरिकों की होती है साथ विभिन्न सामाजिक संगठन भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। वहीं जय हो सेवा संस्था के संस्थापक राजकिशोर कुशवाहा ने कहा कि बुंडू नगर पंचायत क्षेत्र स्वच्छता के पायदान में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है तो हमारी संस्था भी नगर क्षेत्र स्वच्छ बने रहे इसके लिए अपनी जिम्मेदारी निभाएगी।

# कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने को लेकर किया बैठक



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को रांची जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता हेतु तैयारी प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एस एस हाई स्कूल स्टेडियम में प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी की एक आवश्यक बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष तुलसी खरवार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो और जिला महासचिव सह प्रखण्ड प्रभारी गौरीशंकर महतो की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने सभी को अवगत कराते हुए कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में झारखंड पहुंचेंगे। वे आठ दिनों तक झारखंड में प्रवास करेंगे। इस यात्रा के दौरान लगभग 804 किलोमीटर की यात्रा तय करेंगे। इस यात्रा की सफलता हेतु प्रत्येक गाँव से लोगों की सहभागिता करानी है। सभी को इस यात्रा के उद्देश्यों से अवगत कराना है। यह यात्रा वर्तमान दौर में प्रासंगिक और देश- काल और परिस्थिति के हिसाब से समय की मांग है। बैठक में सर्वसम्मति से यात्रा को ऐतिहासिक सफल बनाने और राहुल गाँधी का पारम्परिक तरीके से जोरदार स्वागत करने का निर्णय लिया गया।इस यात्रा में रांची जिला कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार लाखों लोगों को शामिल करने का लक्ष्य लेकर प्रचार-प्रसार को व्यापक तरीके से करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि हम सबों के आदरणीय नेता श्री राहुल गांधी के झारखंड आगमन पर और खासकर रांची जिले की ओरमांझी क्षेत्र पर पहुंचने पर पूरे मुस्तैदी के साथ कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं-कार्यकर्ताओं को भागीदारी सुनिश्चित करना होगा। इसके लिए गांव-गांव में जन जागरण अभियान चला कर अधिक से अधिक संख्या में लोगों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अभी से प्रेरित करना होगा। इसकी जिम्मेवारी सभी प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्षगण, सभी पंचायत अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पदाधिकारी को जिम्मा दिया गया। इस बैठक में अपने विचार रखते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश उरांव ने कहा कि यह न्याय यात्रा में देश के 140 करोड़ जनता के लिए वरदान साबित होगा। इस यात्रा का मुख्य मकसद आर्थिक,सामाजिक एवं राजनीतिक न्याय दिलाना,मोदी सरकार की गलत नीतियों का विरोध करना, संविधान की रक्षा करना इत्यादि है। इस बैठक में रमेश उरांव, सुरेश साहू, प्रेमनाथ मुंडा, पूर्व उप प्रमुख मुंतज़िर अहमद रजा, हरिप्रसाद यादव, श्रीमन ओझा, हरिमोहन महतो, शिव टहल नायक, सुधा देवी, राम टहल महतो, रशीद अंसारी शफीउल्लाह अंसारी, मुबारक अंसारी, रमेश चंद्र उरांव, बाबूलाल महली, बलराम बेदिया, तौहीद आलम, जय नारायण सिंह, सोहराय महतो, लक्ष्मी देवी, रहीम अंसारी, राजीव रंजन मुंडा जेठू मुंडा, काशीनाथ पहान, सत्यनारायण साहू, सुखराम पहान, सोहन गंझु, सुनील सिंह, नीलांबर खरवार सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस पार्टी के नेता एवं कार्यकर्तागण शामिल थे।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कर्रा में शांति समिति कि बैठक सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कर्रा :** 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कर्रा थाना परिसर स्थित स्वागत कक्ष पर शनिवार को तोरपा इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति कि बैठक सम्पन्न हुयी. बैठक में मुख्य रूप से कर्रा सीओ वंदना भारती एंव कर्रा थाना प्रभारी पंकज कुमार दास मुख्य रूप से उपस्थित थे.बैठक में 22 जनवरी को कर थाना क्षेत्र से निकलने वाली जुलूस को लेकर विशेष वार्ता किया गया.पदाधिकारीयों ने कहा कि जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकालना है साथ ही सभी धर्म का इज्जत प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हुए सौहार्द पूर्ण ढंग से संपन्न करना है. इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह ने कहा कि शरारती तत्व पर विशेष कर पुलिस अपनी पैनी निगाहें रखी हुयी है. कोई भी भड़काऊ वीडियो या वार्ता व्हाट्सएप पर नाम मैसेज करें अन्यथा उसे पर पुलिस यथाशीघ्र कार्रवाई करेगी.22 जनवरी को शराब पर पूर्ण रूप से बंदिश लगाया गया है. वही मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा कि हम सब मिलकर इस उत्सव को मनाएंगे. कर्रा में सभी पर्व को हम सब मिलकर धूमधाम से मनाते हैं. इस मौके पर समाजसेवी विनोद भगत, विनोद प्रसाद सोनी, सदर मेहन्दी हसन, युसूफ खान, नागेंद्र सिंह, जलेशर महतो, परवेज खान, दिलीप कुमार सिन्हा, प्रदिप कुमार देवघरिया, बमरजा मुखिया अनूप लकड़ा, कर्रा मुखिया रश्मि लकड़ा, अमजद खान, बिरेंद्र सोनी, भोला मियां, विष्णु प्रसाद सोनी, अफजल मिरयासी, महादेव लोहरा, लल्लु गुप्ता, छोटू गुप्ता के अलावे अन्य शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### मांडर प्रखण्ड अंजुमन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान में समारोह का आयोजन

# उर्दू एवं अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय हुआ तो सरकार के विरुद्ध सड़क पर उतरेंगे : ज़फर इमाम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**राँची :** राँची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के तत्वावधान में शनिवार को मांडर प्रखण्ड अंजुमन कमिटि के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन मुड़मा स्थित मदरसा महमुदिया के प्रांगण में किया गया। समारोह में अंजुमन के अध्यक्ष नुरुल्लाह हबीब नदवी,उपाध्यक्ष माशूक अली, सचिव अफरोज अंसारी,उपसचिव अमानत अंसारी, कोषाध्यक्ष मौलाना एनामुल हक अंसारी एवं सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस से पहले कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख्तर आज़ाद ने समारोह के मुख्यातिथि डॉ परमेश्वर भगत को साल उढ़ाकर एवं माला पहनकर स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए श्री भगत ने समाजिक समरसता एवं सामंजस्य ,आदिवासियों एवं मुस्लिमों में आपसी एकता पर बल दिया। और कहा की मै भी जनता की सेवा करने के लिए गांव गांव घूम रहा हूं,आपके लिए हर संभव प्रयास करते हुए हमेशा उपलब्ध रहूंगा और जनता की सेवा करता रहूंगा। समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रांची जिला मोमिन कांफ्रेंस के जिला महासचिव सह प्रवक्ता ज़फ़र इमाम अंसारी ने झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा इंटरमीडिएट प्रशिक्षित एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक एवं उर्दू सहायक शिक्षक के पद को मरणशील संवर्ग (ष्ठ4द्वठ्ठद्द ष्ट्डुस्रहृद्ध) करने का विरोध करते इसे वापस लेने की माँग की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उर्दू के 37012 पदों को भरने के बजाए उसे सरेन्डर करने की तैयारी में लगी हुई है,जो उर्दू भाषियों के साथ अन्याय है। श्री अन्सारी ने सरकार को चेताते हुए कहा कि अगर उर्दू के साथ अन्याय और अल्पसंख्यक समुदाय के साथ बेईमानी हुई तो मोमिन कॉन्फ्रेंस सरकार के विरुद्ध सड़क पर उतरेगी। साथ ही उन्होंने सरकार से मांग की कि मोमिन अंसारी समाज को शिक्षा,रोजगार, स्वास्थ सेवाओं में अलग से सुविधा दिया जाए। समारोह की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शमीम अख़्तर आज़ाद और संचालन जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शाकिर इस्लाही ने किया । इस अवसर पर महासचिव जसीम अंसारी, सचिव सयूफ अंसारी,मौलाना जमरूद्दीन,सचिव ऐनुल अंसारी, कयूम अंसारी, मांडर प्रखंड अध्यक्ष असलम अंसारी, रातू प्रखंड अध्यक्ष आजाद अंसारी, चान्हो प्रखंड अध्यक्ष लतीफ अंसारी, नेसार अंसारी सहित सकड़ो लोग मौजूद थे।

## भव्य कलश यात्रा निकाली गई

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जैप 2 व साकेत नगर मंदीर पूजा समिति द्वारा प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य कलश यात्रा जैप मंदीर से चौक,बैंक मोड़ होते हुए स्वर्णरिखा घाट से वापस मंदीर तक निकली गई। इस यात्रा मे मायक साउंड, बैंड बाजा के साथ प्रभु श्री राम की जयकारा लगा रहे थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, उप प्रमुख जयपाल हजाम, राजेश मिश्रा, सुधीर महतो, रामदास मुर्मू, भरत सिंह, दिलीप सिंह,सुरेंद्र गोराइ,शिव नारायण सिंह,महेंद्र शर्मा,सिमों किस्पोटा,मुकेश कुमार सिंह,गोविंद नायक, पंकज शाह,सिकंदर, भंडारी,मिथिलेश पांडे, मुकेश कुमार,मंगल गुप्ता,बासुदेव महतो इत्यादि के साथ सैकड़ो भक्त गन उपस्थित थे।



## सिल्ली थाना परिसर में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सिल्ली थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अंचलाधिकारी सह बीडीओ रेणु बाला शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी लालजी ने किया। बैठक को सम्बोधित करते रेणु बाला ने कहा कि आगामी 22जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर के लोकार्पण व प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम है। उसी को देखते हुए थाना क्षेत्र में लोगों से शांतिपूर्णमाहौल में मंदिर देव स्थानों पर पूजन अर्चना, भजन कीर्तन करने कीअपील की जाती है। वहीं थाना प्रभारी ने कहा की अफवाहों पर ध्यान नहीं देंगे। कोई भी समस्या हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। किसी भी प्रकार से कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करे तो बिना देर किए सूचित करें। क्षेत्र में शरारती तत्वों, अपराधियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी। साथ ही सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक खबरें को ना फैलाएं, जिससे क्षेत्रमें अशांति हो। पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है, सोशल मीडिया पर गलत अफवाह फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर नरोत्तम गोराई, नगेन्द्र नाथ गोस्वामी, बिनोद चौधरी, अरविंद कुशवाहा, बिनोद कुमार साहू, प्रदीप विश्वकर्मा, मनोज रजक, बबलु साव, संजय भगत, गोपाल कैडिया, मो जफरुद्दीन, मो फारुख, कांचनी सोनार समेत शांति समिति के सदस्य एवं पुलिस बल मौजूद थे।

## मीडिया इलेवन व हिंडाल्को इलेवन के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिंडाल्को कम्पनी के 75 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को मुरी स्थित हिंडाल्को मैदान मे मिडिया इलेवन एवं हिंडाल्को इलेवन के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। हिंडाल्को के अधिकारी गौरी शंकर, नलिन कुमार, अभिषेक कुमार, अनिल कुमार एवं यूनियन के केशव महतो उपेंद्र महतो राजेश गोस्वामी प्रभात कुमार आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। मिडिया इलेवन ने टॉस जितकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12.3 ओभर मे 6 विकेट खोकर 105 रन बनाए। वहीं हिंडाल्को इलेवन ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 11वें ओभर मे 5 विकेट खोकर ही मैच जीत कर विजेता बना। मिडिया इलेवन के खिलाड़ी सुमित रंजन को अच्छी खेल के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। हिंडाल्को के रोहित चौरसिया ने कहा कि हिंडालको के 75 वें वर्ष पुर्ण होने के उपलक्ष आयोजित इस मैच में 75 बोल यानी 12.03 ओवर का मैच आयोजित किया गया। मौके पर भरत सिंह, विष्णु चरण गिरी, कमलेश महतो, जनक महतो, अनूप महतो, तुलसी महतो, कमलेश दुबे, रमाकांत विश्वकर्मा, विजय नंदन प्रसाद, दिनेश बनर्जी, परवींदर पांडे, प्रदीप दास उर्फ गुड्डू, संदीप पाठक समेत मीडिया कर्मी एवं हिंडालको कर्मी उपस्थित थे।


**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

अति अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (4th Call)

**PR No. 312182**

अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- **243/2023-24** दिनांक :- 19.01.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-SRK-05 /2023-24 | राजनगर | 1 | SH-06 से खैरबनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.600 कि०मी०) | 1174.551 | ग्यारह करोड़ चौहत्तर लाख पचपन हजार एक सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | राजनगर | 2 | L074 नामीबेड़ा से चापड़ा भाया छोटा पहाड़पुर, डुमरडीहा, मगरकेला, मदुवासाई तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 8.400 कि०मी०) | | | |
| | | राजनगर | 3 | छोटा पहाड़पुर से लखीपुर भाया असंवा, बनकाटी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 4.500 कि०मी०) | | | |
| | | राजनगर | 4 | L040- बड़ा सिजुलता से ईटापोखर भाया गोवरधन तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 6.200 कि०मी०) | | | |
| | | राजनगर | 5 | भजरूडीह (सुर्यापोसी) से रघुनाथपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 3.200 कि०मी०) | | | |
| 2 | JH-M-SRK-06 /2023-24 | राजनगर | 1 | टी०4 मझगांव से बड़ा कादल भाया गम्हरिया, ईचामारा, नवका तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–8.825 कि०मी०) | 1123.997 | ग्यारह करोड़ तेइस लाख निनानवें हजार सात सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | राजनगर | 2 | केषरगाड़िया से राजाबासा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 12.400 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–22.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 29.01.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–30.01.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 316680 (Rural Work Department)23-24*D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## सेबी ने सीडीएसएल की बहुभाषी पहल लॉन्च की

**जमशेदपुर/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एशिया की पहली सूचीबद्ध डिपॉजिटरी, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) ने अपने रजत जयंती वर्ष के मौके पर पूंजी बाजार में समावेश और पहुंच बढ़ाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के मद्देनज़र दो अनोखी बहुभाषी पहल शुरू करने की घोषणा की। इन पहलों को सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच ने रजत जयंती समारोह में लॉन्च किया। जिसमे बहुभाषी कैस के साथ समावेश को सशक्त बनाना, सीडीएसएल बडी सहायता 24 गुणा 7 चौटबॉट के साथ संचार की बाधाओं को दूर करना, पूंजी बाजारों में डिजिटल ट्रस्ट की पुनर्कल्पना' पर थॉट लीडरशिप रिपोर्ट का अनावरण व 25 शहरों के अखिल भारतीय वित्तीय साक्षरता अभियान 'नींव' का सफलतापूर्वक समापन शामिल है।




## पटमदा, काटिन व बोड़ाम क्षेत्र में रविवार को विद्युतापूर्ति रहेगी बाधित

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्युत आपूर्ति मानगो अवर प्रमंडल-2 के अंतर्गत रविवार को 33 केवी का लाइन पटमदा, बोड़ाम व काटिन फीडर में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए सहायक अभियंता मोहम्मद शाहनवाज अंसारी ने बताया कि रविवार की सुबह ग्यारह बजे से 3 बजे तक 33 केवी पटमदा फीडर में इंसुलेटर बदलने, मेंटेनेन्स कार्य करने, डाली की छंटाई, तार बदलने एवं संबंधित फीडर में नया पोल खड़ा करने हेतु विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त कार्य मेसस कुमार एंड संस के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पटमदा बोड़ाम एवं काटिन 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र के अंतर्गत सभी गांव इससे प्रभावित होंगे।

## श्री श्री रंकिणी मंदिर कदमा में रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर पाठ का आयोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कदमा स्थित श्री श्री रंकिनी मंदिर में अयोध्या में श्री राम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को श्री श्री रंकिणी मंदिर परिसर में श्री चिन्मया मिशन द्वारा सुबह 9:00 बजे से श्री राम सहस्त्रणाम का पाठ कराया जायेगा। तत्पश्चात संध्या 6:30 बजे से सामुहिक हनुमान चालिसा का पाठ किया जायेगा एवं दीपोत्सव के पश्चात् प्रसाद वितरण किया जायेगा। साथ ही बड़े स्क्रीन पर अयोध्या में श्री राम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा का लाईव प्रसारण किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए श्री श्री रंकिनी मंदिर प्रबंधन ने कहा कि उक्त अवसर पर मंदिर को रंग-बिरंगे लाईटों एवं फुल मालाओं से सजाया जायेगा। उल्लेखनीय है कि श्री श्री रंकिनी मंदिर कदमा की सबसे पुरानी मंदिर है जहाँ जमशेदपुर एवं आस-पास के श्रद्धालुओं में काफी आस्था है और इस मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु पूजा अर्चन हेतु आते है।

## बीएनएमएच तामोलिया में किडनी कैंसर का हुआ सफल ऑपरेशन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अधिकांश ट्यूमर का इलाज संभव है, लेकिन कुछ ट्यूमर जोखिम पैदा कर सकते हैं क्योंकि वे स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालते हैं और यहां तक कि आपातकालीन स्थिति भी पैदा कर सकते हैं। हाल ही में मानगो की रहने वाली 52 वर्षीय परवीन बेगम नाम की एक मरीज का किडनी कैंसर का सफल इलाज ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, तामोलिया जमशेदपुर (बीएनएमएच) में हुआ। इस संबंध में डॉ. आशीष कुमार ने बताया कि जमशेदपुर में पहली बार किडनी कैंसर पर इस प्रक्रिया की योजना बनाई गई थी। मरीज का ऑपरेशन अनुभवी डॉ. आशीष कुमार (सीनियर कंसल्टेंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) और डॉ. उमेश प्रसाद के मार्गदर्शन में कुशल एनेस्थेसियोलॉजिस्ट की टीम द्वारा किया गया। लेप्रोस्कोपिक रेडिकल नेफरेक्टोमी सर्जरी की गई और ट्यूमर सहित पूरी किडनी को निकाल दिया गया। सर्जरी में चार घंटे लगे और बायीं किडनी को पूरी तरह से निकाल दिया गया। ऑपरेशन के बाद परवीन बेगम ठीक हो गई और उनकी शिकायतें लगभग सामान्य हो गई।

## कुचाई में कदाचार मुक्त हुई जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय सीजी लता में छठी कक्षा के नामांकन को लेकर कुचाई प्रखंड में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। प्रवेश परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण संपन्न हुई। कुचाई प्रखंड के लिए प्लस टू हाई स्कूल परीक्षा केंद्र में कुल 133 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल परीक्षा केंद्र में कुल 70 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 18 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बीपीओ नाथो महतो ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल से संपन्न हुआ।



## छोटानागपुर कॉलेज हेंसल में जेएनवी प्रवेश परीक्षा शान्ति पूर्ण सम्पन्न

**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए शनिवार को परीक्षा केंद्र छोटानागपुर कॉलेज हेंसल में 489 विधार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 154 विधार्थी अनुपस्थित रहे।बता दें कि कुल 643 परीक्षार्थियों का नामंकन किया गया था। परीक्षा केंद्र में शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा ली गई। परीक्षा केंद्र में मजिस्ट्रेट के रुप में पशुपालन पदाधिकारी डॉ पी आर मार्डी एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी वसुंधरा दास की उपस्थिति में परीक्षा ली गई।



## कुकडु प्रखंड सभागार में गणतंत्र दिवस को लेकर हुई बैठक

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकडु प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर बैठक आयोजित किया गया। बैठक में गणतंत्र दिवस सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। वहीं बीडीओ राकेश गोप ने बताया कि तिरूलडीह थाना, पंचायत सचिवालयों, लैम्पस कार्यालय, अस्पताल आदि में ध्वजारोहण के लिए समय निर्धारित किया गया। मौके पर थाना प्रभारी चित्ररंजन कुमार,उप प्रमुख मोहम्मद अकरम अंसारी,ब्लाक कोर्डिनेटर रविन्द्र नाथ महतो, सहायक अभियंता सूदर्शन राणा, तुलसी कालिंदी, कृष्ण चन्द्र सोई,कनिय अभियंता भोला नाथ महतो, मुखिया, पंसस आदि उपस्थित थे।

### सीएम के खिलाफ ईडी की कार्रवाई से भड़के झामुमो नेता, साकची में किया विरोध प्रदर्शन, बोले

# केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी कर रही सीएम को परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शनिवार को रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पूछताछ कर रही थी। वहीं दूसरी ओर राज्यभर में झामुमो नेताओं का विरोध प्रदर्शन चल रहा था. शनिवार को जमशेदपुर के साकची गोलचक्कर पर झामुमो नेताओं ने धरना- प्रदर्शन करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। इसम झामुमो पूर्व सांसद सुमन महतो, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बबन राय सहित पार्टी के सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठें के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इन्होंने बताया कि यदि मुख्यमंत्री गलत हैं तो उन्हें जेल भेजें न कि डराने का काम हो। केंद्र सरकार द्वारा चुनी हुई सरकार को परेशान किया जा रहा है जिससे राज्य का विकास प्रभावित हो रहा है। झामुमो नेताओं ने केंद्र सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि यदि सरकार को इतनी ही चिंता है तो भगोड़े ललित मोदी, नीरव मोदी जैसे जालसाजों को गिरफ्तार करें। देश में जहां भी गैर भाजपा सरकार हैं वहां के नेताओं और मंत्रियों को ईडी और सीबीआई के जरिये परेशान करने का काम किया जा रहा है। जो भ्रष्टाचारी नेता इनके शरण में चले जाते हैं उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है और जो केंद्र सरकार या भाजपा का विरोध करते हैं उनके यहां सीबीआइ और ईडी के छापे मरवाए जाते हैं। झामुमो नेताओं ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अब यदि दुबारा ईडी मुख्यमंत्री को परेशान करती है तो आर- पार की लड़ाई होगी और ईडी को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इस दौरान झामुमो नेताओ ने ईडी और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।




## मुख्यमंत्री से पूछताछ के विरोध में नारगा में ईडी का पुतला दहन

**पटमदा :** शनिवार को जब ईडी की टीम राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ करने के लिए मुख्यमंत्री आवास जा रही थी ठीक उसी समय पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत नारगा चौक पर विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े झारखंडी समाज के लोग ईडी का पुतला दहन कर रही थी। झारखंडी समाज का आरोप है कि ईडी केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है। केंद्र सरकार गैर भाजपा राज्यों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। झारखंड को उसके हक के पैसे केंद्र दबाकर बैठी हुई है। जब-जब इसका डिमांड किया जाता है तो केंद्र ईडी का डर दिखाकर सरकार को अस्थिर करने का काम करती है। साथ ही आरोप लगाया कि राज्यपाल भी भाजपा के इशारे पर काम कर रही है। दीपक रंजीत का आरोप है कि रघुवर दास ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में कई घोटाला किया। भाजपा उसे बचाने के लिए ओड़िसा का राज्यपाल बना दिया। हमलोग मांग करते हैं कि रघुवर दास को राज्यपाल के पद से हटाया जाए और उनके कार्यकाल में किए गए कामों की निष्पक्ष जांच कराई जाय। हमलोग जांच से नहीं घबरा रहे हैं बल्कि भेदभावपूर्ण जांच के खिलाफ हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय महतो, रूस धीबर, छुटुलाल मुर्मू, सुन्दर सोरेन, मंगल हांसदा, बीरेंद्र सिंह, राजीब सिंह, राजू सिंह, भूरा टुडू, लखिन्द्र मुर्मू, हीरालाल सहिस, राजाराम मुर्मू, सुकू टुडू, अजय सिंह, दुखीराम मुर्मू, मंगल टुडू, विनोद टुडू, डेमका सोय, करण मार्डी, बेंगोल सोरेन, इंद्रजीत टुडू, सोमनाथ मुखर्जी व दीपक रंजीत आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## डीसी व एसपी ने रन फॉर सेफ्टी को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम 2024 के तहत जागरूकता उद्देश्य से इंडोर स्टेडियम सरायकेला से भगवान बिरसा स्टेडियम सरायकेला तक रन फॉर सेफ्टी (पैदल मार्च) कार्यक्ृ म का आयोजन किया गया। रन फॉर सेफ्टी अभियान का जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार तथा उप विकास आयुक्त के द्वारा सामूहिक रुप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अभियान में उत्कृष्ट विद्यालय (नृप राज्य प्लस टू उच्च विद्यालय सरायकेला) के छात्र छात्राओं नें भाग लिया। अभियान इनडोर स्टेडियम सरायकेला से प्रारम्भ हो थाना रोड, संजय चौक से होकर भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम सरायकेला में सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी, पुलिस प्रशासन के कई वरीय पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने कहा कि आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा लोगों को सड़क सुरक्षा यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। वही पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार ने सड़क सुरक्षा यातायात नियमों के अनुपालन करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में उपरोक्त का अलावा परियोजना निदेशक आईटीडीए संदीप कुमार दौराइबुरु, जिला परिवहन पदाधिकारी शंकरचर्या शामद, प्रखंड विकास पदाधिकारी सरायकेला यस्मिता सिंह, कार्यपालक दंडाधिकारी डॉ सुधा वर्मा, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी आदिति सिंह, एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को लेकर कांड्रा स्टेशन के समक्ष अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** कांड्रा में विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव समेत अन्य मांगों को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन प्रारम्भ किया गया। पूर्व सांसद प्रतिनिधि प्रकाश कुमार राजू के नेतृत्व में प्रारम्भ हुए इस अनशन को कई सामाजिक संगठनों, व्यवसायियों और आम लोगों से समर्थन दिया है। अनशन में भी काफी संख्या में लोग शामिल हुए। इससे पूर्व स्थानीय समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों ने माला पहनाकर प्रकाश कुमार राजू को माला पहनाकर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर प्रकाश राजू ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती है तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा। बताया कि कई वर्षो से केंद्रीय रेल मंत्री, डीआरएम समेत रेल मंत्रालय के वरिष्ट अधिकारियों को कोरोना काल मे कांड्रा स्टेशन पर बन्द किए गए ट्रेनो का ठहराव पुनः चालू करने, स्टेशन पर यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने समेत 15 सूत्री मांगों के सम्बंध में ज्ञापन देकर ध्यान आकृष्ट कराया गया था। किंतु उनकी ओर से कोई कार्यवाही नहीं किए जाने के बाद इस जनांदोलन को प्रारंभ किया गया है जो नतीजा निकलने तक जारी रहेगा। आमरण अनशन में प्रथम दिन गम्हरिया गुरुद्वारा के स्त्री सत्संग सभा की राजेंदर कौर, प्रधान हरविंदर कौर, सचिव प्रितपाल कौर, कोषाध्यक्ष मंजीत कौर, समाजसेवी राम महतो, कांग्रेस नेत्री अनामिका सरकार, समाजसेवी डॉ जोगेंद्र प्रसाद महतो, गोपाल बर्मन, बागबेड़ा पंसस सुनील गुप्ता, प्रदेश इंटक सचिव राजा सिंह, जिला अध्यक्ष उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेश कुमार सिंह, नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष रमेश बालमुचू, महिला जिलाध्यक्ष वैजयंती बारी, आदि शामिल हुए। वहीं, अनशन स्थल पर विधि व्यवस्था संधारण के लिए कांड्रा थाना प्रभारी पास्कल टोप्पो, आरपीएफ प्रभारी अस्मित वर्मा, सीनी ओसी अमल घोष, चांडिल जीआरपी रमेश कुमार आदि काफी संख्या में पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।




## गोप महासम्मेलन में उठेगा आरक्षण बढ़ाने की मांग : साधु शरण गोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** रांची के हरमू मैदान में 28 जनवरी को प्रस्तावित गोप महासम्मेलन की सफलता हेतु हेतु शनिवार को बोड़ाम गिरिगोबर्धन मंदिर में महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष चितरंजन गोप के अध्यक्षता में तैयारी बैठक हुआ। मौके पर उपस्थित गोप महासम्मेलन के आयोजक, झारखंड प्रदेश गोप महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष साधु शरण गोप ने कहा कि गोप को आर्थिक बदहाली से बाहर निकालने के लिए सरकार से विशेष आरक्षण की व्यवस्था की मांग उठेगा, क्योंकि देश की आजादी के लंबी अवधि बाद भी सम्पूर्ण झारखंड के गोप परिवार में से एक भी आईपीएस आईएएस नहीं है और न सरकारी पदों पर हिस्सेदारी है। और न ही सांसद विधायक है। महासम्मेलन में खोरठा, बंगला, नागपुरी एवं ओड़िया भाषा भाषी के संगम से गोपों के सोच में गुणात्मक परिवर्तन होना अवश्यंभावी है।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कांड्रा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने वाले रामलला के प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर क्षेत्र में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर शनिवार को कांड्रा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी पास्कल टोप्पो ने किया। इस दौरान उन्होंने कांड्रा के सभी मंदिर कमेटी के सदस्यों और शांति समिति के सदस्यों से क्षेत्र में मना रहे उत्सव के विषय में जानकारी ली। मंदिर कमेटी के सदस्यों द्वारा भी उन्हें इस उत्सव को लेकर उस दिन के पूजा पाठ, जुलूस आदि की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर थाना प्रभारी ने कांड्रा वासियों से इस रामोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाने एवं शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील किया। बैठक में मुख्य रूप से जिप सदस्य पिंकी मंडल, डुमरा पंचायत मुखिया पियो हांसदा, कांड्रा पंचायत मुखिया शंकरी सिंह, महावीर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विनोद रजक, समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।



## महाराणा प्रताप के पुण्यतिथि पर झारखंड क्षत्रिय संघ ने उन्हें किया नमन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के पुण्यतिथि पर झारखंड क्षत्रिय संघ ने शुक्रवार को साकची मरीन ड्राइव मोड़ स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर जमशेदपुर पहुंचे राष्ट्रवादी वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस दौरान सभी ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि दी। मौके पर झारखंड क्षत्रिय संघ के अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह सोनारी इकाई के अध्यक्ष मनोज सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, उपाध्यक्ष राज परिवार सदस्य कल्याण चंद्र सिंह, एसएन सिंह, प्रदीप सिंह, महामंत्री हरेंद्र सिंह, कृष्ण सिंह, अनिल सिंह, ओम प्रकाश सिंह और काफी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित हुए थे ।



## पटमदा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का कार्यकम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए शनिवार को पटमदा थाना में परीक्ष्यमान डीएसपी सह थाना प्रभारी अकरम रजा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। मौके पर पटमदा के सर्किल इंस्पेक्टर हीरालाल महतो, पुलिस सब इंस्पेक्टर रणजीत कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य सह केंद्रीय शांति समिति सदस्य प्रदीप बेसरा, रामकृष्ण महतो, गौरीशंकर महांती, ईशान चंद्र गोप, परमेश्वर सिंह, ईशान चंद्र गोप, विजय कुमार मंडल, कृष्णपद सिंह, बृंदावन दास, मोहम्मद महमूद, अलाउद्दीन अंसारी समेत दर्जनों सदस्य शामिल थे।



## सापारुम में हाथियों का तांडव, दहशत में ग्रामीण, विभाग मौन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़/तिरुलदीह :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड क्षेत्र के सापारूम गांव में हाथियों का तांडव जारी है। शुक्रवार की शाम और शनिवार की अहले सुबह को हाथीयों का झुंड सापारूम के अजित महतो, झुड़ू महतो, बनाममली महतो, जनक महतो, दीपक महतो, बशिष्ठ सिंह मुण्डा, अघरी महतो अक्षय तांती का फसलों को चट कर गया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर हाथीयों को मशाल और आग जलाकर जंगल की ओर भगाया। वन विभाग द्वारा हाथियों को क्षेत्र से नहीं भगाने एवं ग्रामीणों को टार्च, पटाखा आदि हाथी भगाने का सामग्री भी नहीं दिए जाने से ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश देखा गया। बताया जा रहा है कि कोई ग्रामीण अगर बस या ट्रेन से तिरूलडीह में शाम को उतरते हैं या कहीं से गांव आने में देर हो जाता है तो गांव आने में भी सोचना पड़ता है। वहीं सांसद प्रतिनिधि सचिदानंद महतो, उप प्रमुख मोहम्मद अकरम व पूर्व मुखिया तपन सिंह मुण्डा ने बताया कि तीन हाथी सापारूम जंगल में व एक कुकडु के पास एक हाथी एक सप्ताह से रह रहा है। बताया कि ग्रामीणों का खेतों में लगे फसल को रौंदकर नष्ट कर दिया। वहीं उन्होंने मांग करते हुए कहा कि हाथियों को वन विभाग भगाने का काम करे व ग्रामीणों का टीम बनाकर टार्च, पटाखा आदि वितरण करे ।



## भव्य टुसू मेला में झूमर शिला शिल्पी झारग्राम ने बिखेरा अपना जलवा, दर्शक झूमे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** अनुमण्डल क्षेत्र आसनबनी पंचायत के बिरीगोड़ा में शनिवार को मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित होने वाले टुसू मेला में लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। एन एच 33 मुख्य सड़क के किनारे बिरीगोड़ा स्थित मैदान में विशाल टुसु मेला समिति बिरीगोड़ा, मेला समिति द्वारा टुसू मेला आयोजित की गई। उक्त मेले में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पोहचे पुर्व जिला परिषद ओम प्रकाश लायेक, भाजपा महिला नेत्री सारथी महतो, भाजपा जिला महामंत्री मधुसूदन गोराई, पूर्व उप प्रमुख प्रबोध उरांव, पूर्व मुखिया गुरुचरण सिंह, बद्रीनाथ माझी, मेला कमेटी के अध्यक्ष दिलीप कुमार महतो ने संयुक्त रूप मंच पर फीता काट कर मेला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सरायकेला-खरसावां जिला सहित जमशेदपुर आस-पास और पश्चिम बंगाल से भी लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मेले में टुसू के अलावा मेले में चौड़ल मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र बना । वहीं कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम से अपने टीम के साथ पहुंची सुप्रसिद्ध झूमर गायिका अपने गीत और नृत्य से सभी दर्शकों को देर शाम तक झुमाया। मेले के समापन से पूर्व टुसू लेकर पहुंचे सभी दलों को मेला समिति द्वारा ईनाम के रूप में सप्रेम नकद भेंट की गई।



## जमशेदपुर एफसी ने शिलांग लाजोंग पर 2- 0 की शानदार जीत दर्ज की

### सेमीफाइनल में 24 जनवरी को ईस्ट बंगाल के खिलाफ मुकाबले को तैयार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शनिवार को अपने ग्रुप बी मुकाबले में शिलांग लाजोंग को 2-0 से हराकर, जमशेदपुर एफसी ने कलिंगा सुपर कप के ग्रुप चरण को एक बेहतर रिकॉर्ड के साथ समाप्त किया। जेएफसी के मुख्य कोच खालिद जमील की टीम पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी थी। अब सेमीफाइनल में 24 जनवरी को ईस्ट बंगाल के खिलाफ मुकाबले को तैयार है। जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच ने मैदान पर सभी भारतीय खिलाडियों से सजी शुरूआती इलेवन को उतारने का फैसला किया, जिसने युवा खिलाड़ियों के लिए एक रोमांचक मंच तैयार किया. पहले हाफ में दोनों टीमों ने सक्रिय रूप से गोल करने का प्रयास किया, कई मौके बनाए लेकिन गोल करने में असफल रहीं. जमशेदपुर एफसी को सफलता हाफ टाइम से ठीक पहले मिली जब 45वें मिनट में सेम्बोई के अच्छे पास ने सनन को क्लिनिकल स्ट्राइक का मौका बनाया. इस गोल ने जमशेदपुर एफसी को महत्वपूर्ण बढ़त दिला दी. दूसरे हाफ में कई रोमांचक पल देखने को मिले. 50वें मिनट में एक नाटकीय क्षण सामने आया जब सेमिनलेन डौंगेल का पेनल्टी प्रयास गोल से चूक गया और पोस्ट से टकरा गया. जमशेदपुर एफसी के गोलकीपर विशाल यादव ने शानदार प्रर्दशन करते हुए 55वें मिनट में एक महत्वपूर्ण बचाव करते हुए हेडर से शिलांग की उम्मीदों पर पानी फेर दी. जमशेदपुर एफसी ने रणनीतिक बदलाव करना जारी रखा, 59वें मिनट में जर्मन और अंबरी ने नोंगदंबा और इमरान की जगह ली. इसका फायदा 73वें मिनट में मिला जब हाओकिप ने सनन के सटीक क्रॉस का फायदा उठाते हुए एक शानदार हेडर बनाया, जिससे जमशेदपुर एफसी की बढ़त 2-0 हो गई. शिलांग लाजोंग एफसी के खिलाफ जमशेदपुर एफसी की जीत में छाप छोड़ने वाले मोहम्मद सानन को कलिंगा प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. अब जमशेदपुर एफसी की नजरें 24 जनवरी, बुधवार को ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले पर टिकी हैं. उम्मीदें हैं कि यह मुकाबला रोमांचक और करीबी होगा.



# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर मची है रार

**केंद्र** सरकार में पुरानी पेंशन बहाली और आठवें वेतन के गठन को लेकर रार मची है। एक तरफ कर्मचारी संगठन हैं, तो दूसरी ओर सरकार है। न तो सरकार ने ही कर्मियों को यह भरोसा दिया है कि उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार होगा। उधर, कर्मचारी संगठन भी अपनी मांगों को लेकर टस से मस होने को तैयार नहीं हैं। केंद्रीय कर्मचारी संगठनों ने हड़ताल की चेतावनी दे डाली है। नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन के संयोजक शिवगोपाल मिश्रा कह चुके हैं कि अब सरकार से कोई बात नहीं होगी, केवल हड़ताल की जाएगी। सूत्रों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा एक फरवरी को लोकसभा में पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट में कर्मियों की दोनों मांगों को सेकर कोई घोषणा हो सकती है। जानकारों के मुताबिक, केंद्र सरकार ने एनपीएस में सुधार के लिए एक कमेटी गठित की है। ऐसी संभावना है कि आगामी सप्ताह में यह कमेटी अपनी रिपोर्ट दे सकती है। हालांकि इस रिपोर्ट में पुरानी पेंशन बहाली जैसा कुछ नहीं देखने को मिलेगा, केवल एनपीएस में सुधार की बात शामिल रहेगी। कई दफा केंद्र सरकार द्वारा खुद ही इस बात की पुष्टि की गई है कि पुरानी पेंशन बहाली, सरकार के एजेंडे में नहीं है। सरकार, इस पर विचार नहीं कर रही है। दूसरी तरफ, सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन को लेकर कह दिया कि इस पर विचार नहीं हो रहा। वित्त सचिव टीवी सोमनाथन कह चुके हैं कि %8वें वेतन आयोग के गठन पर कोई चर्चा नहीं हो रही है%। सोमनाथन ने कहा, हमने सभी संबंधित पक्षों के साथ विचार-विमर्श पूरा कर लिया है। रिपोर्ट जल्द सौंपी जाएगी। सूत्रों का कहना है कि केंद्र सरकार, एनपीएस में कई तरह के बदलाव कर उसे आकर्षक बना सकती है। नई पेंशन व्यवस्था में कर्मचारियों को उनके अंतिम आहरित वेतन का 40 से 45 फीसदी हिस्सा, बतौर पेंशन दे सकती है। एनपीएस के इस बदलाव में ओपीएस के तहत मिलने वाले दूसरों फायदों पर अभी कुछ स्पष्ट नहीं है।ओपीएस के लाभुक का कहना है, केंद्र सरकार से कई बार आग्रह किया गया है कि ओपीएस लागू किया जाए। अगर सरकार की मंशा, एनपीएस में सुधार की है, तो उसे कर्मचारी स्वीकार नहीं करेंगे। सरकारी कर्मियों को बिना गारंटी वाली %एनपीएस% योजना को खत्म करने और परिभाषित एवं गारंटी वाली %पुरानी पेंशन योजना% की बहाली से कम कुछ भी मंजूर नहीं है। पुरानी पेंशन को लेकर, रामलीला मैदान में सरकारी कर्मियों की कई रैलियां हो चुकी हैं। इनमें केंद्र और राज्यों के लाखों सरकारी कर्मियों ने हिस्सा लिया था। इतना कुछ होने पर भी केंद्र सरकार ने कर्मियों की इस मांग की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। देश में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सरकारी कर्मियों का धैर्य अब जवाब देता जा रहा है। केंद्र सरकार को चेताने के लिए कर्मियों ने आठ जनवरी से 11 जनवरी तक %रिले हंगर स्ट्राइक% की है। सभी कर्मचारी संगठनों की जल्द ही बैठक बुलाई जाएगी। उसमें अनिश्चितकालीन हड़ताल की तिथि तय होगी। हड़ताल की स्थिति में ट्रेनों व बसों का संचालन बंद हो जाएगा। केंद्र एवं राज्य सरकारों के दफ्तरों में कलम नहीं चलेगी। एआईडीईएफ के महासचिव कहते हैं, लोकसभा चुनाव से पहले %पुरानी पेंशन% लागू नहीं होती है, तो भाजपा को उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। कर्मियों, पेंशनरों और उनके रिश्तेदारों को मिलाकर यह संख्या दस करोड़ के पार चली जाती है। चुनाव में बड़ा उलटफेर करने के लिए यह संख्या निर्णायक है। यही वजह है कि कर्मचारी संगठन, अब विभिन्न राजनीतिक दलों से संपर्क करेंगे। अगर वे कर्मचारियों की मांग मान लेते हैं, तो दस करोड़ वोटों का समर्थन संबंधित राजनीतिक दल के पक्ष में जा सकता है। देश के दो बड़े कर्मचारी संगठन, रेलवे और रक्षा (सिविल) ने अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए अपनी सहमति दी है। स्ट्राइक बैलेट में रेलवे के 11 लाख कर्मियों में से 96 फीसदी कर्मचारी ओपीएस लागू न करने की स्थिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा रक्षा विभाग (सिविल) के चार लाख कर्मियों में से 97 फीसदी कर्मी, हड़ताल के पक्ष में हैं। जंतर मंतर पर %रिले हंगर स्ट्राइक% के समापन पर शिवगोपाल मिश्रा ने कहा, केंद्र सरकार अब अड़ियल रवैया अख्तियार कर रही है। अब धरना प्रदर्शन नहीं होगा। हम हड़ताल पर जाएंगे। सरकार को ध्यान रखना चाहिए कि 1974 की रेल हड़ताल के बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाई थी। उसके बाद उन्हें मुंह की खानी पड़ी थी। बता दें कि पिछले दिनों पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच के बैनर तले रेलवे कर्मचारियों के साथ राज्य सरकार के कई विभागों के कर्मचारी नार्दर्न रेलवे मेन्स यूनियन के मंडलीय कार्यालय के समक्ष एकत्र होकर क्रमिक भूख अनशन किया। नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के मंडल अध्यक्ष ने कहा कि पुरानी व्यवस्था की पेंशन कर्मचारियों का हक है। इसे केंद्र और राज्य सरकार को अपने-अपने यहां लागू करना चाहिए। कई प्रदेश में सरकारों ने पुरानी पेंशन को लागू भी कर रखा है। उधर, नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मेन्स के आह्वान पर उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन ने भी पुरानी पेंशन बहाली, मंहगाई भत्ते की तीनों किस्तों के एरियर का भुगतान और आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग को लेकर भी अनशन किया। रेलवे कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना को बहाली की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि नई पेंशन योजना उनके लिए असुरक्षित है। एनपीएस के तहत, पेंशन की राशि बाजार की स्थितियों से प्रभावित होती है। यदि बाजार में गिरावट आती है, तो पेंशन की राशि भी कम हो सकती है। इसके अलावा, एनपीएस के तहत, कर्मचारी को अपने वेतन से पेंशन के लिए योगदान देना होता है। इससे उनके वेतन में कमी आती है। रेलवे कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना को बहाली की मांग को लेकर कई बार आंदोलन कर चुके हैं। 2023 में 20 और 21 नवंबर को अनिश्चितकालीन हड़ताल की थी।

### अयोध्या वापस आने पर रामचन्द्र जी के जीवन में एक लोकोपवाद का प्रसंग उपस्थित हो गया

# महर्षि वाल्मीकि का आश्रम व वाल्मीकि समाज

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

> अयोध्या नरेश श्री दशरथ और उनके सुपुत्र श्री रामचन्द्र जी के इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाएं यथा राम वनवास, राम-रावण विवाद, रावण द्वारा सीता का अपहरण, राम द्वारा सामान्य जन का संगठन खड़ा करना और उसी संगठन के बलबूते महाशक्तिशाली रावण को पराजित करना, अयोध्या का शासन सम्भालना, इस सब को पहली बार वाल्मीकि महाराज ने ही भविष्य की पीढ़ियों के लिए समग्र रूप में सुरक्षित किया था। लेकिन रामचन्द्र जी के इतिहास की अनेक घटनाओं का यह आश्रम साक्षी भी कहा जा सकता है।

**राम** कथा के इतिहास में महर्षि वाल्मीकि, विश्वामित्र और वशिष्ठ जी के आश्रम चर्चित थे। लेकिन वाल्मीकि जी के आश्रम की ख्याति का एक और कारण भी था। वे पूर्व इतिहास को लिख भी रहे थे और नए इतिहास को गढ़ भी रहे थे। इस आश्रम की प्रसिद्धि के तीन मुख्य कारण हैं। यहां बैठ कर महर्षि वाल्मीकि ने श्री रामचन्द्र जी के इतिहास को लिपिबद्ध किया था। अयोध्या नरेश श्री दशरथ और उनके सुपुत्र श्री रामचन्द्र जी के इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाएं यथा राम वनवास, राम-रावण विवाद, रावण द्वारा सीता का अपहरण, राम द्वारा सामान्य जन का संगठन खड़ा करना और उसी संगठन के बलबूते महाशक्तिशाली रावण को पराजित करना, अयोध्या का शासन सम्भालना, इस सब को पहली बार वाल्मीकि महाराज ने ही भविष्य की पीढ़ियों के लिए समग्र रूप में सुरक्षित किया था। लेकिन रामचन्द्र जी के इतिहास की अनेक घटनाओं का यह आश्रम साक्षी भी कहा जा सकता है। अयोध्या वापस आने पर रामचन्द्र जी के जीवन में एक लोकोपवाद का प्रसंग उपस्थित हो गया। वह किसी प्रजाजन द्वारा सीता जी पर लगाया गया आक्षेप है। रामचन्द्र जी के सामने संकट उपस्थित हो गया है। शायद सीता अपहरण से भी बड़ा संकट। उन्हें सीता पर सन्देह नहीं है। लेकिन प्रश्न सीता का तो है ही नहीं, यहां प्रश्न प्रजा का है। आक्षेप लगाने वाला राज्य की प्रजा में से है। आज की शब्दावली में कहें तो राज्य का नागरिक है। इस स्थिति में रामचन्द्र जी के सामने अनेक विकल्प हैं। सबसे पहला विकल्प तो अंग्रेजी भाषा में कहें तो इग्नोर करने का है। ऐसे अनेक लोग भौंकते रहते हैं। दूसरा विकल्प निराधार लांछन लगाने के आरोप में दोषी को दंड देने का है। लेकिन रामचन्द्र जी ने राज्य व्यवस्था का एक नया सूत्र दिया। राज की व्यवस्था चाहे लोकतंत्र की हो, कुलीनतंत्र की हो या फिर राजतंत्र की ही क्यों न हो, राज तो लोकलाज से चलता है। यह किसी भी राज्य व्यवस्था का आदर्श या चरम बिन्दु कहा जा सकता है। इस चरम बिन्दु को व्यावहारिक रूप में धारण करना कितना मुश्किल है, वही क्षण रामचन्द्र जी के सामने उपस्थित हो गया था। यह परीक्षा की घड़ी थी। रामचन्द्र इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। उन्होंने सीता का त्याग कर दिया। शायद सीता भी जानती थी कि यह राजा या शासक होने का रामचन्द्र द्वारा स्वयं को दिया गया दंड ही है।



राज सिंहासन यदि प्रजा द्वारा दिया गया पुरस्कार है तो प्रजा द्वारा दिया गया यह दंड भी राजा को लेना ही होगा। राजसिंहासन कांटों का ताज है। राजा यह ताज इसलिए धारण करता है ताकि प्रजा का मार्ग कंटक मुक्त हो जाए। राम को जब उनके पिता ने बनवास दे दिया था, तब राम ने उफ नहीं की थी और अब जब सीता को वनवास मिल रहा था तो उसने भी उफ नहीं की। राम भविष्य के शासकों के लिए राजधर्म के मानदंड निर्धारित कर रहे थे। राज लोकलाज से चलता है। रामचन्द्र के इतिहास का यह दूसरा हिस्सा है। रामचन्द्र स्वयं अयोध्या में हैं, लेकिन उनकी अद्र्धांगिनी वाल्मीकि के आश्रम में आ गई हैं। इस प्रकार रामचन्द्र जी के वंश के इतिहास का यह दूसरा अध्याय महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में घटित भी हो रहा है और साथ-साथ लिपिबद्ध भी किया जा रहा है। इसके बाद महर्षि वाल्मीकि, राम के इतिहास के केवल लेखक न रह कर, स्वयं उसका हिस्सा बन जाते हैं। गर्भवती सीता महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में आश्रय पाती हैं। इसी आश्रम में रामचन्द्र जी के दोनों पुत्रों लव एवं कुश का लालन-पालन होता था। इस तरह ज्ञान साधना का वाल्मीकि आश्रम शस्त्र साधना का केन्द्र भी बन गया था। यहां लव-कुश के साथ ही हजारों युवा शस्त्रों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। यहां देश की सामाजिक व्यवस्था में भी एक नया प्रयोग हो रहा था। अभी तक की सामाजिक व्यवस्था में जो ज्ञान अर्जित करने में रुचि रखता था, उसे शस्त्रों के प्रशिक्षण की जरूरत नहीं समझी जाती थी। जो शस्त्रों का प्रशिक्षण प्राप्त करते थे, उनका ज्ञान साधना से कोई ताल्लुक नहीं होता था। लेकिन महर्षि वाल्मीकि भविष्य द्रष्टा थे। वे देश के भविष्य को देख रहे थे। हजारों वर्षों दूर के भविष्य को। अब वाल्मीकि जी से शस्त्र व शास्त्र की शिक्षा केवल लव-कुश ही नहीं ले रहे थे बल्कि सप्त सिन्धु क्षेत्र के लाखों युवा इस आश्रम की ओर खिंचे चले आ रहे थे। महर्षि वाल्मीकि के लिए वे सभी लव और कुश का रूप ही हो गए थे। ये लोग सभी जातियों, सभी वर्णों के थे। आज जिनको जनजाति समुदाय भी कहा जाता है, उन समुदायों के लोग भी यहां थे। वाल्मीकि आश्रम सही अर्थों में, यदि आज की शब्दावली का प्रयोग करना हो तो समाजिक समरसता का राष्ट्रीय मंच बन गया था। लेकिन यकीनन इसमें सप्त सिन्धु क्षेत्र के लोग सर्वाधिक थे। सप्त सिन्धु क्षेत्र का ऐसा कौनसा समुदाय था जो महर्षि वाल्मीकि आश्रम की ओर खिंचा नहीं चला आ रहा था? यही कारण था कि उनके आश्रम में लव-कुश के साथ-साथ देश के हर हिस्से, विशेषकर सप्त सिन्धु क्षेत्र के युवा, एक साथ ही शस्त्र और शास्त्र की साधना कर रहे थे। 'शस्त्रे शास्त्रे च कौशलम्' का पहला उदाहरण भी सप्त सिन्धु क्षेत्र का यह वाल्मीकि समाज ही कहा जा सकता है। राम के इतिहास का पूर्वाद्र्ध आश्रमों से ही जुड़ा हुआ था। वशिष्ठ ऋषि का आश्रम, विश्वामित्र का आश्रम। लेकिन वाल्मीकि महाराज के आश्रम की महत्ता इसलिए थी कि वे केवल श्री रामचन्द्र जी की सन्तान को ही नहीं बल्कि सामान्य युवा को भी उनके साथ ही प्रशिक्षित करके इस यात्रा के सनातन प्रवाह को आगे बढ़ा रहे थे। और यही उनके आश्रम की ख्याति का तीसरा कारण था। वे नए वाल्मीकि समाज की रचना कर रहे थे। उसे आकार दे रहे थे। वाल्मीकि समुदाय का उदय : वाल्मीकि आश्रम में इन सभी जातियों के श्रद्धालुओं की अलग-अलग जातिगत पहचान समाप्त होकर एक नई पहचान उभर रही थी। महर्षि वाल्मीकि के शिष्य होने के नाते ये सभी अब वाल्मीकि हो गए। इसलिए ये वाल्मीकि कहे जाने लगे। सप्त सिन्धु क्षेत्र में एक नया वाल्मीकि समाज आकार ग्रहण कर रहा था। वाल्मीकि कोई जाति नहीं थी बल्कि अनेक जातियों का एक समाज था। इस समाज में जातियों का अलग स्वरूप घुल गया था। यही कारण है कि वाल्मीकि समाज में अनेक जातियों के गोत्र पाए जाते हैं। आज के सन्दर्भ में इसका साम्य तलाशना हो तो 'राधा स्वामी' समाज में देखा जा सकता है। राधा स्वामी केन्द्र या आश्रम में आस्था रखने वाले श्रद्धालु की एक नई पहचान बनती है।

दृष्टि कोण

# सियासत के चंगुल से मुक्त हों खेल संघ

**भारत** को अंग्रेज हुकूमत से आजाद कराने के लिए देश में कई तहरीकें चलीं। लंबी जद्दोजहद के बाद देश आजाद हुआ। आजादी के बाद मुल्क में लोकतांत्रिक व्यवस्था की बहाली के लिए राजाओं ने अपनी रियासतों का भारत में विलय कर दिया। तब जाकर भारत में जम्हूरी निजाम कायम हुआ। लेकिन बर्तानिया बादशाही का सूर्यास्त होने के बाद देश की खेल संस्थाओं सहित हर इदारे पर सियासी रहनुमाओं की हुक्मरानी कायम हो गई। यह सिलसिला बदस्तूर जारी है। अंग्रेजों का खेल क्रिकेट देश में लोकप्रियता की बुलंदी पर काबिज है। हमारे देश की करोड़ों आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रही है। गुरबत, बेरोजगारी व महंगाई का शदीद दौर जारी है। मगर भारत दुनिया का एकमात्र देश है जहां आईपीएल क्रिकेट के लिए विदेशी खिलाडियों पर करोंड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं। क्रिकेट के बढ़ते खुमार तथा आईपीएल में खिलाडियों पर बरस रहे बेहताशा धन के आगे बाकी खेलों की चमक फीकी पड़ चुकी है। हालात इस कदर बेकाबू हो चुके हैं कि जेंटलमैन गेम कहे जाने वाले क्रिकेट को ही खेल समझा जा रहा है। बाकी खेलों व खिलाडियों को तवज्जो ही नहीं दी जा रही। पारंपरिक कुश्ती अतीत काल से देश का गौरव रही है। गांव देहात के इस प्राचीन खेल कुश्ती को हमारे देश के पुरुष व महिला पहलवानों ने कड़ी मेहनत के बल से अंतरराष्ट्रीय खेल पटल पर विशेष पहचान दिलाई है। ओलंपिक महाकुंभ में



सर्वाधिक बारह पदक जीतकर देश को गौरवान्वित करने वाली भारतीय हॉकी के बाद कुश्ती ओलंपिक में बेहद कामयाब खेल साबित हुआ है। भारतीय पहलवानों ने ओलंपिक में सात व्यक्तिगत पदक जीतकर वैश्विक खेल पटल पर भारतीय कुश्ती का दबदबा कायम किया है। इस सफलता का श्रेय देश के पहलवानों व उनके प्रशिक्षकों को जाता है। ओलंपिक में खेल प्रेमियों की ज्यादातर उम्मीद भारतीय कुश्ती पर लगी होती है। लेकिन ओलंपिक में भारत का परचम लहराने वाली भारतीय कुश्ती तथा पहलवान पिछले एक वर्ष से गर्दिश के दौर से गुजर रहे हैं। भारतीय कुश्ती महासंघ की सरवराही के विवाद ने देश की सियासी हरारत बढ़ा दी है। कुश्ती प्रेमी मायूस हैं। युवा पहलवान तथा उनके अभिभावक असमंजस की स्थिति में हैं। इसी विवाद के चलते वैश्विक स्तर पर कुश्ती का संचालन करने वाली संस्था 'यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग' ने 23 अगस्त 2023 को भारतीय कुश्ती महासंघ को निलंबित कर दिया। हाल ही में 21 दिसंबर 2023 को भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुए, जिसमें एक सियासी रहनुमां की जीत हुई। कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद पर सियासी रहनुमां की जीत से कुछ आंदोलनकारी पहलवान इस कदर खफा हुए कि अपने खेल पुरस्कार लौटाने के साथ कुश्ती से संन्यास का ऐलान भी कर दिया। मगर पहलवानों की नाराजगी से भारतीय खेल मंत्रालय ने 24 दिसंबर 2023 को कुश्ती महासंघ को ही निलंबित कर दिया। विडंबना यह रही कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद का चुनाव हारने वाली महिला एक अंतरराष्ट्रीय पहलवान 'अनीता श्योराण' है। अनीता श्योराण ने सन 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिए कुश्ती में 'स्वर्ण पदक' जीता था। सन 2005 की राष्ट्रमंडल कुश्ती चैंपियनशिप तथा सन 2008 की एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अनीता श्योराण देश के लिए 'कांस्य पदक' जीत चुकी हैं। लेकिन विश्व के कई पहलवानों को चित करने वाली अतंरराष्ट्रीय महिला पहलवान सियासी दांवपेंच में शिकस्त खाकर कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद का चुनाव हार गई। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद पर एक सियासी रहनुमा की भारी जीत तथा एक अंतरराष्ट्रीय महिला पहलवान का चुनाव हार जाना देश की खेल व्यवस्था तथा सियासी निजाम पर कई सवाल खड़े करता है। साथ ही महिला सशक्तिकरण के दावों की पोल भी खोलता है। भावार्थ यह है कि देश के खेल संघों पर भी सियासत अपना पूरा प्रभाव रखती है। सियासतदान खेल संस्थाओं को भी अपनी जागीर मान बैठे हैं। प्रश्न यह है कि जब देश में ओलंपिक स्तर के महिला व पुरुष दिग्गज खिलाड़ी मौजूद हैं तो खेल संघों पर सियासत का दबदबा क्यों है। जिन लोगों का खेलों से दूर तक कोई नाता न रहा हो, खेल संघों पर ऐसे लोगों की हुक्मरानी खेलों के लिए शुभ संकेत नहीं है। अंग्रेजों की खेल विरासत क्रिकेट पर हो रहे बेहताशा खर्च तथा खेल संस्थाओं पर सियासत का दबदबा कायम होने से नुकसान खेलों व प्रतिभाशाली खिलाडियों का हो रहा है। देश के सियासतदानों को समझना होगा कि खिलाडियों की जरूरतों को एक खिलाड़ी ही बेहतर तरीके से जान सकता है। महिला खिलाडियों की समस्याओं को महिला खिलाड़ी ही समझ सकती हैं, सियासतदान नहीं। हैरत की बात है कि देश में किसी भी मुद्दे को सियासी चश्मे से देखा जाता है, जबकि देश के स्वाभिमान के लिए खेल मैदानों पर खून पसीना बहाने वाले खिलाडियों पर सियासत से परहेज होना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय खेल पटल पर देश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाडियों को यदि अपने हकूक के लिए सडक़ों पर आंदोलन करने पड़ें या खेल पुरस्कार लौटाने की नौबत आ जाए, तो यह तनाजुर खेलों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

कुछ अलग

# पतंगबाजी का समाजशास्त्र

**पतंगबाजी** का एक समाजशास्त्र है और हम-यदि इसका समाजशास्त्रीय अध्ययन करें तो पाएंगे कि यह कला और विज्ञान का खेल बच्चों से लेकर बूढ़ों तक में जोश का संचार करने में सफल रहा है। सन 1976 से 1980 तक मैंने भी जमकर पतंगबाजी की और इस दरम्यान मैंने पेंच खूब काटे और उनका प्रभाव मेरे सामाजिक जीवन पर भी पड़ा। शादी से पहले और शादी के बाद दोनों ही स्थिति में इसका समाजशास्त्र फलदायी रहा है। 1973 में विवाह हो चुका था मेरा। लेकिन पतंगबाजी शुरू की मैंने 1976 में। जब मैंने इसका आनंद उठाया तो तीन साल बिना पतंगबाजी के निकालने का बाद में अफसोसजनक पछतावा भी रहा मुझे। शुरू में मुझे इसके विज्ञान पक्ष का ही ज्यादा ज्ञान था कि यह तंग डालकर मांझे और हवा के सहारे यह नन्हीं सी गुडिया आसमान में इठलाती है। परंतु लगातार छत पर बने रहने पर मुझे इसके कलात्मक वैभव का भी पता चल गया। कला इतनी सी ही नहीं थी कि ऊपर या नीचे के पेंच से किसी की पतंग काट दी जाए और 'वो काटा' के शोर में इसकी अन्य बारीकियों को भुला दिया जाए। वे मेरी बेकारी के दिन थे। ढेरों पड़े फालतू समय को मैंने पतंगबाजी के जरिए आबाद रखा और इसमें मैंने नाबाद शतक भी लगाया। परंतु मेरी लोकप्रियता के परवान से एक ही नहीं, अनेक अड़चनें खड़ी हो गईं। मेरी नीयत पर शंकाएं उठाई जाने लगीं और बदनामचा इस कदर हावी हुआ कि मेरी पत्नी ने एक दिन आकर यह कहा कि चरखी मैं पकड़ूंगी। इस घटना से समाजशास्त्र एकदम बदला और पतंगबाजी नीरस और बेजान शगल लगने लगी। एक लगाम सी कस दी गई थी मेरे ऊपर। मैंने लाख कोशिश की कि पत्नी अपनी रसोई का कार्य देखे और वह इस शगल में अपने आपको शामिल न करे, परंतु शक का बीजारोपण हो चुका था, इसलिए उसे समझाना मुझे भैंस के आगे बीन बजाने जैसा लगा। मैं जो बीन बजा रहा था उसका अपना एक क्रेज, आनंद और नशा था। खुमारी ऐसी कि तोड़े नहीं टूटे। समाजशास्त्र की दृष्टि से सवाल खड़ा हुआ कि पत्नी के साथ निरर्थक पतंगबाजी की जाए अथवा उसे किसी बहाने नीले सटकाकर इसका भरपूर आनंद लिया जाए। बेलौस चीखना, कमेंट करना और आवारगी का आलम बदस्तूर कैसे जारी रह सकता है। लेकिन मैंने राजनीतिशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि ली थी और पत्नी ने समाजशास्त्र से। इसलिए खींचतान तो थी, परंतु आनंदानुभूति भी कम न थी। दोनों ही विषयों को कला और विज्ञान विद्वानों ने माना है, इसलिए चालाकीपूर्ण एक खिलाड़ी का पूर्णकालिक आनंद धूल चाटने को मजबूर था। पतंगबाजी में राजनीति तो थी, परंतु समाजशास्त्र का दखल अधिक होने से मांझे की चरखी का पत्नी को थाम लेना, इसके तमाम कमजोर कर रहा था। सन 1980 में इन्हीं विवशताओं के रहते मुझे झुकना पड़ा और पतंगबाजी को मैंने अपने भरे गले से विदाई दी। उस दिन बड़ा कारुणिक दृश्य था। मैं सारा कबाड़ख़ाना बटोर रहा था और पत्नी भरी मुस्कान से मेरे दायित्वों का बोध कराती मेरे अबोध बालक को मुझे सौंपकर कह रही थी-'बहुत हो गया। जागे वहीं सवेदा।' उस दिन मुझे उसने रसोई में आटे का खाली डिब्बा दिखाया और बच्चे को दूध लाने के लिए कुछ उद्यम करने को उकसाया। विलम्ब से ही सही, पत्नी का समाजशास्त्र काम आया और मैं आज समाज में बैठने लायक हो गया हूं। यदि मैं अपनी बचकानी राजनीति में लगा रहता तो राम जाने यह पतंगबाजी और क्या गुल खिलाती? पतंगबाजी का समाजशास्त्र अब मेरी समझ से परे नहीं था।

देश दुनीया से

# विश्व का प्राचीन और विलक्षण महाकाव्य है रामायण

> ''रामायण'' विश्व के प्राचीनतम् महाग्रन्थों में से एक है। मान्यता है कि नारद ने यह ज्ञान वाल्मिकी को दिया और फिर वाल्मिकी ने रामायणकी रचना की। जबकि रामचरितमानस की रचना सोलहवी सदी में तुलसीदास द्वारा की गई। रामायण को संस्कृत भाषा में और रामचरितमानस को अवधी भाषा में लिखा गया। दोनों ही ग्रथों में भगवान राम की कथा 7 खण्डों या अध्यायों में लिखी गई है। वाल्मीकि कृत 'रामायण' में लगभग 24,000 छंद (श्लोक) हैं। जबकि . अवधी में लिखे गए 'रामचरितमानस' में लगभग 11,000 छंद (चौपाई) हैं। हालांकि, दोनों ही भगवान राम को मुख्य पात्र मानकर लिखी गई हैं। रामायण के दोनो सबसे प्रसिद्ध संस्करणों की अपनी विशिष्ट विशेषताएं और सांस्कृतिक प्रभाव हैं।

**अध्योध्या** में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही भारत वर्ष के धार्मिक इतिहास में 22 जनवरी की तिथि को एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। इस ऐतिहासिक तिथि से पूर्व ही अधिकांश हिन्दू जनमानस राममय हो रहा है। भगवान राम की कथा मानो जैसे पुनर्जीवित हो रही हो। ऐसी स्थिति में उस अध्यात्मिक कथा के आधार ₹रामायण₹ पर भी चर्चा जरूरी है। इस महाग्रन्थ के मूल रचियता महर्षि वाल्मीकि और उस महाग्रन्थ की प्रतिकृति 'रामचरित मानस' के रचियता महाकवि तुलसीदास का स्मरण भी समीचीन ही है। रामायण भाव भाषा शैली समस्त दृष्टि से एक विलक्षण महाकाव्य है। इस महाकथा में श्रृंगार, शान्त, करुण, भक्ति, वात्सल्य समस्त रसों का यथोचित प्रयोग किया गया है।

## रामायण का पुनर्जन्म है रामचरित मानस

मर्यादा पुरुषोत्तम राजा राम की कथा हमें महर्षि वाल्मीकि कृत ''रामायण'' में भी मिलती है तो महाकवि तुलसीदास कृत ''राम चरित मानस'' मानस में भी मिलती है। रामचरितमानस वाल्मिकी रामायण का पुनर्जन्म माना जा सकता है। ''रामायण'' विश्व के प्राचीनतम्-महाग्रन्थों में से एक है। मान्यता है कि नारद ने यह ज्ञान वाल्मिकी को दिया और फिर वाल्मिकी ने रामायणकी रचना की। जबकि रामचरितमानस की रचना सोलहवी सदी में तुलसीदास द्वारा की गई। रामायण को संस्कृत भाषा में और रामचरितमानस को अवधी भाषा में लिखा गया। दोनों ही ग्रथों में भगवान राम की कथा 7 खण्डों या अध्यायों में लिखी गई है। वाल्मीकि कृत 'रामायण' में लगभग 24,000 छंद (श्लोक) हैं। जबकि. अवधी में लिखे गए 'रामचरितमानस' में लगभग 11,000 छंद (चौपाई) हैं। हालांकि, दोनों ही भगवान राम को मुख्य पात्र मानकर लिखी गई हैं। रामायण के दोनो सबसे प्रसिद्ध संस्करणों की अपनी विशिष्ट विशेषताएं और सांस्कृतिक प्रभाव हैं।

विश्व के पांच प्राचीनतम महाकाव्यों में से एक रामायण

दरअसल ₹रामायण₹ विश्व के पांच प्राचीनतम्-महाग्रथों में से एक है। दुनिया के सबसे पुराने और महानतम महाकाव्य विभिन्न संस्कृतियों और सभ्यताओं को दर्शाते हैं, जो समृद्ध आख्यानों और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रदर्शित करते हैं। ये महाकाव्य विभिन्न सभ्यताओं में साहित्य, कला और संस्कृति को प्रभावित करते हुए समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। इनमें भारत के ₹महाभारत₹ और ₹रामायाण₹ शामिल हैं। जबकि अन्य महाग्रन्थों में गिलगमेश का महाकाव्य (सुमेरियन या बेबीलोनियाई), इलियड और ओडिसी (ग्रीक) और रोमन महाकाव्य एनीड शामिल हैं। रोमन कवि वर्जिल द्वारा लिखित, एनीड एक ट्रोजन नायक एनीस की पौराणिक कहानी बताता है, जो इटली की यात्रा करता है और रोमनों का पूर्वज बन जाता है। वाल्मीकि को भगवान राम का समकालीन माना जाता है और ₹रामायाण₹ का रचनाकाल त्रेता युग माना जाता है। जबकि दोनों संस्करण भगवान राम की यात्रा की मौलिक कथा साझा करते हैं, शैली, जोर और सांस्कृतिक संदर्भ में अंतर प्रत्येक संस्करण को अद्वितीय बनाते हैं। पाठक अपनी पसंद और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के आधार पर रामायण के विभिन्न पहलुओं की सराहना कर सकते हैं।

## वाल्मीकि रामायण में 7 काण्डों में रामकथा

वाल्मिकी की रामायण को मूल माना जाता है और इसे इसकी विस्तृत कथा, नैतिक शिक्षाओं और काव्य सौंदर्य के लिए आदर दिया जाता है। यह हिंदू दर्शन और संस्कृति के लिए एक मूलभूत पाठ प्रदान करता है। ₹रामायण₹ सात अध्यायों या कांडों से बनी है, जिसमें लगभग 24,000 छंद (श्लोक) हैं। इसका विस्तार जिन 7 काण्डों में दिया गया है उनमें प्रथम बालकाण्ड है। इस अध्याय में भगवान राम के जन्म और बचपन का वर्णन है। दूसरे अध्याय या कांड में अयोध्या कांड है जो कि राम के वनवास की घटनाओं और अयोध्या के लोगों की प्रतिक्रियाओं का वर्णन करता है। तीसरा अरण्य कांड है जो चौदह वर्ष के वनवास के दौरान जंगल में राम के जीवन पर प्रकाश डालता है। अगला किष्किंधाकांड राज्य में राम की हनुमान से मुलाकात और सीता की खोज की कहानी बताता है। इसी तरह सुंदरकांड सीता की खोज में हनुमान की लंका यात्रा पर केंद्रित है। युद्धकांड में राम और रावण के बीच हुए महान युद्ध का विवरण है। अंतिम उत्तरकांड में राम के राज्याभिषेक, सीता के निर्वासन और राम के पुत्रों, लव और कुश के जन्म पर चर्चा की गई है।

## रामचरित मानस का भी 7 ही काण्डों में विस्तार

अवधी भाषा में लिखी गई तुलसीदास की रामचरितमानस उत्तर भारत में अत्यधिक पूजनीय है। इसने राजा राम की कहानी को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और भक्ति प्रथाओं पर इसका महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है।

आप का नजरीया

# विलुप्त होती गाय

**प्रधानमं** नरेंद्र मोदी ने मकर संक्रांति के दिन अपने निवास पर गायों का पूजन किया। जब आंध्रप्रदेश की पुंगनूर नस्ल की इन गायों को चारा खिलाते मोदी की खूबसूरत तस्वीरें मीडिया में आईं तो आम जनमानस ने उन्हें देर तक निहारा। इन तस्वीरों को देखकर गो-भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। हिंदू संस्कृति में प्रत्येक शुभ दिन गो-पूजा करने का विधान है। हिंदू सभ्यता एवं संस्कृति में आस्था रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति की भांति मोदी में गाय के प्रति आदर भाव स्वाभाविक तौर पर है। मकर संक्रांति पर मोदी ने जिस आदर भाव को व्यक्त किया है, वह गायों के संरक्षण एवं संवद्र्धन के लिए जन-जन की प्रेरणा का स्रोत बनेगा, यह आशा की जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी देश के ऐसे नेता हैं, जिनका अनुसरण उनके करोड़ों समर्थक करते हैं। मोदी जो कहते हैं, जो करते हैं, वह उनके समर्थकों के लिए अनुकरणीय हो जाता है। संदेश देने की मोदी की अपनी खास शैली है। वह उचित अवसर पर कुछ ऐसा कर देते हैं जिससे आम जनमानस प्रभावित होता है। मोदी की कार्यशैली देश के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। यही वजह है कि मोदी की बदौलत विभिन्न जन जागरण और सामाजिक बदलाव के कार्य सहजता से सफल हो जाते हैं। स्वच्छ भारत, फिट इंडिया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण और जल संचय, वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत, सुगम्य भारत और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा जैसे उदाहरण हमारे सामने हैं। ये सब देश को प्रगति के पथ पर ले जाने वाले और सामाजिक परिवर्तन के कार्यक्रम हैं। अब ताजा उदाहरण संक्रांति पर गायों की पूजा का है। सवाल उठता है कि संक्रांति पर पूजन के लिए मोदी ने आंध्रप्रदेश की पुंगनूर नस्ल की इन छोटे कद की गायों को ही क्यों चुना? क्या इसके पीछे मोदी की कोई संदेश देने की भावना निहित है? जी हां, बिल्कुल ऐसा ही है। मोदी ने इन गायों के पूजन के जरिए हर भारतीय को गो सेवा का संदेश दिया है। पुंगनूर गायों को इसलिए चुना गया है क्योंकि अत्यधिक पौष्टिक और औषधीय महत्व का दूध देने वाली ये गाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं और इस नस्ल को बचाने के लिए आंध्रप्रदेश में प्रयास किए जा रहे हैं। जाहिर है, मोदी ने न केवल विलुप्त हो रही इन गायों को बचाने की आवश्यकता प्रतिपादित की है, बल्कि इसके साथ-साथ सभी नस्लों की गायों के संरक्षण एवं संवर्धन पर भी जोर दिया है। मोदी के गो संरक्षण के इस संदेश के पीछे ग्रामीण भारत को आगे ले जाने की भावना निहित है। भारत की आत्मा गांवों में बसती है और गाय के बिना ग्रामीण भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती। भारतीय सनातन संस्कृति में गाय का अत्यंत महत्व है। गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं के वास की धार्मिक मान्यता है। धार्मिक मान्यताओं में गाय को पाप हरने वाली और वातावरण को सकारात्मकता से भर देने वाली बताया गया है। हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा प्राप्त है। विलुप्त हो रही गायों के संरक्षण के लिए समाज को आगे आना होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### शीला और ईद के पांच घरों में अज्ञात चोरों ने की चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** शीला ओपी क्षेत्र के ईद और शीला गांव के पांच घरों में शुक्रवार की रात चोरी की गई। चोरी किए गए घरों में ईद के जगन्नाथ महतो और सुरेश महतो जबकि शीला के जगदीश यादव महेश भुईया और मुस्तकीम मियां का घर शामिल है। चोरों ने उक्त सभी घरों से नगदी, जेवरात, बर्तन उड़ा लिए। इस बाबत भुक्तभोगियों ने शीला ओपी को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। भुक्त भोगियों का कहना है कि घर के पुरुष सदस्य बाहर काम करते हैं। ऐसे में चोरों ने आसानी से घरों में चोरी कर ली।

# दुष्कर्म के आरोपी को अविलंब गिरफ्तार करने की दी गई चेतावनी वर्ना होगी आंदोलन : खरवार भोगता समाज

### हमारे बहु बेटियों के साथ इस तरह बलात्कार का मामला अब सहन नहीं किया जाएगा : भोगता समाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के खरवार भोक्ता समाज विकास संघ की एक बैठक शनिवार को डायट परिसर में की गई। बैठक की अध्यक्षता छोटू सिंह भोक्ता ने की। बैठक में समाज के वरिष्ठ नेता रामदेव सिंह भोगता और छठु सिंह भोक्ता भी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में दुष्कर्म के आरोपी भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडेय के विरुद्ध पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर तत्काल गिरफ्तार किया जाए। इसके अलावा उसके पुत्र विक्की कुमार पांडेय को अपहरण और जान से मारने की धमकी देने के जुल्म में गिरफ्तार करने की मांग की है। अन्यथा सिमरिया से चतरा तक उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस बाबत समाज के सदस्यों ने थाना प्रभारी को लिखित आवेदन सौपा है। गौरतलब है कि चौथा गांव के एक नाबालिक छात्रा से संजय पांडेय ने जबरन दुष्कर्म किया है। वहीं केश उठाने को लेकर धमकी देते हुए आरोपी के बेटे विक्की कुमार पर अपहरणऔर जान से मारने की प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार किया जाय। समाज के लोगो ने श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता पर नाराजगी जताई। कहा कि इस मामले में संज्ञान नहीं लेना दुर्भाग्यपूर्ण है। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि अब भोगता समाज चुप नहीं बैठेगा। वैसे लोगों के जुल्म का शिकार सदियों से होते आ रहें हैं। अब हम लोग अपना हक अधिकार की लड़ाई तथा बहु बेटियों की सुरक्षा के लिए हमेशा ततपर हैं ।किसी भी हाल में वैसे आरोपी को नहीं छोड़ेंगे। संजय पांडेय उदण्ड प्रविर्ती के व्यक्ति है फिर भी उसे भाजपा के जिला संगठन मंत्री और सासंद सुनील सिंह के जन प्रतिनिधि बनाया गया है जो अफसोस है। आगे कहा कि उक्त भुक्त भोगी परिजनों को पुलिस द्वारा सुरक्षा प्रदान किया जाय जिस तरह उसके बेटे द्वारा केश उठाने को लेकर रात्रि को हमला किया गया है। बैठक में सुनील भोक्ता, विजय अनुज सुनील राजेश राजेश, भीम, केशो गंझू, अनिल पिंटू, रीवा, कपिल, प्रमोद, सुखदेव, कृष्णा, दिनेश, उपेंद्र भोगता सहित समाज के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# 22 जनवरी को उत्सव के रूप में मनाने को लेकर बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** शनिवार को महावीर मंदिर परिसर में 22 जनवरी में तैयारी को लेकर बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता अजित मिश्रा व संचालन पंकज कुमार गुप्ता ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप लोहरदगा से आजात शत्रु, धर्म जागरण मंच से शुभम कुमार, रिंकू सिंह, मिथुन तमेरा मौजूद थे। बतादें की रामजन्मभूमि अयोध्या में रामलला का मंदिर बनकर तैयार हो चुका है। इस बीच मंदिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोरों पर है।मंदिर में रामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 22



जनवरी 2024 की तारीख सुनिश्चित की गई है।इसे लेकर देश मे काफी हर्ष का माहौल है।इसी के उपलक्ष्य में वही 22 जनवरी को कुन्दा में भी मठ मंदिरों को सजाया जाएगा। वही ऐतिहासिक स्थल महादेव मठ को भी आकर्षक रूप से सजाया जाएगा एवं भव्य आरती के साथ प्रोजेक्टर पर लाईव प्रसारण दिखाया जाएगा। वही भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी प्रवीण सिंह भी मौजूद रहेंगे।वही आजात शत्रु ने सभी ग्रामवासियों से रामलला का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 22 जनवरी को उत्सव के रूप में मनाने की अपील की है। उन्होंने यह भी बताया इस पावन मौके पर दूधिया रौशनी से जगमग होगा कुन्दा। मौके पर उपप्रमुख सत्येंद्र गुप्ता, लवकुश कुमार गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, पवन कुमार गुप्ता, नीतीश रंजन राजूरंजन, विशाल, आशीष, नीतीश, विक्की, छोटू, रिंकू, उमेश, गौतम समेत कई लोग मौजूद थे।

## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के तहत किसान गोष्ठी का आयोजन

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत कटघरा गांव में शुक्रवार को कृषि पशुपालन विभाग के द्वारा किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जहां दर्जनों महिला किसान दिदी उपस्थित हुई।यह कार्यक्रम सिंगल विंडो के बीटीएम अर्मेंद्र पांडेय एटीएम दीनदयाल कुमार के द्वारा करवाया गया। जहां किसानों को जैविक खेती करने के बारे में बतलाएं।उसके बाद केसीसी से संबंधित जानकारी बताएं।व अन्य कई जानकारियां बताई गई।मौके पर उपस्थित महिला किसान रेखा देवी सरिता देवी सुलोचना कुमारी जसोदा देवी मालती देवी अनिशा कुमारी सोनी कुमारी व अन्य किसान महिलाएं उपस्थित थी।

## गणतंत्र दिवस को लेकर 20 सूत्री कमिटी ने की बैठक, अधिकांश मुखिया बैठक से रहे नदारद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** प्रखंड सभागार में गणतंत्र दिवस मनाए जाने को लेकर प्रखंड विकास अधिकारी और बीस सूत्री कमिटी ने प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक की। पूर्व की तरह इस बार भी भव्य तरीके से गणतंत्र दिवस मनाए जाने को लेकर प्रखंड कर्मियों के साथ-साथ इस महत्वपूर्ण बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों को भी हिस्सा लेना था लेकिन प्रखंड के अधिकांश पंचायत प्रतिनिधि नदारद रहे। प्रखंड के करमा पंचायत के समाजसेवी सह मुखिया श्री रामनाथ यादव और पेटादेरी पंचायत के मुखिया पति श्री रामस्वरूप यादव वह 20 सूत्री कमिटी के सदस्य जमील अख्तर समेत अन्य उपस्थित रहे।जनप्रतिनिधियों की गैर मौजूदगी से पूछे गए सवाल पर 20 सुत्री अध्यक्ष श्री रामभरोस यादव ने प्रभात मंत्र से कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण मौकों पर जनप्रतिनिधियों को बैठक में हिस्सा नहीं लेना आश्चर्य से भरा है। हालांकि यह मामला जनप्रतिनिधियों का है वही जाने। दूसरी तरफ प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा ने कहा कि गणतंत्र दिवस से पहले मुख्यालय के अलग-अलग मुख्य चौक चौराहों पर स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा।

## भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** 22 जनवरी को अयोध्या धाम में होने वाले भगवान श्री राम मंदिर उद्घाटन एवं श्री राम लाल का प्राण प्रतिष्ठा को शांति एवं सौहार्दपूर्ण मानने को लेकर शनिवार को टंडवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी राजेंद्र कुमार दास एवं संचालन पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 21 एवं 22 जनवरी को टंडवा थाना के अंतर्गत कई क्षेत्रों में निकाले जा रहे झांकी को शांतिपूर्ण तरीका से संपन्न किया जाए। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव, भाजपा जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता, समाजसेवी सुभान मियां ,टंडवा थाना क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, बजरंग दल के लोग सहित कई गण्यमान एवं बुद्धिजीवी शामिल हुए।

## राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सांसद ने कुन्दा में बांटा ढ़ोलक : झाल मंजीरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा) :** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को ले कर सांसद के सौजन्य से मंदिरों में हुवा ढ़ोल मजीरा का वितरण आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को ले कर चतरा लोकसभा के सभी मंदिरों में ढ़ोल मजीरा डफली का वितरण सांसद श्री सुनील कुमार सिंह के सौजन्य से वितरण किया जा रहा हैं।राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर सभी राम भक्तो में उत्साह देखा जा रहा है सभी मंदिरों में पूजा पाठ का आयोजन किया जा रहा है।इस कार्य के लिए सांसद सुनील कुमार सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी,सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार यादव, लवकुश कुमार गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

## आरोपी संजय पांडेय पर कानून कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** चतरा जिला परिषद सदस्य चन्द्रदेव गोप ने पीड़िता छात्रा के परिजनों से मुलाकात करते हुए वस्तु स्थिति से अवगत हुए। जानकारी प्राप्त में पीड़ित छात्रा से साथ बाजबरन बलात्कार का मामला सही पाया गया। जीप सदस्य चन्द्रदेव गोप ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि चंद ऐसे लोग हैं जो समाज को दागदार कर रहें है। जिसका नतीजा है कि पूर्व से लेकर आज तक वैसे लोगों का शिकार होकर आज बेघर हो रहें हैं। अब लोग जाग चुके है अपनी हक अधिकार के लिए पीछे नहीं हैं। हम सिमरिया थाना प्रभारी एवं जिला पुलिस कप्तान से आग्रह करेंगे कि वैसे बल्तकारी संजय पांडेय को अविलंब गिरफ्तार किया जाय वर्ना अब बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा। एक तरफ केंद्र सरकार का बेटी बचाव बेटी पढ़ाव वहीं दुशरी तरफ भाजपा के हीं जिला संगठन मंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि संजय पांडेय द्वारा इस तरह बलात्कार किया जाना बहुत हीं अफसोस एवं शर्मनाक है। ऐसे व्यक्ति को कानून संगत पोस्को एक्ट के तहत अविलंब गिरफ्तार किया जाना चाहिए। मौके पर जेएमएम के नेमधारी महतो, लावालौंग प्रखण्ड के जिला परिषद सदस्य प्रसाद भुंइया, प्रदुम्न यादव के अलावे अन्य लोग शामिल थे।

# लातेहार की खबरें

## जिला परिवहन कार्यालय के द्वारा रन फॉर सेफ्टी का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला परिवहन कार्यालय के द्वारा सड़क सुरक्षा माह के तहत रन फॉर सेफ्टी का आयोजन किया गया। रन फॉर सेफ्टी के तहत दौड़ समाहरणालय परिसर से शुरू होकर थाना चौक होते हुये जिला खेल स्टेडियम में समाप्त हुआ। दौड़ में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता उदय कुमार, थाना प्रभारी लातेहार आशुतोष कुमार, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, पंकज तिवारी, परिवहन कार्यालय के कर्मी, पुलिस के जवान, छात्र-छात्राएं शामिल थे। रन फॉर सेफ्टी के माध्यम से लोगों को यातायात एवं सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।जिला खेल स्टेडियम के बाहर आयोजित कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार ने कहा सावधानी पूर्वक यातायात नियमों का अनुपालन करते हुवे वाहन चलाएं।जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने यातायात नियमों की जानकारी दिया तथा कहा अपनी सुरक्षा के लिए दो पहिया वाहन चलाते हुवे हेलमेट अवश्य पहनें तथा कार चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं।

## ईंट भट्ठा में सोए दो युवकों का संदिग्ध अवस्था में हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के चमातु स्तिथ तिलैयाटांड ग्राम में ईट भट्ठा में चढ़कर सोए दो युवकों की संदिग्ध अवस्था में शव पाया गया। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार भट्ठा संचालक सुदेश उराँव 26वर्ष पिता फूलदेव उराँव ग्राम तिलैयाटांड,चमातु थाना बालूमाथ निवासी एवं प्रवीण कुमार 25वर्ष पिता ईश्वर उराँव ग्राम मारंगलोइया थाना बालूमाथ निवासी (दोनो आपस मे रिश्तेदार) शुक्रवार की देर रात खाना खाया और ईट भट्ठा में चढ़कर सो गये जहां भट्ठा में नीचे से आग लगी हुई थी ।इस दौरान दोनो युवको ने ओस से बचने के लिए तिरपाल से खुद को ढक लिया ।शनिवार सुबह भठा में काम करने वाले अन्य लोग देर सुबह तक नही उठे तो उन्हें जगाने गए तो संदिग्ध अवस्था में दोनों युवकों को



मरा हुआ पाया। घटना की सूचना पाकर अमरवाडीह पिकेट प्रभारी कुबेर साव घटनास्थल पहुंचे ।और दोनों युवकों के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेजा । पुलिस के अनुसार दोनों युवक की मौत दम घुटने के कारण हुई है। वहीं मृतक प्रवीण उरांव के पिता ईश्वर उरांव ने हत्या की आशंका जताई है।

### 22 जनवरी मंदिर उद्घाटन पर प्रखंड में होने वाले कार्यक्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** थाना परिसर में डीएसपी धर्मदेव पासवान एवं अंचलाधिकारी संतोष कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। 22 जनवरी को अयोध्या में मंदिर उद्घाटन के शुभ अवसर पर प्रखंड क्षेत्र समेत विभिन्न मंदिरों में उत्सव के रूप में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर अधिकारियों ने कई दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया ने लोगों से आग्रह किया कि 22 जनवरी को मांस व शराब ना बेच शराब पीने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा अगर कोई भी व्यक्ति शराब बेचते हुए या शराब पीते तथा मांस मछली बेचते हुए पकड़े जाएंगे विधि समस्त उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित अंचल अधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि किसी भी तरह के अफवाह में ध्यान ना दें। अगर किसी तरह की बात आती है तो उसे अधिकारियों को बताएं।

## बालूमाथ थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना परिसर में शनिवार को बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम का प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है ।इस मौके पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले मैसेज, आप्रमाणिक जानकारी, भड़काऊ वीडियो, का आदान-प्रदान, मैसेज, व्हाट्सएप/फेसबुक में नहीं करें। लातेहार साइबर सेल इसे रोकने के लिए सक्रिय है। जो भी इस तरह का कार्य करेंगे उस पर पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बालूमाथ वीडीओ सोमा उरांव ने कहा कि 22 तारीख को शांति व्यवस्था बहाल करने में आप सभी समुदाय के लोग सहयोग करें। वही पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन ने कहा कि जो कोई भी कानून को हाथ मिलेगा उसे किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में नजर आता है या कोई भी आपसी सौहार्द बिगड़ने जैसा कोई कार्य करता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर प्रखंड कार्यालय में बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उराव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई ।बैठक को संबोधित करते हुए बालूमाथ उप प्रमुख कामेश्वर राम ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। वहीं सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भाती इस वर्ष भी सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालय, राजनीतिक दल संस्था में झंडोत्तोलन किया जाएगा। जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी 7:45, प्रखंड कार्यालय 8:00 बजे ,सभी बैंक/ अस्पताल /सीसीएल ऑफिस 8:15, पशु चिकित्सा 8:25, पेंशनर समाज 8:30, झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय 8:35, शहीद चौक मुरपा मोड 8:40 भाजपा कार्यालय 8:45, कांग्रेस कार्यालय 8:50, बालूमाथ थाना 9:00 बजे ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 9:05, सभी सरकारी गैर सरकारी स्कूल 9:15, बीआरसी कार्यालय 9:20 ,राजद कार्यालय 9¬30,सीसीएल कार्यालय 9¬35, जिला परिषद कार्यालय 9:40, आरएमडब्ल्यूएस 9:50, उच्च विद्यालय 10:00 बजे निर्धारित की गई। इस बैठक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष पांडे ,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निर्मला लता, महिला प्रसार पदाधिकारी मोनिका मिंज, कांग्रेस अध्यक्ष अमीर हयात,आपूर्ति पदाधिकारी सुमित सिन्हा, लेखपाल राजीव रंजन, पंचायत समिति सदस्य ईश्वरी पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आगामी गणतंत्र दिवस पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में संध्या छह बजे से आयोजित किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के साभागार में आयोजित इस पूर्वाभ्यास में सर्व शिक्षा अभियान की एपीओ रोज मिंज व स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप के निदेशक आशीष टैगोर ने भाग लिया। पूर्वाभ्यास में राजकीय मध्य विद्यालय बाजार, राजकीय कृत उच्च विद्यालय चंदनडीह, सरस्वती विद्या मंदिर, चिल्ड्रेन कान्वेंट, राजकीय बुनियादी विद्यालय, मुख्यमंत्री उत्कृष्ठ उच्च विद्यालय, लातेहार के प्रतिभागियों ने भाग लिया। अन्य विद्यालयों ने पूर्वाभ्यास में भाग नहीं लिया इस पर नाराजगी जाहिर की गयी। अंतिम पूर्वाभ्यास आगामी 24 जनवरी को जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित किया जायेगा। मौके पर शिक्षिका सिंधु कुमारी, दीपक कुमार व शिवानी वर्मा आदि मौजूद थे।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू (लातेहार) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत टोंटी पंचायत स्थित इटके ग्राम के मदरसा परिसर में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर मे प्राण प्रतिष्ठा को लेकर स्थानीय मुखिया शान्ति देवी की अध्यक्षता में शान्ति समिति की बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पं. समिति सदस्य मो ओजेफा थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, पुलिस अवर निरक्षक आनंद कुमार, बिंदेश्वर महतो, समाजसेवी देवनन्दन प्रसाद, ग्राम प्रधान, सतेन्द्र राम, गोपाल यादव, संजय सिंह, गौतम सिंह, बृजमोहन राम,मो, खोयब मिंया, मो, मुर्सिद सहित, कई गणमान्य लोगों ने अयोध्या में 22 जनवरी को हो रहे श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को शान्तिपुर्ण व सह सौहार्दपुर्ण वातावरण में मनाये जाने की बात की। बैठक को संबोधित करते हुए समाजसेवी मो कय्यूम ने कहा कि मान्यनीय सर्वोच न्यायालय के आदेश से श्रीराम मंदिर का निर्माण हो रहा है, जिसको लेकर हम सभी के मन मे



आदर का भाव है, उसी आदरभाव के साथ हमे प्राण प्रतिष्ठा के दिवश को मनाना हैं, अगर बच्चे चाहे हिन्दू के हो या मुस्लिम के, अगर किसी प्रकार के अनैतिकता दिखाते है, तो उन्हें तुल न ही देना है, अभिभावक को बताना है,और अयोध्या में 22 जनवरी को हो श्रीराम मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा को एक त्योहर नही बल्की राष्ट्रीय त्योहर के रुप मैं बनाना ताकि देश हमारी एकता, भाईचारा और सौहार्द बना रहे। मो गुलजार अहमद ने कहा कि हमे किसी भी प्रकार के अनैतिक तत्वों को बढावा नहीं देना है, ताकि हमारे समाज मे सौहार्द बना रहे। वहीं थाना प्रभारी चौधरी ने कहा की अफवाहों पर ध्यान नहीं देंगे। कोई भीसमस्या हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। किसी भी प्रकार से कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करे तो बिना देर किए सूचित करें। क्षेत्र में शरारती तत्वों अपराधियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी। साथही सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक खबर को ना फैलाएं, जिससे क्षेत्रमें अशांति हो।

# बीडीओ ने प्रतिनिधियों के साथ की बैठक, गणतंत्र दिवस की समय सारणी की गई तय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** 26 जनवरी को सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में झंडोतोलन के समय सारणी तय करने को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सभागार में बैठक की गई।बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड प्रमुख जैबुन निशा ने की तथा संचालन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने किया। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि समय सारणी तय की गयी। इसके अलावा 22 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा।25 जनवरी को 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा।मौके पर अंचल अधिकारी रामबालक कुमार, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी चन्देश्वर प्रसाद, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ योगेंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, 20 सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा, उप प्रमुख सरयू साव, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद, कांग्रेस अध्यक्ष अब्बास अंसारी, मुखिया उत्तम महतो, निर्मल कुमार, कुंवर हंसदा, झामुमो सचिव संजय प्रजापति,रामजन्म राय, जीपीएस रामचन्द्र दांगी, बेलाल अंसारी, आजसू अध्यक्ष अजय कुमार मण्डल, पसस मुन्नी देवी, वार्डेन सुनीता गुप्ता, बीपीएम पुष्पा श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# हम झारखंड को संवारने के लिए संकल्पित हैं : संजय मेहता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) द्वारा आगामी 24 जनवरी को हजारीबाग के नगवां टोल प्लाजा स्थित हवाई अड्डा मैदान में आयोजित होने वाले झारखंडी महापंचायत की तैयारियां जोरों पर है। झारखंड में स्थानीयता, नियोजन, खनन, विस्थापन, पुनर्वास, ओबीसी आरक्षण, सामाजिक न्याय एवं माटी का नेतृत्व का समाधान अब तक नहीं हो पाया है। इन्ही मुद्दों पर इस महाजुटान से झारखंडी युवा मंथन करेंगे। जयराम महतो एवं संजय मेहता इस सभा के मुख्य वक्ता होंगे। सभा को संबोधित कर झारखंडी मुद्दों और जनसमस्याओं पर अपनी राय रखेंगे।

# सीएससी संचालकों को डिजिटल पंचायत संचालन का दिया गया प्रशिक्षण

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सूचना भवन सभागार में पंचायत भवन में संचालित प्रज्ञा केंद्र संचालकों का जिला स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर में झारखंड सरकार की परियोजना डिजिटल पंचायत परियोजना के तहत सभी पंचायत भवनों को डिजिटाकृत करने के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रज्ञा केंद्र संचालकों को दी गई । प्रशिक्षण के दौरान पंचायती राज के डीपीएम राजकुमार मंडल ने बताया कि आप सभी प्रज्ञा केंद्र संचालक ग्राम पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव के साथ समन्वय स्थापित कर डिजिटल पंचायत के तहत सरकारी और गैर सरकारी सेवाओं का लाभ पंचायत के जनता तक पहुंचाएं। इसमें आपका सहयोग विभाग के द्वारा किया जाएगा । इसकी अगुवाई परियोजना के मास्टर ट्रेनर राजू कुमार यादव ने डिजिटल पंचायत के द्वारा दी जाने वाली सेवाएं एवं सरकारी सेवाएं ग्रामीण तक पहुंचने के लिए साथ ही साथ ग्रामीणों को डिजिटल पंचायत के प्रति जागरूक करने को लेकर विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया। इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप से पंचायती राज डीपीएम राजकुमार मंडल, मास्टर ट्रेनर राजू कुमार यादव , डिजिटल पंचायत के जिला इंचार्ज मुकेश झा, सीएससी जिला प्रबंधक मोहम्मद निजामुद्दीन , रोशन कुमार के साथ जिले से आए प्रज्ञा केंद्र संचालक शामिल थे।

# श्रीनिवास अस्पताल ने एनटीपीसी के साथ केरेडारी में लगाया निशुल्क दंत एवं नेत्र जांच शिविर



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्रीनिवास अस्पताल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल ने एनटीपीसी के साथ मिलकर केरेडारी प्रखण्ड अंतर्गत पगार स्थित सरकारी स्कूल में शनिवार को दंत जांच एवं नेत्र जांच का शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 167 जरूरतमंदों का दंत एवं नेत्र जांच हुआ। चिकित्सकों द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श भी दिया गया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर के आयोजन में एनटीपीसी कंपनी के अधिकारियों ने विधि-व्यवस्था में अपना सरहानीय योगदान दिया। शिविर में निष्कर्षण एवं स्केलिंग का उपचार भी निःशुल्क किया गया। सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य कम लागत में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की देखभाल प्रदान करना है। शिविर में जरूरतमंदों का बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। अन्य इलाज में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँच रहा है। बुनियादी उपचार के द्वारा जरूरतमंद लाभान्वित हो रहें हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. निशाद गवली, डॉ. सोम्या राज और डॉ. मेधा कृष्णन ने विभिन्न बीमारियों और उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। मौके पर डॉ. बिनय, डॉ अभिषेक, डॉ अमन, डॉ साइमा, डॉ कृतिका, डॉ स्वेता और डॉ श्रेया, डॉ अरुशी एवं विभागीय कर्मचारी के रूप में राजकुमार दास और पुष्पा कुमारी ने शिविर के दौरान अपना सरहानीय योगदान दिया।

# रामलला के स्वागत में लक्ष्मण कुवँर समाधि स्थल परिसर को किया गया साफ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** अयोध्या धाम में नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्री राम अपने जन्मस्थली में करीब 550 वर्षो के लंबे अंतराल के बाद बाल स्वरूप में 22 जनवरी 2024 को पुनः विराजमान होंगे।इस पावन घड़ी के स्वागत में आज विष्णुगढ़,रमुआ के ऐतिहासिक धरोहर विष्णुगढ़ राजागढ़ के समीप लक्ष्मण कुवँर समाधि स्थल को सार्वजनिक गणपति पूजा समिति के सदस्यों ने साफ-सफाई की और आने वाले 22 तारीख को लगभग सभी पूजा स्थलों में दीप जलाकर रामलला का स्वागत करने की पूरी तैयारी की जा चुकी है।इस मौके पर मुख्य रूप से रंजीत प्रसाद कसेरा,नीतीश कुमार,शुभम कुमार,कृष कुमार,विक्रम कुमार, विकास कुमार,आकाश कुमार, अनूप कुमार समेत अन्य लोगो ने सहर्ष अपना श्रमदान दिया।

# झामुमो महारैली में सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए संजीव कुमार बेदिया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बडकागांव :** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया के नेतृत्व में सैकड़े कार्यकर्ता को साथ रांची महा रैली में शामिल हुए। झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, शिबू जिंदाबाद, केंद्र सरकार हाउस में आओ, ईडी के मनमानी नहीं चलेगी, चाहे जितना भी जोर लगा ले केंद्र सरकार, झारखंड वासियों को झुका नहीं सकता है आदि नारा लगाया गया। मौके पर श्री बेदिया ने कहा के झारखंड हम लोगों ने लड़ कर लिया है।हेमंत सोरेन सरकार में ही आदिवासी मूलनिवासी का विकास हो रहा है। केंद्र सरकार द्वारा हेमंत सरकार को प्रताड़ित करने का हमेशा कोशिश हो रहा है ताकि विकास के काम में असफल हो सके। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, प्रखंड अध्यक्ष सह जिला सचिव झारखण्ड श्रमिक संघ संजय सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, मोहन सोरेन, संजय करमाली, शंकर साव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय भुईयां, मुकेश रावत, प्रखंड सचिव सरोज मेहता, राजेन्द्र भुईयां शांति देवी, हरिलाल मांझी, शंकर साव, बिनोद यादव सहित सैकड़े कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# निजी कोल खनन कंपनियों के विरोध में निकली मोटरसाइकिल रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बडकागांव :**प्रखंड के विभिन्न गांव से कोल खनन कंपनियों के विरोध में कर्णपुरा बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। रैली आजाद नगर, अंबाजीत, महुगाई, चंदौल, बड़कागांव मुख्य चौक, सांढ, विश्रामपुर का भ्रमण करते हुए शनिवार बाजार पहुंचा। शनिवार बाजार में सभा का आयोजन किया गया जहां पर वक्ताओं ने लोगों को संबोधित किया। सभा का संचालन पूर्व मुखिया दीपक दास ने किया। मुखिया इलियास अंसारी, पंचायत समिति सदस्य प्रभु राम, पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, विकास कुमार, अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार सहित अन्य लोगों ने सभा को संबोधित किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पूरे बड़कागांव को कोल कंपनियों से बचाना है। कंपनी के खुलने से क्षेत्र में पानी की किल्लत होगी। कोयला खनन होने से बदमाही नदी का अस्तित्व खत्म हो जाएगा, जिससे किसानों के बीच सिंचाई की समस्या उत्पन्न होगी। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने कहा के हम अपनी जमीन नही देना चाहते हैं। हम अपनी भूमि पर खेती कर जीवन यापन करते हैं। हमारे रोजी को छीनने से बचाने के लिए बड़कागांव प्रखंड के सभी ग्रामीण हमारा साथ दें। मौके पर चंदन कुमार, कृष्णा राणा, प्रमोद महतो, देवनाथ महतो, कृष्णा यादव, मनोज, चंदन, रविन्द्र, पंचम सहित सैंकड़ों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# सती परिवार का मिलन समारोह का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बडकागांव :** प्रखंड अंतर्गत हरली गांव स्थित बेला बाद में सती परिवार का मिलन समारोह का आयोजन सती परिवार के अध्यक्ष विगेश्वर महतो की अध्यक्षता में किया गया। जिसका संचालन प्रेम कुमार ने किया। मिलन समारोह के मुख्य अतिथि हरली पंचायत के मुखिया कविता देवी उपस्थित रही। मौके पर मुखिया कविता देवी ने कहा कि इस मिलन समारोह से अपनो के साथ मिलने का अवसर मिलता है। मिलन समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष बिगेश्वर महतो ने कहा कि सती परिवार हरली गांव में 300 वर्ष पहले से निवास करते आए हैं। सबसे पहले आर्य लोग बाहर से आकर हरली गांव में बसना प्रारंभ किया जहां से एक व्यक्ति ने घोड़े पर सवार होकर उत्तर प्रदेश के कमोड क्षेत्र के कच्छ गांव में जाकर अपनी बेटी के वर की खोज के लिए वहां से एक लड़का को साथ में घोड़े पर बैठकर हरली गांव लाया और अपनी बेटी का विवाह उसे लड़का से कराया और घर के बगल में नया घर बनाकर उसको बसाया। उस व्यक्ति का नाम रेटी राम कोयरी था। आज उसी वंशज से 350 घरों में 3000 परिवार निवास करते हैं अरेती राम कोरी के 6 पुत्र थे जिसमें एक पुत्र जोगी बनकर अन्यत्र चला गया। रांची जिला के रातू थाना अंतर्गत पाली गांव चला गया। बचे चारों भाई के बीच बंटवारे की बात आई जिसमें एक भाई बंटवारा से दुखी होकर आम के पेड़ में फांसी लगाकर मर गए इस घटना की सूचना उनकी पत्नी को मिली और उनकी पत्नी ने पति के चिता के साथ सज धज कर उन्हीं की चिता में जलकर सती हो गई। तब से इस परिवार का नाम सती परिवार पड़ा। अब तीन भाई के पांच बच्चे जिसमें छावेल कोयरी, कमोदी कोयरी, प्रमोदी कोयरी, कनक राम कोयरी, ब्रह्मदेव कोयरी थे। वंशज से आज 350 घरों से लगभग 3000 परिवार सती परिवार में हैं।

# विष्णुगढ़ श्री राम मंदिर प्रांगण मे साफ सफाई कर किया गया हवन कुंड का निर्माण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** पौष शुक्ल द्वादशी 22 जनवरी 2024 को पाँच सदियों के बाद अवध पूरी में नवनिर्मित भव्य मंदिर में रामलला की श्यामल वर्ण प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का अति शुभ मुहूर्त में होना है।इस पावन अवसर को लेकर विष्णुगढ़ में उत्साह,उमंग और रामभक्तो की भक्ति चरम पर है। आज विष्णुगढ़ रमुआ स्थित बाजारटांड़ श्री राममंदिर प्रांगण में साफ सफाई कर हवन यज्ञ कुंड का निर्माण किया गया। 22 जनवरी के दिन विहिप और बजरंगदल के कार्यकर्ताओं द्वारा पूजा,हवन,भंडारा एवं दीपोउत्सव का वृहत पैमाने में आयोजन किया जायेगा।इस पुनीत कार्य में बजरंगदल जिला सह संयोजक वरुण कुमार,विहिप अध्यक्ष शंकर सोनी एवं मातृशक्ति ने बढ़चढ़ कर अपनी भागीदारी दी।साथ ही रखवा में श्री श्री रखवा हनुमान शक्ति समिति के सदस्यों एवं बजरंगदल कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे गांव को भगवा मय किया गया। बजरंगदल जिला सह संयोजक वरुण कुमार ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी की मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा ही नहीं यह राम मंदिर से राष्ट्र मंदिर की ओर दिशा तय करेगा भारत और भारतीयता के निर्माण की प्रतिष्ठा है।सनातन विचारों सनातन संस्कृति परंपरा मूल्य विचारधाराओं मान्यताओं की भी प्राण प्रतिष्ठा है। हमारे पूर्वजों ने मंदिर को विध्वंस होते देखा हम सौभाग्यशाली हैं कि हम मंदिर को बनते देख रहे हैं।इस देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी को विशेष रूप से धन्यवाद जाता है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखण्ड सह संयोजक पियूष लाल,कुमारी आशा वर्मा,मीना देवी ,रिंकी देवी,ममता देवी, संगीता देवी,नीलम देवी,गायत्री देवी,श्री श्री रखवा हनुमान शक्ति समिति सदस्य दामोदर महतो, जागेश्वर कुमार,सुरेश कुमार,मिथुन कुमार,सचिन कुमार,सुनील कुमार,शंकर कुमार,अमृत कुमार समेत कई राम भक्त शामिल थे ।

# आज बड़ा अखाड़ा में होगी भव्य रामलीला के साथ पेंटिंग, फैंसी ड्रेस एवं क्विज प्रतियोगिता

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रभु श्री राम प्रेम के लिए मशहूर हजारीबाग के राम भक्तो ने पूरे शहर को राममय बना दिया है। यहां कलाकारों द्वारा दिनांक 21 जनवरी को स्थानीय बड़ा अखाड़ा में भव्य राम लीला का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी आयु वर्गो के लिए सुबह 11 बजे से रामायण पर आधारित पेंटिंग,फैंसी ड्रेस और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर 2 बजे से सभी धर्मप्रेमियों एवं सहयोगियों का सम्मान समारोह, शाम 4 बजे से संगीत सह भक्ति समूह नृत्य का आयोजन किया जा रहा है। दिल्ली रामलीला मैदान की तर्ज पर लगभग 80 स्थानीय कलाकारों द्वारा इस रामलीला की तैयारी की गई है। वर्षो बाद आए इस ऐतिहासिक पल को हजारीबाग के सभी नगरवासी कला संस्कृति एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो के माध्यम से प्रभु श्री राम के जीवन चरित्र को आमजनों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे है। कार्यक्रम के मुख्य सलाहकार महंत विजयानंद दास के मार्गदर्शन में इस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आज स्थानीय बड़ा अखाड़ा में सभी कलाकारो का रिहर्सल जारी है। श्री रामलीला कृष्णलीला महासमिति के द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय रामोत्सव में सुबोध आकाश बतौर संयोजक, अध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रामकिशोर सावंत, सचिव विशाल कुमार, कोषाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, मुख्य निर्देशक राकेश गौतम सदस्य शशिकांत सिन्हा, बबलु सिन्हा, मीडिया प्रभारी प्रदीप पाठक एवं संरक्षक हर्ष अजमेरा, विकास कुमार, डॉक्टर अमला राणा, राजीव रंजन मिश्रा मुख्य रूप से समिल्लित होंगे।

# आयोध्या में राम मंदिर प्रतिष्ठा को लेकर टाटीझरिया थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया :** टाटीझरिया थाना परिसर में 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रक्षिशु पुलिस उपाशिक्षक सह टाटीझरिया थाना प्रभारी अनुभव भरद्वाज के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान शांति व्यवस्था बनाए जाने को लेकर जन प्रतिनिधियों संग समाज सेवियों के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा किया। वही टाटीझरिया बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज , प्रमुख संतोष मंडल, डहररभंगा मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र यादव ने टाटीझरिया प्रखंड और टाटीझरिया थाना क्षेत्र के लोगों से शांति पूर्ण तरीके से अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अपने नजदीकी मंदिरों में पूजा अर्चना आराधना कीर्तन भजन दीप प्रज्ज्वलित कर शांति पूर्ण तरीके धूमधाम से हर्षाउल्लास के साथ उत्सव मनाने का आग्रह किया । मौके पर टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, मो.कासिम, एमडी कासिम, मो.असलम, मो. सतार, मोईम अंसारी, मो. सतार, मनीष कुमार यादव, संदीप पांडेय, राजू यादव, सोनू पांडेय अन्य कई लोग मौजूद थे।

# वन विभाग ने अवैध कोयला लदे ट्रैक्टर को जप्त किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बडकागांव :** टीम गठित कर बड़कागांव के वनकर्मियों के द्वारा देर रात्रि पेट्रोलिंग में इंदिरा अधिसूचित वन क्षेत्र से अवैध कोयला परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को जप्त किया गया। जप्त ट्रैक्टर में तीन टन अवैध कोयला लोड था। जप्त ट्रैक्टर को सुरक्षित वन प्रक्षेत्र कर्यालय लाकर रखा गया। मामले को लेकर प्रभारी फॉरेस्टर संटू कुमार ने बताया के केस दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अवैध कोयला खनन और परिवहन करने वाले को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

# बड़वार में अयोध्या से आए पूजित अक्षत का किया गया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**दारू :** दारू। प्रखंड अंतर्गत लगभग सभी पंचायत के गांवो में अयोध्या से आए पूजित को घर-घर वितरण किया जा रहा है वहीं शनिवार को इरगा पंचायत के बड़वार गांव में सभी मंदिरो में पूजा अर्चना करने के बाद राम भक्त महिलाएं, पुरुष, बच्चे, वरिष्ट सभी ने मिलकर गाजे-बाजे, ढोल नगाड़े के साथ घर-घर अक्षत का वितरण किया। पूरा क्षेत्र जय श्री राम के नारों के साथ गुंजयमान रहा। वही भक्तों ने जय श्री राम के नारों के साथ नृत्य करते घर-घर अक्षत के साथ रामलाल मंदिर की तस्वीरों को भी दिया गया।वही 22 जनवरी को पूरे धूम धाम से मंदिर में दिए जलाए जाएंगे। ओर दीपावली मानये जाएंगे वअक्षत बितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से बड़वार निवासी विकाश कुमार यादव, राजकुमार यादव, महावीर यादव, अजय यादव, अप्पू, यादव, अनिल यादव, संतोष यादव, बिनय यादव, बरिंद्र यादव, गुलाब यादव,जय प्रकाश यादव इत्यादि कई राम भक्त शामिल थे

# मंदिरों की हुई सफाई, प्राण प्रतिष्ठा पर दुल्हन की तरह मंदिरों को सजाया जाएगा

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री राम मन्दिर के पावन प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर जैन युवा परिषद हजारीबाग के तत्वाधान में श्री दिगम्बर जैन पंचायत के बड़ा बाजार,बोडम बाजार व इचाक में मंदिर की साफ सफाई का वृहद कार्यक्रम किया गया।जैन युवा परिषद के अध्यक्ष अमर विनायका ने कहा कि इस शुभ घड़ी के आगमन में पूरे जैन समाज में हर्ष और उल्लास का माहौल व्याप्त है,वही जैन पंचायत के महामंत्री पवन जैन अजमेरा ने बताया कि कल 22 जनवरी को दोनो जैन मंदिरो में विशेष पूजा अर्चना का कार्यक्रम रखा गया है ।साथ ही मंदिरो में लाइट साज सज्जा की पूरी व्यवस्था की गई है ,इसी क्रम में संस्कार भारती के जिला सचिव सह पंचायत के पूर्व सह मंत्री विनीत जैन छाबड़ा ने बताया कि जैन युवा परिषद के सदस्यों द्वारा प्रभु श्री राम मंदिर के पावन प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र का वितरण भी सभी लोगो के बीच किया जा रहा है। जैन युवा परिषद के सचिव राजेश जैन सेठी ने कहा कि जैन युवा परिषद के द्वारा पावन प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर फल वितरण के साथ साथ गरीबों के बीच कंबल का भी वितरण किया जायेगा।कार्यक्रम को सफल बनाने में जैन समाज के अध्यक्ष धीरेंद्र सेठी, सह मंत्री उत्तम पाटोदी,कार्यकारिणी सदस्य निर्मल जैन,नागेंद्र जैन,सुनील जैन,किशोर जैन,विजय लुहाड़िया, दिलीप अजमेरा के साथ जैन समाज के पन्नू जैन,राजू बड़जात्या, ज्ञान चंद बड़जात्या,नरेंद्र जैन,नवीन लुहाड़िया समेत जैन युवा परिषद के तमाम युवा साथियों का विशेष योगदान रहा।

# विद्या मंदिर में हुआ संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन शनिवार को हुआ द्य विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा चतुर्थ से लेकर कक्षा द्वादश में पढ़ने वाले भैया- बहनों ने संस्कृति ज्ञान परीक्षा दी द्य इस परीक्षा में 1125 भैया- बहनों की उपस्थिति रही द्य मौके पर विद्यालय के सचिव संजय उपाध्याय, विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन, विद्यालय के आचार्य बंधु - भगिनी उपस्थित थे ।

# बरही थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न, शांति पूर्ण श्री राम उत्सव बनाने का लिया संकल्प



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही(हजारीबाग) :** बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सीओ रामनारायण खलखो व संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने किया। बैठक में जिला जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, बीडीओ सी.आर. इंदवार एवं एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर आदि शामिल हुए। मौके पर किसून यादव ने कहा की भारतवासियों को वर्षो से रामलाल का इंतजार था आज अयोध्या में विराजमान कर रहे हैं इससे पूरा भारतवर्ष में खुशी का माहौल है। वहीं सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव ने सभी राम भक्तों से शांतिपूर्ण तरीके से श्रीराम उत्सव मनाने की अपील किया। वही रमेश ठाकुर ने कहा की 500 वर्ष बाद भगवान राम घर आ रहे है। आज हम उन्हीं के दिखाए रास्ते पर चलकर मर्यादा पुरुषोत्तम को बनाए रखना है। इसके लिए हम सभी सनातनी को अपने क्षेत्र के मंदिरों में सुबह से ही कार्यक्रम में जुड़ जाना है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की उस दिन मंदिरों में बरही के हर एक छोटे बड़े मंदिरों में पूजा पाठ किया जायेगा। जिप सदस्या प्रीति गुप्ता ने कहा की आगामी 22 जनवरी को दीपावली की तरह अपने घरों व मंदिरों को सजाना है, लेकिन शांति व्यवस्था कायम रहे इसका भी हमें ख्याल रखना है। वही सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान ने कहा कि आगामी 22 जनवरी हम लोगों के लिए गौरव का पाल है इसे कितना ऐतिहासिक बना सकते हैं वह हम सब पर निर्भर है। मौके पर बरही प्रशासन ने सभी राम भक्तों से आग्रह किया कि श्री राम उत्सव शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में बनाएं, किसी भी प्रकार के धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाले कार्य न करें, यदि ऐसा करते पाए गए तो उस पर सख्त कार्रवाई होगी। मौके पर जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राज सिंह चौहान, बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, कांग्रेस नेता मो तौकीर, विधायक प्रतिनिधि सह पंसस मो तैयब अंसारी, मुखिया मनोज कुमार, समाजसेवी भगवान केशरी, राजेश केशरी उर्फ मेवालाल, पंसस जीतू ठाकुर, शिवा निषाद, संतोष निषाद, बंटी सिंह एवं मोहन प्रजापति, इंद्रदेव गुप्ता, शशि जयसवाल सहित कई अन्य मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हार टोली में जारी हुआ नामांकन जांच परीक्षा का परिणाम

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, के प्रथम नामांकन जांच परीक्षा का रिजल्ट शनिवार को जारी हो गया द्य गौरतलब है कि विगत 18 जनवरी 2024 को विद्यालय में नामांकन जांच परीक्षा का आयोजन हुआ था द्य परिणाम जारी होने के बाद विद्यालय में नामांकन प्रारंभ हो गया है द्य चयनित अभ्यर्थी विद्यालय में आकर नामांकन करा सकते हैं।

# सिविल कोर्ट में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह का होगा सीधा प्रसारण

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिविल कोर्ट में अधिवक्ता परिषद हजारीबाग के बैनर तले कल 22 जनवरी सोमवार को एलईडी टीवी के माध्यम से अयोध्या में हो रहे श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस संबंध में अधिवक्ता परिषद झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह सिविल कोर्ट हजारीबाग के अधिवक्ता डॉ संतोष पांडे ने बताया कि इसकी तैयारी को लेकर यशवंत सिन्हा विधि भवन को हनुमत झंडे से शनिवार को सजाया गया है। अधिवक्ता परिषद हजारीबाग के जिला न्याय प्रभारी अधिवक्ता अमित मिश्रा ने कहा की प्रसारण दिन के 11 बजे से होगा। इस बाबत सभी अधिवक्ताओं को श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के इस सीधा प्रसारण कार्यक्रम में आने का अनुरोध किया गया है। मौके पर हनुमान चालीसा का भी पाठ किया जाएगा।

## हाथियों के आतंक से परेशान ग्रामीणों के लिए ढाल बनकर खड़ी है पिंकी बेसरा

**कुजू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं 20 सूत्री सदस्य पिंकी बेसरा ने वन विभाग से मांग किया है कि हाथियों को जल्द से जल्द भगाया जाए और भूकत भोगियों का नुकसान की भरपाई जल्द किया जाए विगत एक सप्ताह से हाथियों का एक झुंड जिसमें बच्चे और नर नर्मदा शाहित 30 से 35 की संख्या में सिमर बेड़ा, गर गाली, बड़की गर गाली, खैरा जारा, केरी बांदा , चारही , कजरी ,चनारो होते हुए होने मोड के रास्ते आरा सारूबेड़ा पहुंच कर एक होटल एवं एक मीट दुकान को क्षतिग्रस्त कर दिया उससे पहले गर गाली निवासी कार्तिक गंजू जीतन गंजू के घर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है श्रीमती पिंकी बेसरा ने एक भेंट वार्ता में इन सारी बातों को बताइए उन्होंने यह भी कहा कि हर साल हाथियों का कहर ग्रामीणों को झेलना पड़ता है जिसमें सबसे ज्यादा परेशान और भय के माहौल में अपने छोटे-छोटे बच्चे बुजुर्गों के साथ रात-रात भर जाकर जीने को दिवस है।



## शिव मंदिर अरगड्डा में कार्य सेवकों ने चलाया सफाई अभियान

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अरगड्डा शिव मंदिर के आस-पास शनिवार को कार्य सेवकों के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। बताया गया कि आगामी दिन 22 जनवरी को प्रभु श्री राम का नई प्रतिमा की स्थापना व आगमन अयोध्या में होने वाला हैं। सभी लोगो से घर के अगल- बगल व धार्मिक स्थलों के आस-पास स्वच्छता बनाए रखने की अपील भी हुई। मौके पर पूर्व मुखिया दिवाकर सिंह, हरि चरण पटेल, सूरज पासवान उर्फ सिक्की, संतराज पासवान, रिकी पटवा, देवनारायण शर्मा, आदित्य सोनी, मोहन राम, राजेंद्र राम, राजू दास, राजेश सिंह, राजेंद्र राम, मुरारी ठाकुर, अप्पू ठाकुर, पिंटू पटवा, राजा राम आदि उपस्थित थे।



## त्रिपक्षीय वार्ता विफल होने के बाद भी सिरका लोकल सेल में ट्रक लोडिंग जारी

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल कोलयरी सिरका लोकल सेल में कांग्रेस के चक्का जाम आंदोलन के बाद बीते दिन त्रिपक्षीय वार्ता विफल हो गई। इसके बाद क्यास लगाए जा रहे थे कि लोकल सेल सिरका में गाड़ियों का लोडिंग बंद रहेगा। लेकिन शनिवार को लोकल सेल में ट्रक कोयला उठाने के लिए पहुंचे। वहीं कांग्रेस सूत्रों की माने तो प्रशासन के द्वारा लोकल सेल कार्य अपनी निगरानी में करवाने, दंगलों की जांच होने और आगे कांग्रेस आंदोलनकर्ताओं के मांग पर विचार करने के लिए आश्वासन दिया गया हैं। बहरहाल जो भी हो शनिवार को करीब सेल सिरका में 43 गाड़िया कोयला लोडिंग के लिए पहुंची थी। जिनमें भुरकुंडा रेलवे साईडिंग में कंपनी का कोयला गिराने व सेल के माध्यम से बाहर जाने वाली गाड़ियां शामिल थी। दूसरी ओर सुरक्षा के लिहाज से रामगढ़ पुलिस के जवान वज्र वाहन के साथ हांलात पर पैनी नजर रखे हुए थे।



## पोटंगा पंचायत में 22 जनवरी को सभी मंदिरों में दीप जलाने का निर्णय लिया गया

**उरीमारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** न्यू बिरसा पोटंगा के पारगढ़ा शिव मंदिर में शनिवार को ग्रामीणों की बैठक हुई. बैठक में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि आने वाले 22 जनवरी को सभी मंदिर व देवता के स्थल में दीप प्रज्वलित किया जाएगा. इसके साथ-साथ इसके साथ-साथ भंडारे का भी आयोजन होगा बैठक में जीतन मुंडा गणेश गंझू रामकुमार प्रजापति संतोष सिंह मुकुंद मुंडा गिरधारी प्रजापति राजेंद्र गंझू कामेश्वर मुंडा दीपू मुंडा अघन प्रजापति जगमोहन गंझू सूरज मुंडा कारण मुंडा संजय मुंडा शिववर्धन मुंडा विशाल मंडा मनोज मुंडा कुणाल मुंडा सुनील मुंडा अरविंद मुंडा उपस्थित थे।



## आज़ाद समाज पार्टी व भीम आर्मी का उलगुलान शुरू

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज़ाद समाज पार्टी और भीम आर्मी ने राजभवन के सामने हज़ारों लोगों के साथ धरना दिया और मा राजपाल और मुखमंत्री को अपनी 25 सूत्री मांग पेश किया। प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा ने बताया कि झारखंड में आदिवासी, दलित, पिछड़ों और धार्मिक अल्पसंख्यकों पर बढ़ रहे अत्याचार और शोषण के विरोध में और प्रदेश में बढ़ रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ आज़ाद समाज पार्टी और भीम आर्मी भारत एकता मिशन के द्वारा राँची राजभवन के समक्ष धरना एवं मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जायेगा। उन्होंने बताया की झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिलाने के लिए झारखंड के कई वीर योद्धाओं ने अपने प्राणों की आहुति दी थी, झारखंड आंदोलनकारी आज अपनी कुर्बानियों का हिसाब मांग रहे हैं, धरती आबा वीर शहीद बिरसा मुंडा के सपने अब तक अधूरे हैं, झारखंड के आदिवासी मूलवासियों की स्थिति दयनीय है, प्रदेश में धार्मिक अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं, उनके खिलाफ नफरत का माहौल लगातार बनाया जा रहा है। भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष संजय रविराज ने बताया कि झारखण्ड की सोई हुई सरकार गहरी नींद में है, उनको जगाने के लिए और अपनी मांगो को मनवाने के लिए धरना दिया, उन्होने कहा कि आने वाले समय में हम इस गूंगी बहरी सरकार को सत्ता से गिराने का काम करेंगे, और आज़ाद समाज पार्टी पूरे दम खम से चुनाव लड़ेगी ।



## ईडी की कार्यवाई के विरोध में मानव श्रृंखला बना कर किया पुरजोर विरोध

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज झारखंड के विकास के मार्ग को आगे बढ़ने का कार्य जो हमारे ऊर्जावान मुख्यमंत्री माननीय श्री हेमंत सोरेन जी द्वारा किया जा रहा है उसको रोकने के लिए केंद्र सरकार द्वारा जो एजेंसीओ का दुरुपयोग किया जा रहा है और आज जो माननीय मुख्यमंत्री जी से गलत तरीके से पूछताछ कर उन पर गलत आरोप लगाने का जो उनका मनसा है उसके विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी कार्यकर्ता गण और झारखंड के जितने भी जनता हैं वह आज सड़क पर मानव श्रृंखला के रूप में उनका पुरजोर विरोध कर रहे हैं और साथ ही साथ हम केंद्र एजेंसियों को और केंद्र सरकार को यह अस्वस्थ करवा दें कि अगर अपने मन सुहभे से पीछे नहीं हटेंगे तो झारखंड की जनता आपका पुरजोर जवाब देने के लिए अब सड़क पर उतर गई है ।



# सीएम हेमंत सोरेन को परेशान व अस्थिर करने की साज़िश रच रही है केन्द्र की मोदी सरकार : संजीव बेदिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के सिद्धू-कान्हू चौक स्थित शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा? के सभी सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर इडी द्वारा कार्यवाही पर हुंकार भरते हुए उरीमारी से सैकड़ों की संख्या में रांची रवाना हुए। झामुमो कार्यकर्ताओ का नेतृत्व पार्टी के केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया व केन्द्रीय महासचिव सोनाराम मांझी कर रहे थे। इस दौरान संजीव बेदिया ने बताया कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इंडी के द्वारा बार बार समन जारी कर उन्हें परेशान व सरकार को अस्थिर करने की साज़िश केन्द्र की भाजपा व मोदी सरकार रच रही है। जिसे कभी भी पुरा नही होने दिया जाएगा। संजीव बेदिया ने यह भी कहा कि हम लोग इंडी की ग़लत कार्यवाही का



विरोध करने रांची जा रहे हैं। वहीं रांची रवाना होने से पूर्व सभी झामुमो के नेता व कार्यकर्ता उरीमारी में जमकर विरोध प्रदर्शन भी किया। इस दौरान सभी के हाथों में केन्द्र सरकार और इडी के खिलाफ तरह तरह के तख्तियां लिए हुए थे। इन तख्तियां पर आदिवासी मुख्यमंत्री को प्रताड़ित करना बंद करो, केन्द्र सरकार होश में आओ जैसे नारे लिखे हुए थे। वहीं केन्द्रीय महासचिव सोनाराम मांझी ने कहा केन्द्र की भाजपा सरकार तानाशाही पर उतर आई है। यदि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर इडी कार्रवाई करती है तो हम सभी आदिवासी समाज चुप नहीं रहने वाले हम सभी इसका पुरजोर विरोध करेंगे। केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर केंद्रीय एजेंसियां अपने रवैया से बाज नहीं आई तो आने वाले दिनों में झामुमो व आदिवासी संगठनों के द्वारा उग्र विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं रांची रवाना होने वालों में संजय करमाली, विनोद हेम्ब्रोम, सूरज बेसरा,संकर साव, प्रकाश सिंह, विनोद बेदिया, राजेंद्र बेदिया, नित्यानंद बेदियां, पूरन मांझी, जगदीश प्रजापति, बड़कागांव झामुमो प्रभारी संजय सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, संजय राम, विनोद यादव इत्यादि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने अरगड्डा झोपड़ी हनुमान मंदिर में झंडे व बांस को जलाने का किया विरोध

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अरगड्डा झोपड़ी हनुमान मंदिर में उस वक्त भक्तजन विचलित हो गए जिस समय महावीर बड़े पताके लगे स्थल पर राख के ढेर को देखा। इसके बाद ग्रामीणों की भीड़ उक्त स्थल पर लग गई। घटना के संबंध में ग्रामीण भक्त रंजन, रतनलाल ऋषि, बसंती देवी ने बताया कि सुबह हम लोगो को दिखा कि पौराणिक हनुमान मंदिर झोपड़ी परिसर में लगे रामनवमी के दिन दानकर्ता लाला करमाली द्वारा स्थापित महावीर झंडे के बांस और झंडे को जलाकर अज्ञात असामाजिक तत्व द्वारा राख के ढ़ेर में बदल दिया गया हैं। झंडा लगा अध जले बांस को मंदिर के पीछे, लकड़ी खुटे को रास्ते के तरफ फैका गया। जबकि मंदिर परिसर के सामने मिट्टी दिवार के बगल में झंडे के जले अवशेष पड़े मिले। बताया कि आगामी 22 जनवरी को मंदिर परिसर क्षेत्र में दीपोत्सव मनाने की तैयारी की जा रही थी। ग्रामीणों ने इसे लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए मंदिर क्षेत्र में इस प्रकार की छेड़छाड़ व दुस्साहस को लेकर कड़ी चेतावनी दी हैं। साथ ही प्रशासन से मांग किया है कि ऐसे लोगों पर नकेल कसने के लिए कार्रवाई होनी चाहिए। ग्रामीण भक्तों ने बताया कि बीते 9 माह पूर्व हनुमान मंदिर में एक दिवसीय यज्ञ अनुष्ठान कर बीते 27 अप्रैल 22 को भंडारे का भी आयोजन किया गया था। इधर खबर के फैलने के साथ क्षेत्र के भक्तजनों में काफी रोष देखा जा रहा हैं। विरोध जताने वालों में बसंती देवी, रेणु देवी, फोकली देवी, रेनू टोप्पो, संजवा देवी आरती देवी, रीना देवी, टुअर देवी, पूनम देवी, मोनिता देवी, दीपाली देवी, प्रभा देवी, टुअल देवी समेत दर्जनों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।



## चितरपुर महाविद्यालय में शैक्षणिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गणतंत्र दिवस के पूर्व चितरपुर महाविद्यालय में शैक्षणिक प्रतियोगिता संपन्न कराया गया। विजय प्रतिभागियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित कर माननीय सचिव सफीक अनवर और अन्य अतिथियों के करकमलों से प्रशस्ति पत्र देकर पुरष्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता के पश्चात शिक्षकों और प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ संज्ञा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता प्रतिभागियों को अवसर प्रदान करती है प्रतियोगिता का आयोजन होने से छात्र-छात्राओं को हौसला बुलंद रहता है । शैक्षणिक प्रतियोगिता आयोजन समिति के समन्वयक डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों में उत्साह बढ़ता है और वे आगामी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए निरंतर अभ्यास करते हैं। इसके परिणामस्वरूप विद्यार्थी भविष्य में नौकरियां प्राप्त करने के योग्य तैयार होते हैं। ज्ञात हो कि शैक्षणिक प्रतियोगिता आयोजन समिति द्वारा समन्वयक डॉ शाहनवाज खान की देखरेख में संपन्न हुई। जिसमें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, झारखंड सामान्य ज्ञान और सम समायिक पर आधारित लिखित क्विज (वैकल्पिक प्रश्नोत्तर) प्रतियोगिता,सोशल मीडिया के लाभ या हानि पर आधारित वाद विवाद प्रतियोगिता और लोकतंत्र के महत्व विषय पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लिखित क्विज प्रतियोगिता के प्रभारी प्रो. निकहत परवीन, निरीक्षक प्रो. दीपक कुमार एवं प्रो. इब्राहिम बनाए गए थे और परीक्षक प्रो ताराशंकर अग्रवाल, प्रो. नगमा नौशाबा एवं डॉ साजिया परवीन बनाए गए थे। भाषण प्रतियोगिता को प्रभारी प्रो. उत्तम कुमार, निर्णायक प्रो जूही उपाध्याय, प्रो. नगमा नौशाबा एवं प्रो. दीपक कुमार ने संपन्न कराया और वाद विवाद प्रतियोगिता के प्रभारी डॉ हीना कौसर, निर्णायक प्रो ज्योति कुमारी, प्रो.अंजू कुमारी एवं प्रो ताराशंकर अग्रवाल ने संपन्न कराया। प्रतियोगिता के पंजीयन प्रभारी कुसुम कुमारी रवि कुमार, पिंटू प्रजापति, सोनू कुमार और राजेश तिवारी ने कार्यभार संभाला जबकि प्रशस्ति पत्र की जिमेवारी प्रो रेवालाल पटेल, ज़फरुल हसन खान और आशिया आफरीन को दी गई है। इस अवसर पर राहुल कुमार, सुनील कुमार, कर्मी देवी, पूनम देवी, आकाश कुमार, प्रकाश कुमार आदि सहयोगी की भूमिका निभा रहे थे।



## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन रामगढ़ ने जागरूकता अभियान चलाया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत जिला परिवहन कार्यालय रामगढ़ अंतर्गत सड़क सुरक्षा की टीम ने जागरूकता अभियान चलाया। जिसका मुख्य थीम था हेलमेट व सीट बेल्ट पहने चालकों के साथ सेल्फी लेकर उनका हौसला बढ़ाना । अभियान के दौरान कई नियम तोड़ते हुए पकड़ाए जिनको कड़ी हिदायत देकर छोड़ा गया व भविष्य में यातायात नियम को पालन करने को कहा गया । जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर प्रसाद द्विवेदी के द्वारा कार्य की सराहना की गई व उन्होंने बताया कि भविष्य में भी ऐसी अभियान लगातार चलती रहेगी । यातायात नियम तोड़ने वाले को कतई नहीं बख्शा जाएगा । मौके पर सड़क अभियंता ऋषिकांत सहित यातायात पुलिस के जवान मौजूद थे ।



## जैन समाज की ओर से श्री जैन मंदिर को विद्युत सज्जा व दीपों से सजाया जाएगा

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री राम जन्म भूमि अयोध्या में होने जा रहे श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समस्त भारत वर्ष में उत्साह उल्लास का वातावरण के साथ सम्पूर्ण विश्व भी राम मय हो गया है।इस उत्सव में श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ कार्यकारणी समिति ने निर्णय लिया हैं कि श्री राम जन्म भूमि अयोध्या मे श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर समाज की ओर से श्री मंदिर जी को विद्युत सज्जा एवं दीपों से सजाया जाएगा तथा श्री राम ध्वजा पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का समाज की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। समाज अध्यक्ष श्री मानिक चंद जैन ने समस्त रामगढ़ वासियों को प्राण प्रतिष्ठा की हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई दी है। मौके पर अरविंद सेठी, जंबू जैन, नरेंद्र छाबड़ा, आनंद जैन,राजू सेठी, देवेंद्र गंगवाल,ललीत चूड़ीवाल, निशांत सेठी,राजू पाटनी,विनोद पहाड़िया आदि लोग उपस्थित थे ।



## कुज्जू शिव मंदिर के प्रांगण में पुष्प वर्षा किया गया

**कुज्जू :** गुरु पर्व के प्रकाश उत्सव के शुभ अवसर पर हिंदू जागरण मंच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और कुजू ग्राम वासियों के द्वारा कुज्जू शिव मंदिर के प्रांगण में पुष्प वर्षा किया गया और श्री राम जी के अयोध्या आगमन के अवसर पर सनातनी प्रेमियों में हर्ष उल्लास और अतुलनीय गर्व का वातावरण उत्पन्न कर रखा है। कुज्जू शिव मंदिर में रामायण का पाठ चल रहा है जगह-जगह सनातन प्रेमियों के द्वारा झांकी एवं शोभा यात्रा निकाला जा रहा है मंदिर को उत्तम तरीके से सजाया सावरा जा रहा है। हर स्थान पर आगामी 22 जनवरी को दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा एवं श्री राम जी का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## शपथ पत्र

शपथ पत्र संख्या बुक न0 8/47 दिनांक 05/01/2024 के अनुसार मैं प्रदीप कुमार श्रीवास्तव पिता स्वर्गीय सुदर्शन लाल उम्र करीब 63 वर्ष ग्राम+पोस्टः-रोहिल्ला, थानाः-रमना, जिलाः-गढ़वा, राज्यः- झारखंड, राष्ट्रीयताः-भारतीय का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूंः-

1.यह की पुत्री के आधार कार्ड एवम शैक्षणिक प्रमाण पत्र में नाम श्वेता श्री एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि 21/01/2006 ई0 दर्ज है। जो सही व सत्य है।

2.यह कि मैं भारतीय पोस्ट ऑफिस रमना में सुकन्या योजना के तहत अपने पुत्री के नाम से एक खाता खुलवाया हूं। इसका खाता संख्या 1900750052 है। जिसमें मेरी पुत्री का नाम श्वेता कुमारी दर्ज है तथा अंकित जन्म तिथि 19/04/2007 ई0 दर्ज है। जो गलत है।

3.यह की मैं भारतीय पोस्ट ऑफिस के खाता संख्या 1900750052 में अपनी पुत्री का वास्तविक नाम श्वेता श्री तथा वास्तविक जन्म तिथि 21/01/2006 ई0 दर्ज कराने हेतु शपथ पत्र का निष्पादन कर रहा हूं।जिसे सक्षम पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर अपनी पुत्री का नाम एवं जन्म तिथि सुधार कर सकूं।

4.यह की इस शपथ पत्र में मेरे द्वारा कोई भी तथ्य छुपाया नहीं गया है। इसकी सारी जवाब देही मेरी होगी।

5.उपरोक्त शपथ पत्र में लिखी गई सारी बातें मेरे कहने पर लिखी गई है। जो सही व सत्य है। उपरोक्त शपथ पत्र में किसी भी प्रकार की गलती पाई गई तो मैं स्वयं दंड का भागी होउगा।

# रुद्रमहायज्ञ से वातावरण शुद्ध एवं क्षेत्र में सुख समृद्धि शांति मिलती है : तिवारी महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** दामोदर नदी से सटे गांव रतवे पंचायत अंतर्गत कचाडाड़ी टोला में तीन दिवसीय रुद्र महायज्ञ एवं नवनिर्मित हनुमान मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ समारोह में मुख्य रूप से आजसू केंद्रीय महासचिव व मांडू विधानसभा प्रभारी निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो शामिल हुए। जबकि विशिष्ट करमा प्रोजेक्ट सेल अध्यक्ष व मुख्य संरक्षक रामेश्वर महतो रतवे पंचायत के पूर्व मुखिया रामेश्वर महतो,तुलेश्वर महतो संरक्षक मोहरलाल महतो शामिल हुए। पंचायत में आयोजित तीन दिवसीय यज्ञ को लेकर शनिवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया जिसमें 251 महिलाओं ने भाग लिया श्रद्धालु महिलाएं कलश लेकर दामोदर नदी घाट पहुंची जहां यज्ञाचार्य द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना कर जल संकल्प कराया गया और यज्ञ स्थल तक सभी श्रद्धालु पहुंचे इस मौके पर सैकड़ो महिला पुरुष जय श्री राम,राम लखन जानकी,जय बोलो हनुमान की जोरदार उद्घोष के साथ यज्ञ स्थल पर पहुंचकर कलश की स्थापना किया गया।



इस मौके पर मुख्य अतिथि तिवारी ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यज्ञ होने से पास पड़ोस का क्षेत्र यज्ञ सामग्रियों की हवन और आहुति से पूरा क्षेत्र प्रदूषण मुक्त होता है और हवन की सुगंधि से पूरा गांव भक्ति में होता है तथा गांव में सुख समृद्धि और शांति की प्राप्ति होती है यज्ञ समिति द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों को केसरिया अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया झंडा बैनर लेकर सभी श्रद्धालुओं भक्ति के रंग में डूबे रहे 21 जनवरी को नगर भ्रमण का आयोजन किया गया है प्रतिमा का श्याधीवास होगा जबकि 22 जनवरी को मंडप पूजन,प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा, पूर्णहुती आदि का आयोजन है इस मौके पर मुख्य संरक्षक रामेश्वर महतो संरक्षक मोहरलाल महतो व 20 सूत्री सदस्य अध्यक्ष राजनाथ महतो उपाध्यक्ष अशोक महतो सचिव देवकी महतो, कोषाध्यक्ष गणेश वैद्य महतो पोखलाल मुंडा डॉ अनिल गुप्ता,रूपलाल महतो, लक्ष्मीकांत महतो, नरेश मुंडा,धनेश्वर महतो,सोहन महतो, हेमलाल महतो, रोहनलाल महतो, अमित महतो, बरतू रामफल महतो,नीतीश महतो, लकेश्वर महतो गिरिधारी महतो, मुकेश महतो हुलास महतो गोपाल महतो सहित सैकड़ो श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।

## रामगढ़ में भी भूमिहीनों को मिलेगा आशियाना : संजय लाल पासवान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान शनिवार को विभागीय पदाधिकारी के साथ रामगढ़ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित की गई भूमि का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 में ही हाउसिंग बोर्ड ने रामगढ़ में भूमि हस्तांतरित करने का प्रस्ताव भेजा था। जिला प्रशासन ने कैथा गांव में 27.75 एकड़ जमीन चिन्हित कर हाउसिंग बोर्ड को भेजी है। आज उसका भौतिक तौर पर निरीक्षण किया गया है। यह भूमि काफी उपयोगी है और इसके आसपास भी गई सरकारी और रैयती भूमि मौजूद है। हाउसिंग बोर्ड का निर्णय है कि जल्द ही वह भूमि जिला प्रशासन के द्वारा हस्तांतरित की जाए। कहा कि जो लोग अभी तक अपने मकान से वंचित रहे हैं उन्हें यहां एक आशियाना मिलेगा। हाउसिंग बोर्ड ने हर जगह मकान और दुकान के साथ



जमीन देने का काम किया है। निरीक्षण के दौरान रामगढ़ सीओ सत्येंद्र कुमार पासवान, झारखंड राज्य आवास बोर्ड के सचिव विनय मनीष लकड़ा, मुख्य अभियंता प्रवीण जयंत भेंगरा, सहायक अभियान ओम प्रकाश उरांव, कार्यपाक अभियंता हजारीबाग प्रमंडल रविंद्र कुमार, विधि पदाधिकारी मनोज कुमार चौबे, भू अर्जन पदाधिकारी गौरव कुमार, वरीय पदाधिकारी सन्नी कुमार, सहायक अभियंता अजित कुमार, प्रदेश प्रवक्ता रियाज अहमद, जिला महासचिव संजय साह, सेवादल रूपेंद्र महतो, रविन्द्र कुमार, शहजाद खान, छोटेलाल महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## मांडू सारुबेडा रात में जंगली हाथियों ने मचाया कोहराम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुज्जू :** मांडू सारुबेडा रात करीब 12ः30 बजे जंगली हाथियों ने मचाया कोहराम। सारुबेडा फुटबॉल ग्राउंड स्थित मेवा होटल को क्या क्षतिग्रस्त और अंदर रखे सामान को किया चितिर बितिर और एक मिठ दुकान को भी काफ़ी नुकसान पहुँचाया है सूत्रों के हवाले से पता चला की हाथियों का झुंड करीब 30-35 की संख्या में है और ये हाथी चरही जंगल से होते हुए मांडू, बोनगाहारा, डूमरबेडा, के रास्ते अभी सारुबेडा पिटाईमॉर्ड के जंगल में अभी आराम कर रहे है काफी संख्या में आसपास के ग्रामीण हाथियों को देखने के लिए जंगल की ओर जा रहे हैं घाटो सारुबेडा रोड में गाड़ी रोक-रोक कर लोग हाथियों को देख रहे हैं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कहां जा रहा है कि



अभी तक फॉरेस्ट की टीम हाथियों को देखने तक भी नहीं आई है अभी लोगों का जमावड़ा लग रहा है महिलाएं बच्चे तक भी जा रहे हैं हाथियों को देखने आसपास के ग्रामीणों को जैसे सिरका, अतना, चैनपुर बड़गांव,और खासकर टाटा कंपनी के साइडिंग के वर्कर को अलर्ट जारी करने की जरुरत है टाटा कंपनी के सीडिंग के पीछे और घाटों रोड के बिच जंगल में हाथी अभी रुके हुए हैं फॉरेस्ट की टीम खबर भेजे जाने तक नजारत नजर आए।

## शपथ पत्र

मैं जमाल अंसारी, पिता -स्व0 नजीब अंसारी, निवास ग्राम-दिघिया पो0 तुको, थाना- बेड़ो, जिला- रांची, झारखंड शपथपूर्वक निम्नलिखित व्यान करता हूं जो मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है।

1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूं एवं उपरोक्त पते का निवासी हूं।

2. यह कि मेरा आधार कार्ड 90 97-2963- 1853 में मेरे पिता का नाम स्वर्गीय नजीव अंसारी उर्फ शेख पचन है।

3. यह कि स्व0 नजीव अंसारी एवं शेख पचन दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है जो मेरे पिता का नाम है।

4. यहां की शपथ पत्र में अपने पिता का नाम प्रमाणित करने हेतु यह शपथ पत्र बना रहा हूं।

आज दिनांक 18.01.2024 को रांची में संपन्न किया गया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

**अति अल्पकालीन ई निविदा सूचना**

अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या **-18/JMT/2023-24** (प्रथम कॉल)

दिनांक **– 19-01-2024**

1. Name of Work: - Construction of 125/115 mm dia with. 70m/90m/120 m mtrs deep drilled tube well with installation of India mark II (IS 15500 Part – 2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG machine/ DTH RIG Machine with 125 mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform under D.W.& S. Division, Jhumritelaiya for the Year 2023-24.

| ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड न0 की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| KOD/DT/70 mtr / 01 | 100 | 89.17700 | 1.79000 | 10000.00 | 180 दिन |
| KOD/DT/70 mtr / 02 | 100 | 89.17700 | 1.79000 | 10000.00 | 180 दिन |
| KOD/DT/70 mtr / 03 | 100 | 89.17700 | 1.79000 | 10000.00 | 180 दिन |
| KOD/DT/70 mtr / 04 | 100 | 89.17700 | 1.79000 | 10000.00 | 180 दिन |
| KOD/DT/70 mtr / 05 | 50 | 44.58850 | 0.90000 | 5000.00 | 90 दिन |
| KOD/DT/70 mtr / 06 | 50 | 44.58850 | 0.90000 | 5000.00 | 90 दिन |
| KOD/DT/70 mtr / 07 | 40 | 35.67080 | 0.72000 | 5000.00 | 75 दिन |
| KOD/DT/70 mtr / 08 | 40 | 35.67080 | 0.72000 | 5000.00 | 75 दिन |
| KOD/DDT/90 mtr / 09 | 88 | 89.04368 | 1.80000 | 10000.00 | 160 दिन |
| KOD/DDT/90 mtr / 10 | 88 | 89.04368 | 1.80000 | 10000.00 | 160 दिन |
| KOD/DDT/90 mtr / 11 | 87 | 88.03182 | 1.77000 | 10000.00 | 160 दिन |
| KOD/EDDT/120mtr/ 12 | 55 | 71.47250 | 1.43000 | 10000.00 | 100 दिन |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 22.01.2024 समय 02.00 बजेअपराहन् तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 05.02.2024 समय05.00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक120 दिनांक03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 05.02.2024 समय05.00 बजेअपराहन् तक |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 06.02.2024 समय5.00 बजेअपराहन् |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :- | ई0 अभय टोप्पो,कार्यपालक अभियंता,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 08987463859, Email-id eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 0651-2480345 |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 अभय टोप्पो),
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।

PR.NO.316623 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

## नही रहे नारायण दा, आश्रम में पसरा मातम



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम (अपना घर) में 16 वर्षो से आश्रय ले रहे नारायण दा नही रहे। शनिवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, सक्रिय सदस्य ओंकार मिश्रा, मधुरेन्द्र सिंह, बाबू जान सोरेन, सुबल सिंह, विजय सिंह, सीताराम चौधरी, मनमोहन सरकार, अजीत चक्रवर्ती समेत अन्य लोगों ने उनकी अर्थी को कंधा दिया। आश्रम के समीप ही कैदइया रोड स्थित घाट पर उनका अंतिम संस्कार हिन्दू रीति रिवाज़ के साथ किया गया। नारायण दा की मृत्यु से उनकी बहन रेखा दीदी व आश्रम के सभी बुजुर्गो की आंखें नम है। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने बताया 16 वर्ष पूर्व नारायण दा व उनकी बहन रेखा दीदी आश्रय लेने आश्रम आए थे। नारायण दा बचपन से ही नेत्रहीन थे। उनकी बहन भी देख नही सकती। आश्रम में रहते हुए नारायण दा अपनी बहन के साथ रोजाना सुबह शाम भजन गायन किया करते थे। उनका सारा समय भगवान की आराधना करते हुए ही बीतता था। आज उनके चले जाने से आश्रम परिवार में बेचैनी है। आश्रम के बुजुर्ग उनके साथ बिताये पल को याद कर रो पड़ते हैं। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने कहा आज का दिन बेहद ही मर्माहत करने वाला दिन है। चुंकि एक तरफ नारायण दा तो वही दूसरी तरफ ओल्ड एज होम सुगियाडीह में आश्रय ले रही सावित्री दीदी ने भी इस दुनिया को अलविदा कह दिया। ईश्वर दोनों ही पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करे।

## झरिया में मुनव्वर राणा की स्मृति में शोक सभा का आयोजन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झरिया में अवस्थित इदारा अहले क़लम% के मुख्य कार्यालय नूरी हाउस, ऊपरकुल्ही में विश्व प्रसिद्ध (आलमी शोहरतयाफता) शायर मुनव्वर राना के देहांत पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें झरिया, धनबाद, लोयाबाद के साहित्यकारों और शायरों ने शिरकत की। इस मौके पर इदारा के जनरल सेक्रेटरी सह त्रैमासिक पत्रिका रंग के प्रधान संपादक डॉ. इक़बाल हुसैन ने अपने अभिभाषण के दौरान शायर मुनव्वर राना की शख्सियत और उनके फ़न पर अपनी तासुरात का इज़हार किया। साथ ही, उनसे अपने व्यक्तिगत संबंध और उनके घर लखनऊ में होने वाली अपनी मुलाकात का ज़िक्र ग़मज़दा लहजे में बयान करते हुए उनकी शान में एक क़ता पढ़ा, जिसे बहुत सराहा गया।

## कार्मल स्कूल में विदाई समारोह उड़ान कार्यक्रम का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कार्मल स्कूल वर्ग 11वीं के विद्यार्थियों ने ससम्मान वर्ग 12 वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शीर्षक था ÷उड़ान÷।कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर प्राचार्या सिस्टर मारिया कीर्ति, सिस्टर एल्सी जोसेफ, सिस्टर श्रेया कम्यूनिटी कॉलेज समन्वयक सीस्टर अमला, एसपीएल अनुष्का राज, रश्मीत छाबड़ा और तिशा जैन के साथ मिलकर किया गया। 12 वीं के छात्राओं ने विदा लेने वाले का सीनियर छात्राओं का स्वागत किया। छात्राओं के द्वारा गीत, प्रार्थना, समूह नृत्य, विदाई गीत प्रस्तुत किया गया। विदाई समारोह में छात्रों को उनके शिक्षक मिस अनुराधा, मिस पल्लवी,मिस शुभश्री के मार्गदर्शन में किया गया। फेयरवेल सेरिमनी में लगभग 80 छात्रों को प्रमाणपत्र, स्मृति चिन्ह और ताज से नवाजा गया। प्राचार्य के द्वारा 12वीं कला की छात्रा शैली तिरकी को एर्ली बर्ड के लिए एक विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही अनुष्का राज,12वीं विज्ञान छात्र छात्रा नेता (एसपीएल) राशमीत छाबड़ा, 12वीं कला (सहायक एसपीएल) को सम्मानित किया गया। विदाई के इस उड़ान कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

## मार्क्सवादी युवा मोर्चा जिला कमेटी की बैठक संपन्न

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मार्क्सवादी युवा मोर्चा जिला कमेटी की एक बैठक मासस केंद्रीय कार्यलय टेंपल रोड, पुराना बाजार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मार्क्सवादी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन महतो ने की एवं संचालन जिला सचिव राणा चटराज ने किया।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद गया रेल खंड के अंतर्गत वासेपुर के आरा मोड़ के समीप एक महिला की रेल लाईन क्रॉस करने के क्रम मे ट्रेन की चपेट मे आने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार दुर्घटना इतनी भयावह थी की महिला के कई अंग उसके शरीर से अलग हो चुके थे जिससे उस महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी। मौके पर उपस्थित वार्ड संख्या 14 के निवर्तमान पार्षद मो निसार आलम ने बताया की स्थानिय लोगों के द्वारा महिला को रोकने की काफी कोशिश की गई किंतु इससे पहले की वो संभल पाती तब तक ट्रेन ने उसे अपने चपेट मे लिया। श्री आलम ने बताया की मोबाइल के जरिये इस घटना की खबर उन्होने बैंक मोड़ थाना, भूली ओपी एवं रेलवे जीआरपी को दी। इसके बाद सभी घटना स्थल पर पहुंचे और लाश को जब्त कर अपने साथ ले गए। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त, गिरिडीह नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में गणतंत्रता दिवस की तैयारियां को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान गणतंत्र दिवस का समारोह झंडा मैदान में आयोजन करने का निर्णय लिया गया। गणतंत्र समारोह के अवसर पर झंडोतोल्लन मुख्य अथिति झारखंड सरकार के माननीय कृषि मंत्री बादल पत्रलेख द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम में परेड, झंडोतोलन, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त, गिरिडीह ने एक एक कर सभी संबंधित अधिकारियों संग विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त, गिरिडीह ने मुख्य कार्यक्रम स्थल के साथ साथ सरकारी कार्यालयों में निर्धारित समय पर झंडोत्तोलन करने हेतु निर्देशित किए। इसके साथ ही उन्होंने परेड की तैयारी, झांकियों की थीम समेत अन्य विषयों पर भी कई निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अलावा झंडा मैदान में साफ- सफाई, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, परेड की तैयारियां, राष्ट्रगान, निरीक्षण हेतु जीप की व्यवस्था, एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था समेत अन्य के लिए संबंधित पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया गया। वहीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी, कर्मी समेत अन्य को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित करने को लेकर भी निर्देशित किया गया।

मुख्य स्थलों पर झण्डोत्तोलन का कार्यकम निम्न प्रकार निर्धारित किया गया :- जिला गोपनीय कार्यालय, गिरिडीह 8:20 बजे प्रातः

झण्डा मैदान, गिरिडीह 9:00 बजे प्रातः

समाहरणालय परिसर, गिरिडीह 10:15 बजे प्रातः

अनुमण्डल कार्यालय, गिरिडीह 10:40 बजे प्रातः

कर्मचारी महासंघ भवन, गिरिडीह 10:45 बजे प्रातः

जिला परिषद कार्यालय, गिरिडीह 10:50 बजे प्रातः

सिविल सर्जन कार्यालय, गिरिडीह 10:55 बजे प्रातः

नगर निगम, गिरिडीह 11:00 बजे प्रातः

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी 11:10 बजे प्रातः

पुलिस लाइन, गिरिडीह 11:30 बजे प्रातः

झण्डा मैदान, गिरिडीह में बैरीकेडिंग तथा आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों एवं अन्य व्यक्तियों के बैठने हेतु पर्याप्त मात्रा में कुर्सी की व्यवस्था, कारपेट बिछाने एवं फुल गमला आदि की व्यवस्था की जायेगी।

बैठने के स्थान पर महिला, पुरूष एवं गणमान्य व्यक्तियों, मीडिया कर्मियों हेतु अलग-अलग बोर्ड लगवा दिया जाय, ताकि आगंतुकों को कठिनाई न हो। मंच सहित पूरे झण्डा मैदान, गिरिडीह मे सोडियम हाईपोक्लोराइट का छिड़काव किया जाना है। प्राथमिक उपचार हेतु मेडिकल टीम / ऐम्बुलेंस की व्यवस्था की जायेगी।

# आर्थिक तंगी के कारण पिता ने किया आत्महत्या

## मां का पहले ही हो चुकी है मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बाघमारा :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत राजगंज थाना क्षेत्र के चुंगी बस्ती में गंगा राम कर्मकार जो लगभग 50 बर्ष के थे, जिसने आर्थिक तंगी के कारण अपने ही घर में बीते रात को फांसी लगाकर अपने जीवन को समाप्त कर लिया, उनके पत्नी का 6 महीने पहले ही कैंसर से मृत्यु हो गया है इस परिवार 4 छोटे छोटे बच्चे ही रह गए है। जिसमे से कबिता कुमारी 10 वर्ष की है, सुमन कुमारी 8 बर्ष, 2 जुड़वे भाई करण ओर अर्जुन 5 बर्ष के है इनका भरण पोषण कौन करेंगे कुछ भी पता नहीं चल रहा है, उनके बहन को पूछे जाने पर पता चला की सरकारी राशन भी इन्हे मात्र 10 किलो ही मिलता था जिससे 4 बच्चे सहित अपना भरण पोषण नहीं हो पा रहा था।

# फूट ओवरब्रीज निर्माण के लिए उपायुक्त से मिले मासस नेता विक्की खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** फूट ओवरब्रीज निर्माण के लिए उपायुक्त से मिले मासस नेता विक्की खान। उन्होने ग्रामीणों को हो रही समस्या से अगवत कराते हुए बताया कि गांव खड़काबाद जो गोविंदपुर धनबाद सड़क की नंबर 418 एनएच 2 पर स्थित है जो एक घनी आबादी वाला गांव है।

वहां आए दिन सड़क पर दुर्घटना घटती रहती है। सिक्स लेन सड़क बनने से और सर्विस सड़क ले कर सड़क काफी चौड़ी हो गई है जिससे ग्रामीणों को सड़क के इस ओर से दूसरे ओर पार करने में बहुत कठिनाइयों सामना करना पड़ रहा है। सड़क के समीप 2 विद्यालय है जिसमें बच्चे बच्चियां को जो शिक्षा प्राप्त करने के लिए सड़क को पार कर विद्यालय आते जाते हैं। जिससे बच्चे परिवार के लोग भी काफी चिंतित रहते है एवं सड़क के समीप धार्मिक स्थल भी है जिसमें सभी ग्रामीण रोजाना सड़क के इस ओर से दुसरी ओर सड़क को पार करते है।

उपायुक ने भी एनएचएआई के प्रॉजेक्ट डायरेक्टर को निर्देश देने की बात कही तथा फूट ओवरब्रीज का जल्द ही निर्माण करवाने का आश्वाशन दिया। मौके पर चितरंजन गौराय, सलीम अंसारी, मनैरा बावरी, राजू गौराय, पवन कुमार, मनोरंजन गौराय आदि ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# प्रवक्ता बनने पर शमशेर आलम हुए सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** वासेपूर के समाजिक संगठन के समाज सेवक द्वारा झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव शमशेर आलम को झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता बनने पर शॉल, गुल्दस्ता भेंट कर व माला पहना कर सम्मानित किया एवं बधाई दिया।

प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम ने उपस्थित समाज के सभी दानिशमंद अगुवा साथियो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की समाज की हर भलाई के काम मे मै आप सभी के साथ पूरी निष्ठा इमानदारी से संघर्षशील होकर आपकी आवाज बुलंदी उठाता रहूंगा। आज वक्त है केंद्र की अन्याय सरकार से संविधान लोकतंत्र खतरे मे है जिसे बचाने के लिए राहुल गाँधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से दबे कुचले दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक वर्गो की न्याय के लिए संघर्षशील है। स्वागत करने वालों मे अबु तलहा सहाब, निवर्तमान पार्षद निसार आलम, जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, सलीम अंसारी, फारूख खान, मुमताज कुरैशी, शाकीर खान, अरफीन रिज़्वी, जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष जाहिर अंसारी, जमालुददीन खान, इम्तियाज आलम, नइम अंसारी, शकील अहमद, सिकंदर ए आज़म सहित सैकड़ो गणमान्य शामिल थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल गुमला**

पत्रांक:–154 दिनांक:– 19.01.2024

नोटिस प्रेस विज्ञप्ति
(आवश्यक सूचना)

एतद् द्वारा संवेदक महेश्वर साहु, ग्राम– रकमशेरा, पो0– ढीढौली, थाना + जिला – गुमला को सूचित करते हुए कहना है कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना अंर्तगत Construction & maintenance of road from T04 to Jhariyatoli , Length- 1.10 km फेज –fourteen , Batch-4th , Package no.- JH –XIV-IV-GUM-03 के संपादन हेतु अपका एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि दिनांक 21.06.2017 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 20.12.2017 थी। आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने की दिशा में पूरी तरह से शिथिलता बरती जा रही है। अनेकों बार दिये गये निर्देशों के बावजुद आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने की दिशा में कोई रूचि नहीं लिया जा रहा है। कार्य पिछले कई महिनों से बन्द है, एवं आज तक अपूर्ण है। जो अत्यन्त खेदजनक है। इस कार्यालय के पत्रांक 2017 दिनांक 22.11.23 द्वारा भी आपसे तीन दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण का जवाब मॉगा गया था। परन्तु आपके द्वारा कोई जवाब अब तक नहीं दिया गया है, और न ही प्रमण्डलीय कार्यालय के अभियन्ताओं से सम्पर्क स्थापित किया गया है। जो आपके कार्य के प्रति उदासिनता को दर्शाता है।

अतः आपको इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से निदेश/सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.02.2024 को सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता द्वारा अन्तिम मापी सुबह 10.00 बजे से शाम 3.00 बजे के बीच किसी भी समय ले ली जायेगी। अन्तिम मापी के समय आप स्वयं या आपके प्रतिनिधि स्थल पर उपस्थित रहेंगे। यदि उक्त तिथि एवं समय पर आप या आपके प्रतिनिधि उपस्थित नही रहते हैं तो भी पथ की अन्तिम मापी ले ली जायेगी, जो आपको मान्य होगा एवं भविश्य में कोई भी दावा स्वीकार नही किया जायेगा। अंतिम मापी के पश्चात आपके एकरारनामा को विखण्डित करते हुए जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं एकरारनामा के कण्डिका 52.2 के अन्तर्गत कार्रवाई की जाएगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल,गुमला

PR 316694 (Rural Work Department)23-24*D

**कार्यालय जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या
**E-Tender Ref No- DOPR/DE/Gumla/01/2023-24**

| क्रम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जारी प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत मेराल में नया पंचायत भवन निर्माण | 99,89,000 | 1,99,800 | 10,000 | 12 माह |
| 2 | गुमला प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत फसिया में नया पंचायत भवन निर्माण | 99,89,000 | 1,99,800 | 10,000 | 12 माह |
| 3 | पालकोट प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत डहुपानी में नया पंचायत भवन निर्माण | 99,89,000 | 1,99,800 | 10,000 | 12 माह |
| 4 | रायडीह प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत परसा में नया पंचायत भवन निर्माण | 99,89,000 | 1,99,800 | 10,000 | 12 माह |
| 5 | भरनो प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत भरनो में नया पंचायत भवन निर्माण | 99,89,000 | 1,99,800 | 10,000 | 12 माह |
| 6 | घाघरा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत कुहीपाट में नया पंचायत भवन निर्माण | 99,89,000 | 1,99,800 | 10,000 | 12 माह |
| 7 | विशुनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत हेलता में नया पंचायत भवन निर्माण | 99,89,000 | 1,99,800 | 10,000 | 12 माह |
| 8 | विशुनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत चिरोडीह में नया पंचायत भवन निर्माण | 99,89,000 | 1,99,800 | 10,000 | 12 माह |

नोट :– केवल ई–टेण्डर ही स्वीकार होंगे।
1. अधिक जानकारी के लिये वेबसाईट **jharkhandtensers.gov.in** में देखा जा सकता है।
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–29.01.2024
3. ई निविदा डालने प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 30.01.2024 से 06.02.2024 तक अप0 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :– 07.02.2024 को अप0 4:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला ई0 निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :–9801557645
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते से अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।
7- **Form of Bid** एवं **Bill of Quantity** में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जायेगा।
8. निविदा **Double Bid** पद्धति से होगा।
9. इस निविदा में भवन निर्माण विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेंगे।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद,गुमला

PR 316656 (Rural Development)23-24*D

**कार्यालय नगर परिषद, चतरा**
**पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401**

आम सूचना–II

एतद द्वारा नगर परिषद, चतरा क्षेत्रान्तर्गत धर्मशाला, विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल आदि प्रतिष्ठान के संचालकों को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त प्रतिष्ठानों को झारखण्ड शहरी क्षेत्र "धर्मशाला, विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल निर्माण और अनुज्ञप्ति नियमावली, 2013" के तहत उक्त प्रतिष्ठान का निर्माण/संचालन हेतु नगर परिषद, चतरा से अनुज्ञप्ति लेना अनिवार्य है।

संचालन करने हेतु अनुज्ञप्ति एवं नवीकरण का वार्षिक शुल्क दर निम्नवत् है:–

| क्र0 | भवन का प्रकार | निर्मित क्षेत्र (Built up Area) | अनुज्ञप्ति का न्यूनतम वार्षिक शुल्क(रू0 में) नगर परिषद |
|---|---|---|---|
| 1 | धर्मशाला | 5000 वर्गफीट तक | 1000.00 |
| | | 5001 वर्ग फीट से ऊपर | 1250.00 |
| 2 | विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall) | 5000 वर्गफीट तक | 9375.00 |
| | | 5001 वर्ग फीट से ऊपर | 12500.00 |
| 3 | लॉज | 1–10 बेड | 1000.00 |
| | | 11–20 बेड | 1500.00 |
| | | 21–50 बेड | 1875.00 |
| | | 50 से अधिक बेड | 2500.00 |
| 4 | हॉस्टल | 1–10 बेड | 750.00 |
| | | 11–20 बेड | 1000.00 |
| | | 21–50 बेड | 1250.00 |
| | | 50 से अधिक बेड | 1875.00 |

नोट:– उपरोक्त दर अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए भी वार्षिक रूप से देय होगा।

अतः सभी धर्मशाला, विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल आदि प्रतिष्ठान के संचालकों को आदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन से 15 दिनों के अन्दर अनुज्ञप्ति हेतु कार्यालय में आवेदन जमा करना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित अवधि तक अनुज्ञप्ति नही पाये जाने पर निम्न दण्ड शूल्क के साथ अनुज्ञप्ति की जायेगी:–
(क) एक माह विलम्ब होने के पर– दण्ड शुल्क रू0 500/–(पाँच सौ रूपये)
(ख) प्रत्येक तीन माह के विलम्ब होने पर– दण्ड शुल्क रू0 2,000/–(दो हजार रूपये)
(ग) अनुज्ञप्ति अवधि समाप्त होने के एक वर्ष तक अनुज्ञप्ति का नवीकरण नहीं कराये जाने पर अनुज्ञप्ति स्वतः प्रभाव से रद्द समझा जायेगा एवं उसके संचालन को पूर्णतः बंद करा दिया जायेगा।

इस नियमावली के प्रवृत होने की तिथि से 03 (तीन) माह के अन्दर अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं करने पर, ऐसे सभी धर्मशाला, विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल को अनाधिकृत घोषित कर उसके संचालन को पूर्णतः बन्द कराने की कार्रवाई की जा सकेगी। धर्मशाला, विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल संचालन पर रोक के लिए मुख्य पदाधिकारी/नगर आयुक्त/कार्यपालक पदाधिकारी/विशेष पदाधिकारी/सक्षम पदाधिकारी होंगे।

अनुज्ञप्ति पदाधिकारी स्वप्रेरण से या शिकायत प्राप्त होने पर स्वयं अथवा किसी पदाधिकारी के द्वारा धर्मशाला, विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल का निरीक्षण कर या करा सकेगा। निरीक्षण के क्रम में जिन मानकों पर अनुज्ञप्ति दिया गया है, उसके प्रतिकूल पाये जाने पर अनुज्ञप्ति पदाधिकारी द्वारा अनुज्ञप्ति को रद्द करते हुए संचालन को बन्द करने की कार्रवाई की जा सकेगी, परन्तु ऐसे कार्रवाई के पूर्व अनुज्ञप्तिधारी को अपना पक्ष रखने एवं सुधार लाने का अवसर प्रदान किया जायेगा।

प्रशासक,
नगर परिषद, चतरा

PR 316616 (Urban Development)23-24*D

**झारखण्ड सरकार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।**

ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना **(2nd Call)**
निविदा सूचना संख्या–**CTR/STATE_PLAN/DT/21/2023-24** दिनांक – 19.01.2024

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | **Name of Work :-** Construction of 125/115 mm dia 70m/90m/120m Mtrs D/T, Deep D/T, Extra Deep Drilled Tube Well with installation of India mark II (IS 15500 Part – 2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG machine with 125mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform on "TurnKey Basis" Under D.W.&S. Division, Chatra for the Year 2023-24 (Under State Plan) | | | | | |
| | ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूप संख्या | प्राक्कलित राषि (लाख में) | अग्रधन की राषि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| 1 | DT/70M/CTR/01 | 100 Nos. | 89.17741 | 1.80 | 10,000/- | 180 Days |
| 2 | DT/70M/CTR/02 | 100 Nos. | 89.17741 | 1.80 | 10,000/- | 180 Days |
| 3 | DT/70M/CTR/03 | 100 Nos. | 89.17741 | 1.80 | 10,000/- | 180 Days |
| 4 | DT/70M/CTR/04 | 100 Nos. | 89.17741 | 1.80 | 10,000/- | 180 Days |
| 5 | DT/70M/CTR/05 | 100 Nos. | 89.17741 | 1.80 | 10,000/- | 180 Days |
| 6 | DT/70M/CTR/06 | 100 Nos. | 89.17741 | 1.80 | 10,000/- | 180 Days |
| 7 | DT/70M/CTR/07 | 63 Nos. | 56.18177 | 1.13 | 10,000/- | 115 Days |
| 8 | DEEP-DT/90M/CTR/01 | 98 Nos. | 99.16226 | 2.00 | 10,000/- | 180 Days |
| 9 | DEEP-DT/90M/CTR/02 | 98 Nos. | 99.16226 | 2.00 | 10,000/- | 180 Days |
| 10 | DEEP-DT/90M/CTR/03 | 98 Nos. | 99.16226 | 2.00 | 10,000/- | 180 Days |
| 11 | DEEP-DT/90M/CTR/04 | 98 Nos. | 99.16226 | 2.00 | 10,000/- | 180 Days |
| 12 | DEEP-DT/90M/CTR/05 | 98 Nos. | 99.16226 | 2.00 | 10,000/- | 180 Days |
| 13 | DEEP-DT/90M/CTR/06 | 88 Nos. | 89.04367 | 1.80 | 10,000/- | 160 Days |
| 14 | EXTRA DEEP-DT/120M/CTR/01 | 55 Nos. | 71.47265 | 1.43 | 10,000/- | 100 Days |
| 15 | EXTRA DEEP-DT/120M/CTR/02 | 55 Nos. | 71.47265 | 1.43 | 10,000/- | 100 Days |
| 16 | EXTRA DEEP-DT/120M/CTR/03 | 54 Nos. | 70.17314 | 1.41 | 10,000/- | 100 Days |
| B | वेबसाईट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | | | 22.01.2024 समय 02:00 बजे अपराहन तक | | |
| C | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | | | 05.02.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक | | |
| D | सरकार के सचिव, सूचना प्रौघोगिकी एवं ई0–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राषि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | | | 05.02.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक | | |
| E | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | | | 06.02.2024 समय 10:00 बजे पुर्वाहन तक | | |
| F | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। | | |
| G | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | | | ई0 अजय कुमार सिंह कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। | | |
| H | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन संख्या | | | 9431325479, 9931972161 एवं 06541–253273 | | |
| I | ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन नं0 | | | 0651–2480345 | | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 अजय कुमार सिंह)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

PR 316612 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

# भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठिए के खिलाफ हुआ महाधरना

➲आंकड़ों के साथ गलत गतिविधियों की सारी जानकारी देने के बावजूद पुख्ता कार्वाही नहीं : ओमप्रकाश सिंह

➲रोहिंग्या द्वारा भोले भाले आदिवासियों को ठग उनकी सारी जमीन हड़प ले रहे हैं : सधनू भगत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठिए के खिलाफ महाधरना समहरणालय मैदान और सदर प्रखंड स्थित मोड़ से जिला समहरणालय पदयात्रा कर विरोध जताया। लोहरदगा जिले में विदेशी घुसपैठी बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या से उत्पन्न समस्याओं को लेकर जिला उपायुक्त के द्वारा महामहिम राज्यपाल और केंद्रीय गृहमंत्री को अवगत कराते हुए उचित कार्यवाही की मांग की। उपरोक्त विषय के आलोक में ध्यानआकृष्ट करते हुए पत्र के माध्यम से कहा कि आज आए दिन विदेशी आतंकवादियों का देश में घुसपैठ का मामला आते रहा है। जिसमें झारखंड क्षेत्र भी शामिल है। राज्य के संथाल परगना विशेष रूप से बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या लोगों का शरणस्थली के रूप में जाना जा रहा है। जिसका प्रभाव जिला लोहरदगा में भी अब दिखाई देने लगा है। प्रतिदिन लोहरदगा जिले के शहरी इलाकों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी फेरी वालों के रूप में घूमा करते हैं,इनकी बोलचाल एवं भाषा बांग्लाभाषी से मिलता-जुलता है। इनकी संख्या अनुमानित काफी बड़ी है,और ये निश्चित ठिकानों में शरण लिए हुए हैं। ज्ञापन संख्या 227/2020 में जिले के विशेष शाखा के आला पदाधिकारी राज्य सरकार को विशेष रिपोर्ट देकर बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या लोगों का जिले में घुसपैठ एवं संरक्षण देने वाले व्यक्तियों का भी नाम अपनी रिपोर्ट में दर्ज किया था। इन्होंने निम्नलिखित गांव में रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी घुसपैठियों का शरण स्थली के रूप में चिन्हित किया था। जिसमें जुरिया, कुर्से, कुजरा, चितरीडाडु, लावागाई, हिसरी,एवं नगर के ईदगाह मुहल्ला, राहत नगर, इस्लाम नगर आदि शामिल हैं। इन घुसपैठियों द्वारा आदिवासी युवतियों से शादी-विवाह कर उसके नाम से आदिवासियों के जमीन-जायदाद की खरीदारी एवं स्थानीय निकाय चुनाव (पंचायत एवं नगर) में उम्मीदवार के रूप में सुनियोजित तरीके से खड़ा किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के गैर मजूंरूआ जमीन में भी बसाया जा रहा है। एवं आदिवासियों के रैयति जमीन को सादे कागज में लिखाकर उसमे पक्के मकान बनाये जा रहे हैं। इन घुसपैठियों का लोहरदगा जिला में शरण लेने के बाद जिले में आंतरिक सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था अंदर से पूरी तरह चरमरा चुकी है। 23 जनवरी 2020 एवं रामनवमी जुलूस 2021 में कुजरा गांव में हुई पत्थरबाजी की घटना से साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न हुई है। एवं कई स्लीपर सेल की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय प्रशासन ने इन घटनाओं का विदेशी हाथ होने की बात स्वीकार की है।

## पूनम सर्वश्रेष्ठ छात्रा व मंतोष सर्वश्रेष्ठ छात्र बने

### सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में स्नेह मिलन समारोह आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत मां के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में सत्र 2022 - 2024 के सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार मंतोष उरांव और सर्वश्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार पूनम कुमारी को दिया गया। उत्कृष्ट अनुशासन का पुरस्कार विज्ञान के छात्र रोशन उरांव,उत्कृष्ट सांस्कृतिक का पुरस्कार कला की छात्रा रोशनी उरांव, उत्कृष्ट विज्ञान का पुरस्कार विज्ञान की छात्रा शशि कच्छप,उत्कृष्ट खेलकूद के क्षेत्र में प्रदर्शन का पुरस्कार विज्ञान के छात्र रोहित उरांव व कला के छात्र सुजल बाखला को दिया गया। सत्र 2022-24 के सर्वश्रेष्ठ सदन का पुरस्कार आर्यावर्त सदन को मिला। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को उनके आने वाली परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने छात्र-छात्राओं को आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि जीवन में बहुत सारी चुनौतियां आएंगी जिसका डटकर सामना करके ही मनुष्य लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। महाविद्यालय के प्रधानमंत्री रोहित कुमार साहू, रोशनी उरांव और शिक्षकों में प्रीति कुमारी गुप्ता और रश्मि साहू ने अपना अनुभव कथन छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया। कार्यक्रम का संचालन कला की छात्रा आकांक्षा पांडे और धन्यवाद ज्ञापन राजनीति विज्ञान की आचार्य कविता कुमारी ने किया। कार्यक्रम में सचिव अजय प्रसाद,शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, सरस्वती विद्या मंदिर कैरो के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार,सेन्हा के प्रधानाचार्य विमलेश तिवारी,कुडू की प्रधानाचार्य पिंकी इंदवार और महाविद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## धवईटांड गांव में झारखंड पार्टी द्वारा बैठक कर ग्रामीणों की सुनी गई समस्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** प्रखंड के धवईटांड में शनिवार को झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का और युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने जनसंपर्क कर ग्रामीणों से मिल कर गांव में व्याप्त समस्याओं पर विचार विमर्श कर समस्याओं में हर तरह से सहयोग करने का वादा किया । मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को दूर करने के लिए झारखंड पार्टी आप पूरी तरह से तैयार है और जिस प्रकार पहले कार्य किया जा रहा था उसी तरह से कार्य किया जाएगा ताकि आपकी समस्याओं को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि आप की एक वोट की गलती की वजह से आप लोग आज परेशानियों का दंश झेल रहे हैं, लेकिन अब आने वाला दिन आप सभी चुनाव के समय अपना कीमती वोट झारखंड पार्टी को सहयोग कर आगे बढ़ाया था कि आपका हक अधिकार की रक्षा हो सके। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों को क्षेत्र के लोगों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया । उन्होंने कहा कि आप लोग क्षेत्रीय पार्टी को सहयोग करेंगे ताकि क्षेत्र का सही तरीके से विकास हो सके। संदेश एक्का ने कहा वर्तमान समय युवाओं का है ऐसे में युवा इस क्षेत्र का विकास के लिए संगठित होकर अपने हक अधिकार के लिए आगे आए इसके लिए झारखंड पार्टी हर प्रकार से सहयोग करने के लिए तैयार है।

## प्रांतीय निबंध प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा की छात्रा का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा के छात्र छात्राओं का प्रान्त स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन रहा। विद्या विकास समिति झारखंड प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित प्रांतीय निबंध प्रतियोगिया का आयोजन किया गया था। आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा दशम की छात्रा सुभद्रा कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। जिसमें सुभद्रा कुमारी ने ओज़ोन परत के क्षय के दुष्प्रभाव विषय पर निबंध प्रतियोगिता में प्रांतीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन विद्यालय का मान बढ़ाया है। वही विद्यालय प्रबंधनकारिणी समिति के सचिव रेशम लाल ने विद्या भारती की योजना को भैया बहनों के लिये प्रभावकारी बताते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से छात्र छात्रओं में लेखन कला कौशल तथा बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। वही बहन सुभद्रा कुमारी की सफलता पर खुशी प्रकट करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी तथा डॉली कविता, मीना देवी मालती कुमारी सहित सभी आचार्य आचार्या ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिये कामना किया है।

## अविराम में राष्ट्रीय सेवा योजना अभिमुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत अभिमुखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य नए प्रशिक्षुओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान करना और प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित करना जिससे वे अपने समुदाय की सेवा कार्य कर सके निस्वार्थ रूप से। राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध ने बताया कि इसका ध्येय वाक्य मैं नहीं तुम अर्थात स्वयं से पहले हमें अपने समाज और लोगो के हित को सोचना चाहिए उनकी मदद करनी चाहिए, कोणार्क मंदिर के रथ के पहिए से इसका लोगो लिया गया है और विशेष एन एस एस क्लैप, इसका इतिहास, रांची आदि बताया गया। प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी ने बताया कि रांची यूनिवर्सिटी के एन एस एस समन्वयक डॉ बृजेश कुमार के नेतृत्व में अविराम की इकाई विशेष शिविर, प्रौढ़ शिक्षा, स्वच्छता, मतदान, सड़क सुरक्षा, पोषण, बेटी बचाओ, नशा उन्मूलन, जल संरक्षण, पौधा रोपण और वितरण आदि पर कार्य कर रही है,गांव गांव जाकर कंबल,वस्त्र,आवश्यकता सामग्री वितरण भी प्रतिवर्ष किया जाता है, शेयर केयर, जॉय कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय से रश्मि सिन्हा मनाली में विशेष रूप से चयनित की गई की और प्रशिक्षु निरंतर सक्रिय रहते है, मुस्कान क्लासेज, ईच वन टीच वन आदि कार्यक्रमों की जानकारी दी गई और अधिक अधिक से अधिक कार्य जरूरतमंदों के लिए करने तथा सभी से एक गर्म वस्त्र दान करने का संकल्प कराया गया। कार्यक्रम संचालन सबनम और जयदीप द्वारा किया गया।

## शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं ने दिया नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा। जवाहर नवोदय विद्यालय समिति द्वारा सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं का कक्षा षष्ठ में नामांकन के लिये शनिवार को परीक्षा आयोजित किया गया। जिस निमित परीक्षा आयोजन करने के लिये नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। प्रखंड क्षेत्र से कुल 421 छात्र छात्रओं द्वारा परीक्षा के लिये आवेदन भरा गया था। जिसमें 361 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिया। वही 60 छात्र छात्राएँ अनुपस्थित रहे। वही नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में 288 छात्र छात्राओं में 243 विद्यार्थियों ने और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में 133 में से 118 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिया। परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त हो जिसके लिये प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज सिंह व जेई संजीत कुमार को दंडाधिकारी के रूप नियुक्त किया गया था। मौके पर प्रधानाध्यापिका सीमा नैंसी लकड़ा, प्रधानध्यापक अभिषेक गौरव के अलावे एस आई विरेन्द्र बाखला, रामचन्द्र मांझी दक बल के साथ मौजूद थे।

## राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के परिपेक्ष्य में सभी प्रशासनिक अधिकारियों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सौरभ कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के परिपेक्ष्य में सभी थाना प्रभारी, अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारीयो के साथ आनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर जिले में बेहतर विधि- व्यवस्था संधारण करने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा आयोजित कार्यक्रम को देखते हुए जिले के विभिन्न मंदिरों में कलश यात्रा, अखंड कीर्तन-भजन, पूजा अर्चना सहित कई कार्यक्रम आयोजन किये जा रहे हैं तथा विभिन्न जगहों पर जुलूस भी निकलने से संबंधित कार्यक्रम भी निर्धारित है। जिसे ध्यान में रखते हुए कहीं पर किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना घटे इस दिशा में संबंधित पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण तैयारी करने के निर्देश दिए गए।

## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिरों में चलाया सफाई अभियान

**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अयोध्या में राम लला के स्वागत को लेकर भंडरा प्रखंड के सभी गांवों में खुशियों का माहौल है। इस बीच भंडरा प्रखंड के सभी मंदिरों की साफ सफाई की जा रही है जगह-जगह पर लोग भजन कीर्तन का आयोजन कर रहे हैं साथ ही इस मौके पर कुम्हार समाज के लोग भी अपने द्वारा बनाए गए दिया की बिक्री को लेकर खुशी जाहिर कर रहे हैं ज्ञात हो की 22 जनवरी के दिन सभी सनातन धर्म के लोगों के द्वारा तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजन किया जाना है जिसमें घर में दीप प्रज्वलित करना है साथ ही जगह-जगह पर भंडारे का आयोजन करना सुनिश्चित किया गया है इस मौके पर कृष्णा प्रजापति बताते है कि साल में सिर्फ दीपावली के दिन ही दिया की बिक्री होती है पर इस बार प्रभु श्री राम के कारण ही दीपावली से अधिक दिया का मांग किया जा रहा है।

## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विशाल कलश यात्रा के साथ की पूजा अर्चना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अयोध्या में प्रभू श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव के पावन अवसर पर सदर प्रखंड के मनहो ग्राम स्थित बिलवेश्वर महादेव के निर्माणाधीन मंदिर परिसर में श्री हरी कृतन और महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रातः 9 बजे विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। 300 से अधिक महिला पुरुषों ने स्थानीय कोयल नदी से पवित्र जल उठा कर जय श्री राम,राम लखन जानकी जय कन्हैया लाल की जयघोष करते हुए बिलवेश्वर महादेव का जलभिसेक कर पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर प्रभू श्री राम की विधि पूर्वक पूजन अर्चन किया गया । श्यामसुंदर उरांव और साथियों के द्वारा सुंदर काण्ड का पाठ किया गया तथा इस्कॉन रांची से आए कीर्तन मंडली द्वारा महामंत्र जय राम जयजय राम का कीर्तन क्या गया तथा महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मांडर विधान सभा के पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, प्रांतीय संघ चालक सचिदानद लाल अग्रवाल, विभाग प्रमुख मनोज दास, दिलीप सिंह, सी पी यादव,लाल नवल किशोर नाथ साहदेव, विश्वहिंदू परिषद के प्रांतीय कार्यसमिति सदस्य लाल ओंकार नाथ सहदेव, पुरुषोत्तम नाथ सहदेव, राजकिशोर तिग्गा, गौतम नाथ साहदेव, विवेक साहदेव, नवीन साहदेव, विश्वजीत साहदेव, सीताराम साहु, ध्यान साहु, प्रणव, केशव, पंकज, बिनोद, प्रमोद, कन्हैया किसान, आयुष, आनंदी,पीहू के साथ सैकड़ो ग्रामीण महीला पुरुष उपस्थित थे।

## उर्दू भाषा के शिक्षकों का पद समाप्त किए जाने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण : साहिद अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के लोहरदगा जिला अध्यक्ष साहिद अंसारी ने हेमंत सोरेन सरकार के द्वारा प्राथमिक शिक्षा निदेशालय की उर्दू भाषा के शिक्षकों का पद समाप्त किए जाने के फैसला को दुर्भाग्यपूर्ण एवं उर्दू भाषी लोगों के साथ अन्याय बताया है। साहिद अंसारी ने झारखंड सरकार के प्राथमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी तुगलकी आदेश को तुरंत वापस लिए जाने की मांग की है जिसमें उर्दू प्रशिक्षित शिक्षकों के शत-प्रतिशत पद एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक संवर्ग के 50 प्रतिशत सीधी नियुक्ति से भरे जाने वाले पद को मरणशील संवर्ग घोषित कर उर्दू शिक्षकों की बहाली पर रोक लगा दी गई है। राज्य गठन के बाद झारखंड में शिक्षकों के 4401 पद थे। इसमें से मात्र 689 पद पर ही शिक्षक की नियुक्ति हुई। सरकार खाली पड़े 3712 रिक्त पद पर नियुक्ति के बदले पद ही को समाप्त किया जाना अल्पसंख्यकों के साथ विश्वासघात है। साहिद अंसारी ने कहा कि उर्दू भाषा को एकीकृत बिहार के समय से ही राज्य की दूसरी राजभाषा के रूप में मान्यता मिली हुई है और झारखंड बनने की बाद भी सरकारी गजट में इसकी पुष्टि की गयी है। झारखण्ड की हेमन्त सरकार द्वारा उर्दू शिक्षकों के रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति किए जाने के बजाय पदों को ही समाप्त करना एक बहुत बड़ी साजिश और राज्य के उर्दू भाषी लोगों के साथ अन्याय है। अल्पसंख्यक समुदाय प्राथमिक शिक्षा निदेशालय की इस कार्रवाई से हतप्रभ है क्योंकि निदेशालय का यह कदम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की चुनावी घोषणा के अनुरूप नहीं है। और यह अल्पसंख्यक समाज के साथ बहुत बड़ा धोखा है। शाहिद अंसारी ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज को कांग्रेस पार्टी तो हमेशा से बेवकूफ बनाती ही रही है।

## ग्रामीणों की समस्या सुनने कई कि मी पैदल चलकर गांव पहुंचे विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा जनता की समस्याओं को दूर करने की दिशा में गंभीर है। शनिवार को कई किलोमीटर पैदल चलकर पालकोट प्रखंड के अति दुर्गम क्षेत्र रायडीह उपरा टोला गांव पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुनी। आजादी के बाद पहली बार किसी विधायक को गांव पहुंचा देख ग्रामीण काफी खुश हुए। साथ ही विधायक का जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा के गांव आने से ही ऐसा लग रहा है मानो उनकी समस्या दूर हो गई हों। विधायक के गांव पहुंचने से सभी समस्यों का समाधान होने की आस जगी है। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने के लिए ही गांव पहुंचे हैं। ग्रामीण अपनी समस्या बेझिझक रखें। सभी समस्याओ को दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्या सुनने के लिए मिलों की दूरी पैदल चलकर जाना पड़े। तो भी वे चलकर ग्रामीणों तक जरूर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की असली समस्या नजदीक पहुंच कर देखने से ही पता चलता है। इसलिए वे गांव पहुंचे है। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता,विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता,ए सी मोर्चा गुमला जिला अध्यक्ष भुनेश्वर राम, विधायक प्रतिनिधि केशवर सिंह,विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह उर्फ मारवाड़ी सिंह, 20 सूत्री सदस्य सतनारायण केशरी, अनुज सोरेंग, पेरू उरांव, पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम उरांव, संजय नगरची, खानू खरिया, रामेश्वर सिंह,दुलका राम शिव धाम मंदिर अध्यक्ष देवनंद सिंह, सचिव जयधन सिंह, कोषाध्यक्ष मनकुंवर सिंह आदि उपस्थित थे।

## दो ओटो व एक बाइक की टक्कर में सात व्यक्ति हुए घायल

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा घाघरा मुख्य पथ 143 ए पर संत मार्क विद्यालय के समीप तीन वाहनों की एक साथ टक्कर होने से सात लोग घायल हो गए। वही घायलों को स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य सेन्हा और निजी अस्पताल में इलाज के लिये पहुंचाया गया।

हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

आवश्यक सूचना

26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस के अवसर पर हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पशु वध एवं माँस–मछली की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी।

अतः आदेश दिया जाता है कि दिनांक 26.01.2024 को कोई भी व्यक्ति पशु वध एवं माँस–मछली की बिक्री नहीं करें, पकड़े जाने पर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, हजारीबाग

PR 316706 (Urban Development and Housing) 23-24 (D)

झारखण्ड सरकार
कृषि ,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग)
कार्यालय – जिला उद्यान पदाधिकारी, हजारीबाग

(राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के लाभ हेतु आम –सूचना)

Ph No : 06546 – 226722 Email – dho.hazaribag@gmail.com

झारखण्ड सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग) के विभागयी राज्यादेश संख्या –04 दिनांक 11.01.2024 के आलोक में कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित इन्टीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हार्टिकल्चर योजना अन्तर्गत राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का कार्यान्वयन हजारीबाग एवं रामगढ़ जिला में निम्नांकित रूप से किया जाना है। जिसके लिए योजनानुसार अवयवार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समूह/ कृषक उत्पादक समूह (थ्व्द्ध सहकारी समिति/ सखी मण्डल जो इस योजना का लाभ लेना चाहते है, वे अपना आवेदन स्थानीय जनप्रतिनिधि से अनुसंशित कराकर दिनांक 05.02.2024 तक कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय, हजारीबाग में जमा कर सकते है।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का भौतिक लक्ष्य (हे0/इकाई/संख्या में)

| क.सं. | कार्य अवयव | UNIT | भौतिक लक्ष्य जिला–हजारीबाग | भौतिक लक्ष्य जिला–रामगढ़ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Seed Production Vegetable & Spices Open pollinated Crops ( Private sector) | Ha | 5 | - |
| 2 | Strawberry ( Int. package with drip irrigation & mulching) | Ha | 5 | 5 |
| 3 | Strawberry (without Integration) | Ha | 0.5 | 0.5 |
| 4 | Papaya ( Int.Package with drip Irrigatrion) | Ha | 7 | 6.25 |
| 5 | Papaya ( without Integration) | Ha | 0.5 | 0.5 |
| 6 | Ultra density (meadow orchard) (Mango, Gauva, Litchi, Pomegranate, Apple , citrus etc. (Int.Package with drip Irrigatrion) | Ha | 0.5 | - |
| 7 | Fruit Crops other Than cost intensive crops using normal spacing (Int.Package with drip Irrigatrion) | Ha | 1 | - |
| 8 | Mango ( 10m x 10m) ( Rs 25000/ ha) | Ha | 10 | 7 |
| 9 | Lime (4 x4.5) ( Rs 54980/ha) | Ha | 10 | 6 |
| 10 | Sapota ( Rs 45400/ ha) | Ha | 5 | 5 |
| 11 | Guava ( 6mx 6m) (Rs 38340/ha) | Ha | 15 | 7 |
| 12 | Pomegranate ( 5m x 5m) | Ha | 5 | 5 |
| 13 | Aomla ( Rs 40008/ha) | Ha | 2 | 2 |
| 14 | Bael ( Rs 48400/ha) | Ha | 2 | 2 |
| 15 | Litchi ( Rs 28000/ha) | Ha | 2 | 2 |
| 16 | Jack fruit ( 10m X 10m) ( Rs 25500/ha) | Ha | 1 | 1 |
| 17 | Vegetable Hybrid ( Rs 50000/ha) | Ha | 75 | 50 |
| 18 | Cut Flowers ( small & Marginal Farmers) ( Rs 1.00 lakh /ha) | Ha | 10 | 5 |
| 19 | Bulbulous Flowers ( small & Marginal Farmers)( Rs 1.50 lakh /ha) | Ha | 10 | 7 |
| 20 | Losse Flowers ( small & Marginal Farmers) ( Rs 40000/ha) | Ha | 10 | 7 |
| 21 | Spices (Seed Spice & Rhizomatic Spices) ( Rs 30000/ ha) | Ha | 14 | 7 |
| 22 | Rejuvenation replacement of senile plantation including canopy management( Rs 40000/ha) | Ha | 1 | - |
| 23 | Green House (N.V.S Tubular Structure) | Sqm | 1000 | - |
| 24 | Shadenate ( Tubular Structure) | Sqm | 3000 | 3000 |
| 25 | Plastic Mulching | Ha | 30 | 30 |
| 26 | Anti Bird/ Anti Hail Nets | Sqm | 2000 | 2000 |
| 27 | Cost of planting material of high value vegetable grown in poly house/ shadenet house | Sqm | 1000 | 1000 |
| 28 | Cost of planting material & Cultination of carnation & Gerbera under poly house& shadenet house | Sqm | 2000 | 1000 |
| 29 | Cost of planting material & Cultination of rose and lilum under poly house / shadenet house | Sqm | 1000 | 1000 |
| 30 | Organic Farming Vermi compost units/organic input production HDPE Vermibed | Nos | 30 | 30 |
| 31 | Pack House/ on farm collection &Storage unit | Nos | 8 | 8 |
| 32 | PHM Primary/mobile/Minimal Processing unit ( DPR Based) | Nos | 1 | 1 |
| 33 | PHM Low Cost Onion storage Structure ( 25MT) | Nos | 2 | 1 |
| 34 | Training of farmers with in the state | Nos | 250 | 250 |
| 35 | Training of farmers Outside the state | Nos | 25 | 25 |
| 36 | Exposure visit of farmers Outside the state | Nos | 25 | 25 |
| 37 | Marketing infrastructure Static Mobile vending Cart/ Plateform with cool chamber) | Nos | 1 | 1 |

1. योजना के क्रियान्वयन में पिछले तीन वर्षों में जिन लाभुक या उनके परिवार का चयन नहीं किया गया है, केवल उन्हीं का चयन किया जायेगा।
2. योजना के क्रियान्वयन में पिछले तीन वर्षों में जिन ग्रामों का चयन नहीं किया गया है, उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
3- ST , SC, टाना भगत, किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) एवं Marginal Farmers का नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जायेगा। साथ ही महिला कृषकों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
4. इस योजना का कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण जिला एवं राज्य पर MIDH मार्गदर्शिका मे निहित प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।
5. आवेदन कार्यालय में पूर्ण रुपेण भरा हुआ दिनांक 05.02.2024 तक जमा किया जाना है, उसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. आवेदन स्थानीय माानीय जनप्रतिनिधि / पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
7. कार्यालय अवधि में ही आवेदन पत्र निःशुल्क उपलब्ध है।
8. आपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
9. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/VLW/उद्यान मित्र/कृषक मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, हजारीबाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
हजारीबाग/रामगढ़

PR 316658 (Agriculture) 23-24 (D)

## चलते चलते एक नजर

### गणतंत्र दिवस परेड का पूर्वाभ्यास प्रारंभ, आठ टुकड़ियां ले रही हैं भाग



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गणतंत्र दिवस पर जिला मुख्यालय गढ़वा में होने वाले मुख्य समारोह में परेड एवं राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास व तैयारी स्थानीय गोविन्द हाई स्कूल के मैदान में प्रारंभ कर दिया गया है। परेड में आठ विभिन्न टुकड़ियां भाग ले रही है। प्राप्त सूचना के अनुसार भाग लेने वाले विभिन्न टुकड़ियों में सीआरपीएफ प्लाटून कमांडर गरीब दास, गढ़वा जिला बल कमान एसआई सदानंद झा, गृह रक्षावाहिनी कमान महेंद्रनाथ महतो, एनसीसी, नामधारी कॉलेज कमान सूरज कुमार तिवारी, एनसीसी सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज कमान मयंक कुमार, एसआईएस, बेलचम्पा कमान राकेश कुमार, आरके पब्लिक स्कूल कमान अंकित कुमार, जीएन कॉन्वेंट स्कूल कमान रितिक सिंह, परेड का फर्स्ट कमान सार्जेंट मेजर ओमप्रकाश दास एवं सेकेंड कमान सार्जेंट पंकज कुमार भारती के नाम शामिल हैं। राष्ट्रगान एवं देशभक्ति गीत, का पूर्वाभ्यास संगीत कला महाविद्यालय एवं ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल की छात्राओं द्वारा संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी के नेतृत्व में किया जा रहा है। परेड का निरीक्षण डीएसपी अवध कुमार द्वारा किया गया। बताया गया कि पूर्वाभ्यास 23 जनवरी तक आयोजित होंगे जबकि 24 जनवरी को फाइनल निरीक्षण उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में किया जाएगा।

### नई अवधारणाओं, नई तकनीकी और नई खोज की ओर ध्यान केंद्रित करना आवश्यकः राज्यपाल

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भविष्य में विकास की गति बनी रहे इसके लिए नई अवधारणाओं, नई तकनीकी और नई खोज की ओर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की मात्रा सीमित है लेकिन विकास के लिए इसका लगातार दोहन किया जा रहा है। हमें वैकल्पिक मेटेरियल के उपयोग की दिशा में कार्य करना पड़ेगा। इस सेमिनार में भाग लेने वाले विद्वान और अनुभवी लोग इस दिशा में अपने विचार साझा करेंगे। राज्यपाल शनिवार को रांची के जेवियर्स कॉलेज में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एडवांस इन नावेल मेटेरियल्स टूवर्ड्स सस्टेनेबल फ्यूचर (आईसीएएन-2024) में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सेंट जेवियर्स कॉलेज का गौरवशाली इतिहास रहा है। यहां के विद्यार्थी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दिया है। यह बहुत गर्व कि बात है की सेंट जेवियर्स कॉलेज के भौतिकी शाखा की स्थापना 1944 ई. में हुई थी। भौतिकी शाखा सहित अन्य विद्यार्थियों को भी इस सेमिनार से विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे नित्य नए बदलाव की जानकारी उन्हें मिलेगी।

# श्री राम के स्वागत के लिए हम बहने प्रफुल्लित : अरुणा शंकर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कोयल रिवर फ्रंट के समीप भाजपा महिला जिला अध्यक्ष सिंटू गुप्ता, रेणुका पांडे, कुसुम लता सिंह ,रूप सिंह, मंजू गुप्ता, रूबी सिंह, ममता कुमारी, सीमा तिवारी, प्रतिमा देवी, सरोज अग्रवाल, पिंकी विश्वकर्मा ,ज्योति अग्रवाल, उषा देवी, सुनीता देवी, चंद्रावती देवी, नीतू सिंह, तरीका सिंह और उषा मकड़िया के साथ राम जानकी मंदिर एवं चित्रगुप्त मंदिर में सफाई करते हुए कहा कि 22 तारीख को श्री रामलला कन-कन में विराज रहे हैं। इसलिए पूरे देश में सभी मंदिरों एवं घर घर की सफाई कर भगवान श्री राम के स्वागत की तैयारी हम बहने एवं समस्त हिंदू भाई बहन अपने अपने स्तर से कर रही हूं ।

यह दिन हम सनातन भाई बहनों के लिए अपने जीवन काल का बहुत बड़ा दिन है। जब हम श्री राम को अपने गर्भगृह में स्थापित होते देखेंगे। इस अवसर पर चेंबर महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला वर्मा, कंचन गुप्ता, राखी सोनी, ममता सिंहा, संध्या अग्रवाल, प्रियंका आनंद साहू, शीला वर्मा, विशेष रूप से उपस्थित होकर मंदिरों के सफाई में योगदान दी।

## अयोध्या श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर रांची में बंट रहे दीप, बढ़ी मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अयोध्या के श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर रांची में सांसद और कई संगठनों के जरिए लोगों के बीच दीप बांटे जा रहे हैं। इससे रांची में दीयों की मांग बढ़ गई है। अब मांग को पूरा करने के लिए ग्रामीण इलाकों, हजारीबाग, चतरा, रामगढ़ जिले से दीया मंगवाना पड़ रहा है।

रांची सांसद संजय सेठ ने जहां पांच लाख दीप बांटने की घोषणा की है, वहीं राष्ट्रीय युवा शक्ति ने एक लाख दीप बांटने की घोषणा की है। इसे रांची के हर घर तक पहुंचाने की योजना बनायी गयी है। राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष उत्तम यादव का कहना है कि 22 जनवरी सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए बहुत बड़ा दिन है। इसलिए एक लाख दीपक घर-घर वितरित किये जायेंगे। इसके अलावा आम लोग और छोटे-बड़े संगठन भी अपने आसपास के लोगों के बीच दीप बांट रहे हैं। इसलिए मिट्टी के दीयों की मांग काफी बढ़ गई है। मांग बढ़ने से दीयों की कीमत पर असर पड़ना भी स्वाभाविक है। 60 पैसे में मिलने वाला छोटा सा दीया अब दोगुनी कीमत एक रुपये 20 पैसे पर बिक रहा है।

इसी प्रकार मध्यम आकार का दीया एक रुपये के स्थान पर दो रुपये तथा बड़ा दीया 10 रुपये प्रति किलो की दर से बेचा जा रहा है। पुरानी रांची कुम्हारटोली के योगेन्द्र प्रजापति कहते हैं कि एक तो मौसम खराब है, दूसरे जनवरी माह में दीए की इतनी मांग कभी नहीं थी।

## रोमांचक मुकाबले में 4 रन से वार्ड चार की टीम विजयी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** डंडा प्रखंड अंतर्गत कूड़ेलवा (भिखही) स्थित खेल मैदान पर ग्रुप बी का सेमीफाईनल मैच वार्ड आठ जूनियर एवं वार्ड चार सीनियर के बिच खेला गया। टॉस जीतकर वार्ड चार की सीनियर टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 15 ओवर में ही 179 रन का स्कोर खड़ा किया। जबाबी पारी खेलने उतरी वार्ड आठ के ओपनर बल्लेबाजो ने तेज शुरुआत किया और 116 रन के स्कोर पर टीम के ओपनर राहुल कुमार का विकेट गिरा। किन्तु इसके बाद बल्लेबाजो ने ख़राब शॉर्ट खेलकर विकेट गवाते चले गये। किन्तु रोमांचक मुकाबले में टीम 4 रन से विजयी रही। सेमीफइनल मैच में अर्जुन कुमार चौधरी ने 40 बॉल पर 80 रन बनाये जिन्हे मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंपायरिंग की भूमिका रवि कुमार और लव चौधरी ने निभायी। मैच प्रारंभ होने के पूर्व ग्राम पंचायत भिखही के मुखिया वीरेंद्र चौधरी ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर सभी से परिचय प्राप्त किया तथा राष्ट्रगान के पश्चात खेल का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर अर्जुन चौधरी, ललन चौधरी, रमेश चौधरी, लव चौधरी, प्रेम चौधरी, केदार चौधरी, उदेश चौधरी, दूदून चौधरी, सूरत चौधरी, विरजू चौधरी, भरदुल चौधरी, अमलेश चौधरी, अमन साह, पंकज साह, प्रवेश साह, राजीव राम, श्यामलाल चौधरी, विनोद चौधरी, मनोज चौधरी, सत्येंद्र चौधरी, यमुना चौधरी, राहुल कुमार, सुमित कुमार, सन्नी कुमार, आशीष कुमार, रवि कुमार बड़ी संख्या में खेल समर्थक शामिल थे।

## पलामू संसदीय क्षेत्र के कई प्रखंडों में आरयूबी निर्माण कार्य की रेलवे बोर्ड से जल्द मिलेगी स्वीकृति : सांसद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरूप पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः पलामू जिला के अंतर्गत विश्रामपुर प्रखण्ड के लालगढ़, पंजरीकला,डाली-हैदरनगर प्रखण्ड, बुड़वापीपर सुआ-डालटनगंज सदर प्रखण्ड, कजरात नावाडीह-हुसैनाबाद प्रखण्ड, बखारी-डालटनगंज सदर,लहर बंजारी-उंटारी रोड प्रखण्ड गढ़वा जिला के अंतर्गत, सोनपुरवा-गढ़वा प्रखण्ड,अहिरपुरवा-नगर उंटारी, कुम्भी- मेराल ब्लॉक में वित्तीय वर्ष 2023-2024 में कार्य को स्वीकृत करने हेतु रेलवे बोर्ड नई दिल्ली को प्रस्तावित किया गया है। विदित है कि उपरोक्त स्थानों पर जनता को आवागमन में हो रही कठिनाईयों को देखते हुए माननीय सांसद के द्वारा वर्ष 2014 से ही विभिन्न स्तरों पर पत्राचार, संसदीय मंडल स्तर की बैठकों, लोकसभा में शून्य काल एवं नियम 377 के तहत उक्त मामले को उठाया गया था तथा माननीय रेल मंत्री भारत सरकार, श्री अश्विनी वैष्णव जी से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर जनता को आवागमन में हो रहीं कठिनाईयों से अवगत कराया गया था एवं एलएचएस निर्माण कराने का अनुरोध किया गया था। साथ ही साथ महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर को दिनांक 14.11.2023 को पत्र लिखकर अनुरोध किया था। उक्त पत्र के आलोक में महाप्रबंधक के कार्यालय के पत्रांक ~ डबलू-1/433/09/पीजी/एमपीएमएलए, दिनांक 12.1.2024, मुख्य सामान्य इंजीनियर श्री धर्म प्रकाश का पत्र प्राप्त हुआ है। उक्त पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है कि उपरोक्त स्थानों पर एलएचएस, रब निर्माण कार्य को स्वीकृति हेतु रेलवे बोर्ड नई दिल्ली को प्रस्तावित किया गया है। सांसद श्री राम के अनुरोध पर रेल मंत्री जी ने वर्ष 2023-2024 में कार्य को स्वीकृत करने का निदेश रेलवे बोर्ड को दिया है। उम्मीद है कि बहुत जल्द उक्त स्थानों एलएचएस/आरयूबी निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। उपरोक्त स्थानों पर एलएचएस,आरयूबी निर्माण होने से जनता को आवागमन में हो रहीं कठिनाईयों से निजात मिल सकेगी।

# हेमंत है तो हिम्मत है, हेमंत है तो किसको दिक्कत है? कल हजारों युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ करने के लिए ईडी की टीम उनके आवास पर पहुंच कर लगातार पूछताछ कर रही है। वहीं दूसरी तरफ राज्य के युवाओं को रोजगार देने का जो वादे कर रखे थे उसे भी पूरा करने की तैयारी अधिकारियों को दे रखी है। तभी तो कहते हैं हेमंत है तो हिम्मत है, हेमंत है तो किसको दिक्कत है। 20जनवरी को ईडी पूछताछ कर रही है लेकिन 22 जनवरी को युवाओं को सौंपेंगे नियुक्त पत्र।

**75 प्रतिशत नियोजन सुनिश्चित करने की ओर मुख्यमंत्री :** राज्य के स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत नियोजन सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार लगातार आगे बढ़ रही है। इस कड़ी को और मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सोमवार (22जनवरी 2024) को 2500 युवाओं को निजी क्षेत्र में ऑफर लेटर सौपेंगे।

**इनको मिलेगा नियुक्त पत्र:** खेलगाँव स्थित टाना भगत स्टेडियम में कौशल प्राप्त युवाओं को अरविंद टेक्सटाइल, किशोर एक्सपोर्ट, श्री गणपति क्रिएशन, अर्बन डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, मैट्रिक्स क्लोथिंग, वेलेंसिया अपैरल्स एवं ओरिएंट क्राफ्ट टेक्सटाइल कंपनियों के लिए ऑफर लेटर सौंपा जायेगा। इससे पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन कर करीब 56 हजार युवाओं को निजी क्षेत्र में ऑफर लेटर प्रदान किया जा चुका है।

**प्लांट्स के शुरू होने से कुल्ही गांव की बदली तस्वीर :** हेमन्त सोरेन के प्रयासों का ही प्रतिफल है कि दिसंबर 2021 में राँची के ओरमांझी स्थित कुल्ही इंडस्ट्रियल एरिया में कई टेक्सटाइल प्लांट्स का शुभारम्भ किया गया था। आज उन प्रयासों से महज तीन वर्ष में 10 हजार से अधिक युवाओं को रांची में रोजगार मिला है। यहां स्थित कपड़े की फैक्ट्रियां न सिर्फ लोगों को रोजगार दे रही हैं, बल्कि उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। यहां काम करने वालों में 90 प्रतिशत महिलाएं हैं। ये सभी युवा कुल्ही स्थित अरविंद टेक्सटाइल, किशोर एक्सपोर्ट, श्री गणपति क्रिएशन, अर्बन डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, मैट्रिक्स क्लोथिंग, वेलेंसिया अपैरल्स एवं ओरिएंट क्राफ्ट की अत्याधुनिक कपड़े की यूनिट्स में काम कर अपना जीवन यापन कर रहें हैं। जिस कुल्ही गाँव में सड़क नहीं थी आज मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि ने कुल्ही गांव की तकदीर और तस्वीर दोनों ही बदल दी है। कुल्ही गांव रोशन है, लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी मिल रही है। प्रत्येक घर में रोजगार है। यहां की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर कार्य कर रहीं हैं।

**विभिन्न राज्यों से लाई गई बेटियों और श्रमिकों को भी मिला रोजगार :** इन उद्योगों में विभिन्न राज्यों में कार्य करने गई झारखण्ड की बेटियों को भी रोजगार से आच्छादित किया गया है। नियोजित बेटियां कोरोना संक्रमण काल में वापस लाई गई थीं या विभिन्न राज्यों में कार्य के दौरान उन्हें बंधक बना कर कार्य लिया जा रहा था। ऐसी सभी बेटियों को मुख्यमंत्री के निर्देश पर वापस झारखण्ड लाकर नियोजित किया गया है। उत्तराखंड के नवनिर्मित टनल हादसे से सुरक्षित रेस्क्यू किए गए कुछ श्रमिकों को भी कुल्ही स्थित प्लांट्स में रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम में गढ़वा के छह खिलाड़ी शामिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** मध्य प्रदेश के इन्दौर में आयोजित 67 वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता और 85वीं कैडेट एवं सब जुनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड की टीम इंदौर रवाना हो गई है। झारखंड राज्य की टीम में गढ़वा जिले के छह खिला?ियों का चयन हुआ है। उक्त जानकारी गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव आनंद सिन्हा ने दी। उन्होने बताया कि 85वीं कैडेट एवं सबजुनियर प्रतियोगिता इन्दौर के अभय प्रशाल स्टेडियम में 21 से 24 जनवरी तक आयोजित है।

एसजीएफआई अन्डर-14 के लिए एनटीसीए आवासीय विद्यालय गढ़वा के हर्षित कुमार पांडेय, अभिजीत यादव और सचिन कुमार का, एसजीएफआई अन्डर-19 बालिका वर्ग में गोविंद उच्च विद्यालय की आयुषी कुमारी पाण्डेय, बालक वर्ग में नेतरहाट आवासीय विद्यालय के अमल कुमार ठाकुर का चयन हुआ है। जबकि 85वीं कैडेट एवं सब जूनियर अन्डर-13 बालक वर्ग में एनटीसीए आवासीय विद्यालय दीपुवां के हर्षित कुमार पांडेय एवं सचिन कुमार, अन्डर-15 बालिका वर्ग में शांति निवास हाई स्कूल की अंजली कुमारी के नाम शामिल हैं। वही टीम का कोच कमलेश कुमार दुबे को बनाया गया है। नेशनल प्रतियोगिता में चयन पर गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारी, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वालों में संघ के संरक्षक अलखनाथ पाण्डेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, प्रिंस सोनी, कमलेश दुबे, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, नंदकुमार गुप्ता, सुशील कुमार केसरी, सियाराम शरण वर्मा, विनोद कमलापुरी, अशोक विश्वकर्मा, मुजीबुद्दीन खान, संजय सोनी, सुधीर पाठक, सिस्टर रोशना, अमोद कुमार पांडेय, अजय कुमार ठाकुर, नवनीत शुक्ला, अभय कुमार, प्रवीण मिश्रा, मिथिलेश सिंह, नागेंद्र चौधरी, धनंजय पाण्डेय, उमेश यादव, शांति निवास की प्राचार्या सिस्टर रौशना, एनटीसीए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभय कुमार, गोविंद उच्च विद्यालय के प्राचार्य विश्वविजय सिंह आदि के नाम शामिल हैं।

## ड्रग तस्करी के आरोपित विदेशी नागरिक के पेट से निकाली छह करोड़ की कोकीन

**मुंबई :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई)की टीम द्वारा मुंबई में गिरफ्तार विदेशी नागरिक के पेट से डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर कोकीन से भरे 57 कैप्सूल निकाले हैं। इस कोकीन की कीमत 6 करोड़ रुपये आंकी गई है। डीआरआई की टीम कोकीन भरे कैप्सूल कब्जे में लेकर आरोपित से गहन पूछताछ कर रही है। डीआरआई सूत्रों ने शनिवार को मीडिया को बताया कि वेनेजुएला के एक नागरिक द्वारा ड्रग लाने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर इसे 16 जनवरी को मुंबई एयरपोर्ट से हिरासत में लिया गया था। अधिकारियों को उसके पेट में कोकीन होने का संदेह था लेकिन आरोपित बार-बार खुद को निर्दोष बता रहा था। इसलिए कोर्ट से आरोपित की मेडिकल जांच कराने की इजाजत मांगी गई थी। कोर्ट से अनुमति मिलने पर आरोपित को जे.जे. अस्पताल में भर्ती करवाया गया और उसकी एक्स-रे और सोनोग्राफी कराई गई।

झारखण्ड सरकार

परिवार कल्याण दिवस

प्रत्येक माह की 21 तारीख को
आयुष्मान आरोग्य मंदिर/शहरी स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
में परिवार नियोजन की सेवाएं

अवकाश की स्थिति में आगामी कार्य दिवस पर

परिवार कल्याण के लक्ष्य समूह-

- नव विवाहित दम्पत्ति
- एक बच्चे वाले योग्य दम्पत्ति
- जटिल गर्भावस्था वाली महिलाएं
- दो या दो से अधिक बच्चों वाले योग्य दम्पत्ति
- युवक–युवती

गतिविधियाँ

- परिवार नियोजन पर परामर्श
- अस्थाई विधियों का वितरण एवं अन्य परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता
- धात्री माता एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य संबंधी सलाह
- पोस्टर पेंटिंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता
- आदर्श दम्पत्ति का सम्मान

जोड़ी जिम्मेदार जो प्लान करे परिवार

"आजादी के अमृत महोत्सव में हम ले ये संकल्प,
परिवार नियोजन को बनाएंगे, खुशियों का विकल्प।"

परिवार नियोजन की विधियाँ

स्थायी विधियाँ: पुरुष नसबंदी, महिला नसबंदी

अस्थायी विधियाँ: इंजेक्शन एम.पी.ए, आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली, गर्भ निरोधक गोलियाँ, कॉपर आई.यू.सी.डी 375 आई.यू.सी.डी 380 A, कंडोम

104 चिकित्सा सलाह – 24x7 Health Information Helpline

फिक्स डे एप्रोच के तहत प्रत्येक सप्ताह के
मंगलवार या शुक्रवार को परिवार नियोजन की सेवाएं

108 24x7 एम्बुलेंस सेवा

अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र या जिला अस्पताल से सम्पर्क करें।

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग,
झारखण्ड सरकार

PR NO -316529 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24